फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 22 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 34, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अंतरिक्ष में मिला हिममानव जैसा धूमकेतु 16

धोनी ने गायकवाड़ को सौंपी सीएसके की कमान 15

सेना में नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

- एसटीएफ ने देहरादून से पकड़ा, दिल्ली निवासी युवक कई बेरोजगारों से ऐंठ चुका है लाखों रुपये

अमृत विचार : सेना में नौकरी दिलाने का झांसा देने वाले गैंग के सरगना को एसटीएफ ने देहरादून से गिरफ्तार किया है। सरगना अपने नेटवर्क के जरिए युवाओं को नौकरी का झांसा देता था और लाखों रुपये ऐंठने के बाद गायब हो जाता था। एसटीएफ को उसकी पिछले तीन माह से तलाश थी।

एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि पंकज सिंह निवासी बपरोला पश्चिमी दिल्ली ने पर्वतीय इलाकों के शिक्षित बेरोजगारों को सेना में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी को अंजाम दिया था। अपने नेटवर्क के जरिए वह युवाओं को अपने जाल में फंसाता था। 16 दिसंबर 2023 को प्रभारी निरीक्षक जौलजीवी ने ठगी का मुकदमा पंजीकृत कर मुख्य सरगना पंकज की गिरफ्तारी के अथक प्रयास किए। बावजूद मुख्य आरोपी गिरफ्तार नहीं हो पाया था, जबकि नेटवर्क से जुड़े तीन आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया था।

एसएसपी ने बताया कि जनवरी में फरार चल रहे मुख्य आरोपी पर 10 हजार का इनाम घोषित होने के बाद कुमाऊं एसटीएफ को गिरफ्तारी का जिम्मा मिला, जिसके बाद बुधवार को इनपुट मिला कि मुख्य आरोपी पंकज देहरादून के राजपुर रोड में देखा गया है। एसटीएफ देहरादून व कुमाऊं की संयुक्त टीम ने दबिश देकर इनामी फरार मुख्य सरगना को गिरफ्तार कर लिया।

लोकसभा चुनाव : दूसरे दिन पांचों सीटों पर 44 नामांकन पत्र लिए

हल्द्वानी / देहरादून

- अल्मोड़ा सीट पर पीपीआई प्रत्याशी ने किया पहला नामांकन
- हरिद्वार में निर्दलीय विधायक उमेश कुमार ने किया नामांकन

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में नामांकन के दूसरे दिन अल्मोड़ा संसदीय सीट पर पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया है। हरिद्वार संसदीय सीट पर खानपुर से निर्दलीय विधायक उमेश कुमार ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया। राज्य की अन्य तीन सीटों पर किसी ने भी नामांकन दाखिल नहीं किया। पांचों सीटों के लिए दूसरे दिन कुल 44 नामांकन पत्र लिए गए।

रुद्रपुर में नामांकन के दूसरे दिन भी नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट के लिए किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। जिला निर्वाचन अधिकारी व रिटर्निंग ऑफिसर उदयराज सिंह ने बताया कि नामांकन के दूसरे दिन उत्तराखंड क्रांति दल के प्रत्याशी के लिए शिव सिंह रावत पुत्र आनंद सिंह रावत के लिए आनंद सिंह असगोला ने दो सैट नामांकन पत्र लिए। निर्दलीय हितेश पाठक पुत्र कैलाश चंद पाठक के लिए राकेश भट्ट पुत्र गिरीश चंद्र भट्ट, चंद्रशेखर तिवारी पुत्र हरीश चंद्र तिवारी ने दो-दो सैट नामांकन पत्र लिए। एक अन्य निर्दलीय सुरेंद्र सिंह पुत्र बिरेन्द्र सिंह ने नामांकन पत्र लिए।

अल्मोड़ा में नामांकन के दूसरे दिन पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के उम्मीदवार डॉ. प्रमोद कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। गुरुवार को कुल दस नामांकन पत्र खरीदे गए। जिनमें से चार नामांकन पत्र कुंदन सिंह भंडारी ने कांग्रेस पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार प्रदीप टम्टा के नाम से खरीदे। गिरीश नाथ गोस्वामी ने भी उत्तराखंड क्रांति दल के उम्मीदवार अर्जुन देव के नाम पर चार नामांकन पत्र खरीदे। जबकि एक नामांकन प्रपत्र निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में स्वयं अर्जुन कुमार ने खरीदा। भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा के नाम पर भी एक नामांकन पत्र भाजपा के कुंदन लटवाल ने लिया।

हरिद्वार लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस से तेलूराम ने दो सेट, यूकेडी से मोहन सिंह असवाल ने दो सेट, आम इंसान विकास पार्टी से आकिल अहमद ने दो, निर्दलीय में नूर मोहम्मद ने एक, अकरम हुसैन ने एक, प्रबोध चंद डबराल ने दो, विजय कुमार ने दो नामांकन फार्म लिए। दूसरे दिन खानपुर क्षेत्र से निर्दलीय विधायक उमेश कुमार ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। अभी तक हरिद्वार सीट पर एक नामांकन हुआ है। टिहरी गढ़वाल संसदीय सीट के लिए नामांकन के दूसरे दिन भी कोई नामांकन नहीं हुआ। टिहरी गढ़वाल सीट के लिए नामांकन देहरादून कलक्ट्रेट में हो रहे हैं। निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सोनिका ने बताया कि गुरुवार को दो प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों द्वारा छह नामांकन पत्र लिए गए। अब तक सात प्रत्याशियों के लिए 12 नामांकन पत्र लिए गए हैं। इधर, पौड़ी गढ़वाल संसदीय सीट पर दूसरे दिन भी कोई नामांकन नहीं हुआ। गुरुवार को कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल के लिए अद्वैत बहुगुणा ने नामांकन पत्र लिया। बसपा प्रत्याशी धीर सिंह बिष्ट के लिए सुबोध कुमार ने और उत्तराखंड समानता पार्टी प्रत्याशी विनोद शर्मा के लिए विक्रम राणा, उक्रांद प्रत्याशी आशुतोष नेगी व सैनिक समाज पार्टी के प्रत्याशी मुकेश चंद्र ने भी नामांकन पत्र लिए। कुल नौ नामांकन पत्र लिए गए।

एक नजर

अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने की उम्मीद

जम्मू। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने की संभावना है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उपराज्यपाल एवं श्रीअमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने यात्रा की व्यवस्था और तैयारियों पर चर्चा के लिए यहां राजभवन में एक बैठक की अध्यक्षता की। यह 52 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून को शुरू होने के बाद 19 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी।

ईडी के अधिकारियों के खिलाफ नोटिस पर रोक

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामले में राज्य पुलिस के नोटिस पर गुरुवार को रोक लगा दी। सोरेन ने 29 जनवरी को दिल्ली स्थित उनके आवास पर एजेंसी द्वारा की गई छापेमारी के संबंध में रांची के अजा/अजजा पुलिस थाने में ईडी के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत ईडी अधिकारियों को नोटिस जारी किया था। इस नोटिस के तहत अधिकारियों को जांच अधिकारी के सामने पेश होकर बात रखने को कहा गया था।

आबकारी नीति मामले में ईडी ने केजरीवाल को किया गिरफ्तार

गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची आप, सुनवाई की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईडी ने मुख्यमंत्री के आवास पर ली तलाशी, दो घंटे तक पूछताछ
- गिरफ्तारी से राहत को लगाई थी गुहार, हाईकोर्ट ने किया इनकार
- मेडिकल कराया, मुख्यमंत्री को आज कोर्ट में पेश करेगी एजेंसी

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी। ● एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राहत देने से इनकार करने के कुछ घंटों बाद, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम गुरुवार शाम यहां उनके आवास पर तलाशी लेने पहुंची और उन्हें आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में जांच में शामिल होने के लिए समन सौंपा। तकरीबन दो घंटे की पूछताछ के बाद ईडी उन्हें गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। इससे पहले ईडी की छह सदस्यीय टीम, दिल्ली पुलिस के कर्मियों साथ राजधानी में फ्लैगस्टाफ रोड स्थित केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर पहुंची और उन्हें समन देने के बाद पूछताछ शुरू की। ईडी की कार्रवाई की जानकारी पाकर भारी संख्या में आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ता, समर्थक और विधायक मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंच गए और नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामा बढ़ता देखकर पुलिस ने तमाम कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। इनमें कई विधायक भी बताए जा रहे हैं। उधर केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप सुप्रीम कोर्ट पहुंची है और रात में ही सुनवाई की मांग की है।

सूत्रों के अनुसार गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल को मेडिकल के लिए ले जाया जा रहा है। ईडी शुक्रवार को उन्हें कोर्ट में पेश करेगी। हालांकि एजेंसी की संभावित कार्रवाई के बारे में तत्काल कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हाईकोर्ट ने केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दंडात्मक कार्रवाई से राहत प्रदान करने से इनकार कर दिया। इस बीच, केजरीवाल ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। ईडी टीम के पहुंचने के तुरंत बाद केजरीवाल के आवास पर पहुंचे आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने संवाददाताओं से कहा कि ऐसा लगता है कि ईडी छापेमारी कर रही है। मुझे अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई।

ईडी के अधिकारी केजरीवाल के आवास पर पहुंचे, दिल्ली पुलिस और त्वरित कार्रवाई बल (आरएएफ) तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कर्मियों को मुख्यमंत्री आवास के आसपास तैनात किया गया। सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती इसलिए की गई क्योंकि ईडी ने आप समर्थकों के विरोध प्रदर्शन की आशंका के चलते अतिरिक्त सुरक्षा की मांग की थी। केजरीवाल को ईडी ने नौ बार समन भेजा था लेकिन वह पेश नहीं हुए। पीठ ने संरक्षण के अनुरोध संबंधी केजरीवाल की अर्जी को 22 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। समन को चुनौती देने वाली उनकी मुख्य याचिका पर भी उसी दिन (22 अप्रैल को) सुनवाई होगी। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित है। बाद में इस नीति को रद कर दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर एसबीआई ने दाखिल किया शपथ पत्र

चुनाव आयोग को दी चुनावी बॉण्ड की सभी जानकारियां

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसने चुनावी बॉण्ड के संबंध में अपने पास मौजूद सारी जानकारी निर्वाचन आयोग को उपलब्ध करा दी है।

शीर्ष अदालत में दाखिल एक अनुपालन हलफनामे में एसबीआई के अध्यक्ष ने कहा कि साइबर सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दलों के बैंक खाते की पूरी संख्या और केवाईसी के विवरण सार्वजनिक नहीं किए गए। बैंक के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा द्वारा दाखिल हलफनामे में कहा गया कि इसी तरह, सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए दानदाताओं के केवाईसी विवरण भी सार्वजनिक नहीं किए गए। हालांकि, तथ्य यह भी है कि ऐसी जानकारी प्रणाली में दर्ज/संकलित नहीं की जाती है। राजनीतिक दलों की पहचान के लिए ये आवश्यक भी नहीं हैं। हलफनामे में कहा गया है कि एसबीआई ने जानकारी का खुलासा किया है, जिसमें बॉण्ड के खरीदार का नाम, उसका मूल्य और विशिष्ट संख्या, इसे भुनाने वाली पार्टी का नाम और बैंक खाता संख्या के अंतिम चार अंक दर्शाए गए हैं। हलफनामे में कहा गया कि एसबीआई ने 15 फरवरी, 2024 और 18 मार्च 2024 को शीर्ष कोर्ट द्वारा पारित आदेशानुसार अब सभी विवरणों का खुलासा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मार्च को एसबीआई को फटकार लगाते हुए उसे मनमाना रवैया न अपनाने और 21 मार्च तक चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित सभी जानकारियों का खुलासा करने को कहा था। इससे पहले, 15 फरवरी को एक फैसले में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केंद्र की विवादास्पद चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था।

फैक्ट चेक यूनिट पर केंद्र की अधिसूचना पर रोक

सुप्रीम कोर्ट ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव का विश्लेषण करने को अनावश्यक बताते हुए फैक्ट चेक यूनिट से संबंधित केंद्र सरकार की 20 मार्च 2024 की अधिसूचना पर गुरुवार को अंतरिम रोक लगा दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने स्टैंड अप कॉमेडियन कुणाल कामरान और एडिटर्स गिल्ड की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के संचालन को निलंबित कर दिया। पीठ ने कहा कि इससे संबंधित मामला हाईकोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। ऐसे में हम निर्णय लेने से बच रहे हैं।

निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने दो नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली अर्जियां गुरुवार को खारिज करते हुए कहा कि चुनाव नजदीक हैं और इससे अव्यवस्था और अनिश्चितता की स्थिति बनेगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यालय शर्तें) अधिनियम, 2023 पर भी अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि वह अधिनियम, 2023 की वैधता को चुनौती देने वाली मुख्य याचिकाओं पर गौर करेगी। पीठ ने केंद्र से छह सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा और मामले की अगली सुनवाई पांच अगस्त को नियत की।

कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु करने की हो रही कोशिश

नई दिल्ली, एजेंसी

- बैंक खाता सीज किए जाने पर पार्टी के वरिष्ठ नेता हुए मुखर
- खाते में 285 करोड़ रुपये लेकिन चुनावी खर्च के लिए संकट
- पार्टी अध्यक्ष खरगे, सोनिया और राहुल गांधी केंद्र पर हमलावर

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के बीच पार्टी के बैंक खाते सीज करने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह की आपराधिक कार्रवाई करार देते हुए गुरुवार को कहा कि इस तरह की कार्रवाई सोची समझी रणनीति का हिस्सा है और इसका मकसद कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाना है। । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस सांसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित विशेष सयुंक्त संवाददाता सम्मेलन में गुरुवार को कहा कि उसके खाते सोजी समझी रणनीति के तहत और मोदी तथा शाह की सह पर सीज किए गए हैं ताकि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी के बैंक खाते में 285 करोड़ रुपये जमा हैं लेकिन चुनाव के वक्त उस पैसे का इस्तेमाल खाते सीज होने की वजह से नहीं किया जा सकता है।

पार्टी के लिए बैनर, पोस्टर छपवाने तथा प्रचार का काम करना मुश्किल हो गया है और यह कदम साजिश के तहत उठाया गया है। इससे लोकतांत्रिक अधिकारों को खत्म किया जा रहा है और जो अवसर एक राजनीतिक दल को लोकतंत्र में मिलने चाहिए उसे खत्म किया जा रहा है। खरगे ने कहा कि 18वीं लोकसभा के आम चुनाव की घोषणा हो चुकी है। एक ओर साज़िशन मुख्य विपक्षी दल के खाते सीज कर रहे हैं और दूसरी ओर मौजूदा सत्ताधारी दल ने चुनावी बॉण्ड से चुनावी चंदा लेकर अपने अकाउंट भर लिए हैं। यह सत्ताधारी दल द्वारा समान अवसर को खत्म करने के लिए एक ख़तरनाक खेल खेला गया है।

आसन्न हार से हताश कांग्रेस बना रही बहाने

नई दिल्ली। भाजपा ने बैंक खातों को 'फ्रीज' करने के कांग्रेस के आरोपों को गुरुवार को खारिज कर दिया और दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में आसन्न हार को देखते हुए वह पूरी तरह से हताशा में बहाने बना रही है। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर इस मुद्दे पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और सोनिया गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि दोनों ने अपनी गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियों से वैश्विक स्तर पर भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार किया है। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने समय पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया, जिसके कारण उसके खाते फ्रीज किए गए।

बदायूं हत्याकांड : दूसरे हत्यारोपी जावेद को ऑटो चालकों ने बरेली से दबोचा

कार्यालय संवाददाता, बरेली/ बदायूं

- पकड़ा गया तो की आत्मसमर्पण के लिए पुलिस को बुलाने की फरियाद

अमृत विचार : बदायूं में दो बच्चों की गला काटकर हत्या के मामले में दूसरे आरोपी जावेद को गुरुवार तड़के सेटेलाइट बस स्टैंड पर कुछ ऑटो चालकों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बताया जा रहा है कि हत्या के बाद दिल्ली भागा जावेद लखीमपुर खीरी जाने के लिए सेटेलाइट स्टैंड पहुंचा था, जहां उसे एक ऑटो चालक पहचानने के बाद अपने साथियों की मदद से दबोच लिया। रात में बदायूं पुलिस बरेली आकर जावेद को अपने साथ ले गई। पूछताछ में जावेद ने बताया कि उसके भाई साजिद के बच्चे नहीं हो रहे थे। वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। बच्चों से नफरत करता था।

बदायूं की बाबा कॉलोनी में ठेकेदार विनोद कुमार के दो नाबालिग बेटों की 19 मार्च की देर शाम हत्या करने वाले साजिद को पुलिस ने मुठभेड़ में उसी रात मार गिराया था मगर हत्या के दौरान उसके साथ रहा उसका भाई जावेद फरार हो गया था।

गुरुवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे उसे कुछ ऑटो चालकों ने सेटेलाइट बस स्टैंड पर दबोच लिया। बताया जा रहा है कि जावेद लखीमपुर खीरी जाने की फिराक में था और दिल्ली की बस से बरेली पुराने रोडवेज बस अड्डे पर उतरने के बाद साहिल मौर्य के ऑटो में बैठकर सेटेलाइट स्टैंड पहुंचा था। रास्ते में ही साहिल को उस पर शक हुआ तो उसने सेटेलाइट पहुंचकर अपने साथी अभिषेक प्रताप सिंह, शेखर यादव और विकास सोनकर को इकट्ठा कर जावेद को रोक लिया। उसने भागने की कोशिश की तो ऑटो चालकों ने दौड़कर उसे पकड़ लिया।

67,450 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर सोना

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव मजबूत वैश्विक रुझानों के बाद 1,130 रुपये के उछाल के साथ 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,320 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,100 रुपये की तेजी के साथ 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 76,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा कि दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थी।

भोजशाला परिसर का आज से सर्वेक्षण करेगा एएसआई

इंदौर, एजेंसी

- सर्वेक्षण के मद्देनजर किए गए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) धार के विवादास्पद भोजशाला परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण शुक्रवार अलसुबह से शुरू करेगा।

एएसआई की ओर से स्थानीय पुलिस और प्रशासन को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि हाईकोर्ट की इंदौर पीठ के आदेश के अनुसार भोजशाला परिसर का पुरातत्व सर्वेक्षण या वैज्ञानिक जांच अथवा खुदाई 22 मार्च (शुक्रवार) की अलसुबह से शुरू की जाएगी। धार के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने एएसआई का यह पत्र मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि भोजशाला परिसर में एएसआई के सर्वेक्षण के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। एएसआई के संरक्षित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को हिन्दू वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला की मस्जिद बताता है। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने 11 मार्च को एएसआई को वैज्ञानिक सर्वेक्षण निर्देश दिए थे।

संरक्षण कॉर्बेट नेशनल पार्क में जलीय जीवों की गिनती हुई पूरी, 197 मगरमच्छ, 183 घड़ियाल और 161 ऊदबिलाव मिले, घड़ियाल की संख्या में हुई 81 प्रतिशत वृद्धि

पार्क में बढ़ रहे हैं मगरमच्छ और घड़ियाल, कम हो रहे ऊदबिलाव

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कॉर्बेट नेशनल पार्क में जलीय जीवों मगरमच्छ, घड़ियाल, ऊदबिलाव की गिनती पूरी हो गई है। पार्क में 197 मगरमच्छ और 183 घड़ियाल मिले हैं, इनकी संख्या में तो उत्साही परिणाम हैं। वहीं 161 ऊदबिलाव मिले हैं हालांकि इनकी संख्या में कमी आई है। इसके बाद पार्क प्रशासन इन जलीय जीवों के संरक्षण व संवर्द्धन की योजना बना रहा है।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत रामनगर, कालागढ़ टाइगर रिजर्व समेत सभी 12 वन रेंजों में बीती 5 से 7 मार्च तक तीन दिनी जलीय जीवों की गणना का परिणाम आ गया है। वन अधिकारियों के अनुसार, गणना में वन व वॉलंटियर्स की टीम ने कॉर्बेट नेशनल पार्क में बहने वाली सोना नदी समेत अन्य नदियों, तालाब, कालागढ़ डैम वगैरह में डायरेक्ट साइटिंग मैथड से मगरमच्छ, ऊदबिलाव, घड़ियाल की गिनती की। सभी 12 रेंजों में अलग-अलग टीमों की गणना के परिणामों को संकलन किया गया। इसके बाद गुरुवार को पार्क प्रशासन ने नतीजे जारी किए। गणना के अनुसार मगरमच्छ की संख्या में पिछले वर्ष की अपेक्षा 68 और घड़ियाल की संख्या में 81 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि ऊदबिलाव की संख्या में 22 प्रतिशत की कमी आई है। इसके बाद पार्क प्रशासन ने इन जलीय जीवों के संरक्षण व संवर्द्धन पर काम शुरू कर दिया है।

जलीय जीव	2023	2024
मगरमच्छ	129	197
घड़ियाल	102	183
ऊद बिलाव	183	161

ऐसे होती है डायरेक्ट साइटिंग मैथड से गणना

जलीय जीवों की गणना में लगे कर्मी, वॉलंटियर्स जलाशयों, बांध, नदियों किनारे प्रत्यक्ष रूप से देखकर गिनती करते हैं। जलाशयों से जीव बाहर आ सकें इसलिए निरंतर निगरानी की जाती है ताकि कोई भी जीव छूट नहीं जाए।

> जलीय जीवों की गणना में मगरमच्छ व घड़ियाल के परिणाम उत्साहजनक हैं लेकिन ऊदबिलाव की कमी होना चिंताग्रस्त है। दुर्लभ प्रजाति के ऊदबिलाव के संरक्षण के लिए जलाशयों के समीप ट्रैपिंग कैमरा लगाया जाएगा साथ ही संरक्षण के लिए योजना बनाई जाएगी।
>
> **–दिंगथ नायक,** उप निदेशक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व

15वें वित्त से जल संरक्षण के लिए मिले डेढ़ करोड़

नैनीताल में नगर पालिका शहर के 11 मुख्य जलस्रोतों को संवारेगी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित प्राकृतिक जलस्रोतों को अब संवारा जाएगा। नगर पालिका शहर के स्रोतों को पुर्नजीवित करने की योजना बना रही है। पहले चरण में 11 मुख्य स्रोतों को चिह्नित कर प्रस्ताव जल निगम को भेजने की तैयारी की जा रही है। साथ ही वार्डवार सर्वे कर शेष स्रोतों को भी चिह्नित किया जाएगा। नगर में लगभग दो दर्जन से अधिक प्राकृतिक जलस्रोत हैं।

इससे वर्षभर नैनीझील को भी पानी की आपूर्ति होती है। मगर संरक्षण के अभाव में कई स्रोत या तो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच चुके हैं या फिर स्रोतों का पानी सूखने की कगार पर पहुंच गया है।

अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने बताया कि 15वें वित्त से जल संरक्षण को लेकर मिला करीब डेढ़ करोड़ का बजट पालिका के पास है। इससे शहर के जलस्रोतों को पुनर्जीवित किया जाएगा। फिलहाल शहर के सिपाही धारा, पर्दाधारा, चूना धारा, गौमुख धारा, स्प्रींग फिल्ड धारा, पाइंस शव विश्राम स्थल, गुफा महादेव, नारायण नगर, मल्लीताल राजपुरा समेत ग्यारह स्थानों के जलस्रोतों को चिह्नित किया गया है। साथ ही विभागीय कर्मियों को वार्डवार अन्य स्रोतों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

कुमाउनी संस्कृति की तर्ज पर संवारे जाएंगे जलस्रोत

अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने बताया कि जलस्रोतों को पुर्नजीवित करने के लिए चाल-खाल, पौधारोपण जैसे जलस्तर बढ़ाने वाले कार्य किये जाएंगे। स्रोत की मुख्यधारा में छेड़छाड़ किए बिना उसे कुमाउनी संस्कृति की तर्ज पर संवारा जाएगा। जिस तरह से ग्रामीण क्षेत्रों में नौले व धारे निर्मित किए जाते थे, स्रोतों को वैसा ही स्वरुप दिया जाएगा। बताया कि 11 धारों को पुर्नजीवित करने का प्रस्ताव बना दिया गया है। जल निगम को प्रस्ताव भेजे जाएंगे।

नल तक उखाड़ ले गए कबाड़ी

भीमताल : भीमताल के मल्लीताल बाजार में युवक-युवती कबाड़ियों को व्यापारियों ने चोरी के नल के साथ पकड़ लिया। व्यापारियों ने उनसे चोरी का सामान भी बरामद कर लिया। जानकारी के अनुसार पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज जोशी रोज की तरह सवेरे सैर को निकले तो उनको मल्लीताल बाजार में उनको एक युवक और युवती कबाड़ के दो बड़े थैलों के साथ दिखाई दिए। कुछ देर बाद जब वे बाजार में पहुंचे तो पता चला कि क्षेत्र के एक शिक्षक के मकान में कोई सवेरे पानी के नल को पूरा उखाड़ ले गया है। उन्हें शक हुआ तो उन्होंने इसकी जानकारी शिक्षक को दी। दोनों कबाड़ बीनने वाले बाजार में मिल गए। उनके सामान की जांच करने पर चोरी किया हुआ पूरा सामान बरामद हो गया। स्थानीय व्यापारियों ने अवगत कराया कि शीघ्र ही एक शिष्टमंडल थानाध्यक्ष से मिलेगा और मामले की जानकारी देगा।

बोर्ड परिषद की सचिव से मिला शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल

अपर सचिव को ज्ञापन देते शिक्षक। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. विवेक पांडेय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की सचिव डॉ. नीता तिवारी एवं अपर सचिव विनोद कुमार सिमल्टी, बृज मोहन रावत से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष नैनीताल डॉ. विवेक पांडे ने बताया कि गर्मी को देखते हुए मूल्यांकन को आगे पीछे किए जाने का अनुरोध किया। जिलामंत्री नैनीताल नमिता पाठक ने पाठ्यक्रम में बाहर से आए प्रश्नों पर 'बोनस अंक' को प्रमुखता से उठाया।

राजकीय शिक्षक संघ के पूर्व मंडलीय मंत्री नवेंदु मठपाल ने परिषदीय परीक्षा व मूल्यांकन से संबंधित सभी प्रकार के पारिश्रमिकों को बढ़ाए जाने की मांग की। बोर्ड सचिव डॉ. नीता तिवारी ने सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वार्ता में संरक्षक रेखा धानिक, संयुक्त मंत्री नैनीताल त्रिलोक बृजवासी, संगठन मंत्री नैनीताल गिरीश कांडपाल, ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर संजीव कुमार, ब्लॉक मंत्री रामनगर अनिल कड़ाकोटी आदि शामिल रहे।

एक नजर

विद्यालय के आवासीय परिसर में बाहरी श्रमिकों का कब्जा

गरमपानी : समीपवर्ती भुजान क्षेत्र में स्थित राजकीय अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज के आवासीय परिसर में बाहरी राज्यों के मजदूरों ने कब्जा जमा लिया है। बाहरी मजदूरों के आवासीय परिसर में डेरा डाल दिए जाने से तमाम गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य भंवर सिंह के अनुसार मजदूरों के आवासीय परिसर में रहने की जानकारी मिलने पर उन्हें हटाने के लिए राजस्व उपनिरीक्षक को कहा गया है। अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज भुजान के ठीक नीचे विद्यालय की आवासीय परिसर है। अनदेखी का शिकार होने से आवासीय परिसर बदहाल हालत में पहुंच चुका है। निगरानी के अभाव में आवासीय परिसर खस्ताहाल हो चुका है। देखरेख न होने से अब बाहरी राज्यों से काम की तलाश में पहुंचे श्रमिकों ने अब आवासीय परिसर में कब्जा कर लिया है। बच्चों व महिलाओं के साथ आवासीय परिसर में रह रहे श्रमिक नजदीक ही बहने वाली जीवनदायिनी कोसी नदी में खुले में शौच कर नदी को प्रदूषित करने में जुटे हुए हैं।

कॉर्बेट पार्क में पेड़ काटने के दोनों आरोपी जेल भेजे

36 पेड़ काटने का मामला

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की बेला रेंज के अंतर्गत बेला भाबर ब्लॉक पथरूवा पूर्वी बीट में काटे गए यूकेलिप्टिस के 36 पेड़ों की बल्लियों को सीटीआर ने कब्जे में ले लिया है। साथ ही गिरफ्तार आरोपी वन गुर्जर मो. गफूर पुत्र गुलाम रसूल निवासी ग्राम कुमुगडार व शमशेर अली पुत्र आलम गीर निवासी कुमुगडार को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के पास से बरामद दो बुग्गियों एवं एक बाइक को भी जब्त कर लिया गया है। सीटीआर के निदेशक डॉ. धीरज पांडे ने घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने बताया कि मामले में एक वन दरोगा और एक वन आरक्षी को निलंबित किया गया है। मामले की सघन जांच उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ उप. प्रभाग को दी गयी है। जांच में यदि कोई और भी दोषी पाया गया तो उस पर भी कार्रवाई होनी तय है।

वन चौकियों का पूरा स्टाफ हटाया गया

36 पेड़ों को काटे जाने के बाद सीटीआर प्रशासन सख्त हो गया है। ढेला रेंज की चौकी नंबर 7 व 15 फूटी में तैनात पूरे स्टाफ को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। वन क्षेत्राधिकारी अजय कुमार ध्यानी ने बताया कि दोनों चौकियों पर नया स्टाफ तैनात कर दिया गया है। पूरे प्रकरण की बारीकी से जांच की जा रही है।

क्रिकेट में महादेव क्लब तिपोला विजेता

गरमपानी, अमृत विचार : समीपवर्ती तिपोला गांव में हुए किक्रेट चैम्पियनशिप का फाइनल मुकाबला महादेव क्लब तिपोला ने जीत लिया। विजेता टीम ने रोमांचक मुकाबले में भूमिया क्लब टूनाकोट को 67 रन से मात दी। विधायक डा. प्रमोद नैनवाल ने विजेता व उपविजेता टीम को चमचमाती ट्रॉफी भेंट की।

तिपोला स्थित खेल मैदान में खेली जा रही क्रिकेट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबले का शुभारंभ विधायक डा. प्रमोद नैनवाल ने किया। विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल मैदान पर खेल भावना का परिचय दे उत्कृष्ट प्रदर्शन का उद्घाटन किया। क्रिकेट चैंपियनशिप के आयोजन पर आयोजन समिति के प्रयासों की भी सराहना की। फाइनल मुकाबले में महादेव क्लब तिपोला की टीम ने टॉस जीतकर कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया।

जिसे तस्कर बताया वह तीसरी बार बरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

कोर्ट में खुली कारस्तानी

- पहली बार सील में लगा दी थी एसडीएम की मुहर
- अबकी बार सील कच्ची शराब बगैर दस्तखत पेश की

अमृत विचार : सरकारी कागज का पेट भरने और अपनी पीठ थपथपाने के लिए पुलिस ने एक बेकसूर को शराब तस्कर बना डाला। चोरगलिया पुलिस ने ऐसा एक नहीं कई बार किया और हर बार पुलिस अपने ही बनाए फर्जी जाल में फंस गई। ये तीसरा मौका है जब कोर्ट ने आरोपी को बरी किया है।

मामले में आरोपी बसंतपुर चोरगलिया निवासी सोनू राम की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता राजन सिंह मेहरा ने बताया कि चोरगलिया पुलिस ने सोनू को 29 सितम्बर 2020 को रामबाग से अंदर जंगल मे बने नलकूप से गिरफ्तार किया था और सोनू के पास से 30 पाउच कच्ची शराब की बरामदगी दिखाई थी। शराब बरामदगी का नमूना भी लिया लेकिन कोर्ट में पेश नहीं किया। जो नमूना दिखाया गया, उसमें बरामद करने वाले के हस्ताक्षर ही नहीं हैं। जिस पर द्वितीय अपर सिविल जज अलका ने आरोपी को बरी कर दिया। अधिवक्ता राजन सिंह मेहरा ने बताया था कि पूर्व में भी चोरगलिया पुलिस ने सोनू को ऐसे ही मामले में गिरफ्तार किया था और तब बरामद माल पर पुलिस ने अपने बजाय एसडीएम की मुहर लगा दी थी, जो नियम विरुद्ध था। पुलिस सोनू के साथ ऐसा तीन बार कर चुकी है और हर बार सोनू को कोर्ट ने बरी कर दिया।

पीपलपानी

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना है कि हमारी पूज्य माता जी श्रीमती राधा मेहता जी (पत्नी स्वर्गीय श्री हयात सिंह मेहता) का स्वर्गवास दिनांक 13 मार्च 2024 को हो गया है। पीपलपानी दिनांक 23 मार्च 2024 दिन (शनिवार) दोपहर 1 बजे हमारे निवास स्थान ग्राम शांतिपुरी नंबर तीन में होगा। ब्रह्मभोज में प्रसाद ग्रहण कर दिव्य आत्मा की शांति हेतु आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

शोकाकुल परिवार

हीरा मेहता (पुत्री), श्री गंगा सिंह मेहता (पुत्र), श्री बिरेन्द्र सिंह मेहता (पुत्र) कुनाल मेहता (पोता)

रामनगर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

शिविर में 30 यूनिट रक्त एकत्र किया

रामनगर, अमृत विचार : नवप्रभात सोसाइटी के रामलीला मैदान कानिया के पंचायत घर में काशी चैरिटेबल ट्रस्ट काशीपुर के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 30 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान सुनीता घुघत्याल ने किया। इस दौरान नवप्रभात सोसाइटी के सुबोध चमोली, सुरेश घुघत्याल, मनमोहन बिष्ट, रविन्द्र रौतेला, गौरव देशवाल, तेजेश्वर घुघत्याल, आशीष मेहरा, रोहित मेहरा आदि शामिल रहे।

क्षतिग्रस्त दीवार की मरम्मत की मांग

भीमताल: लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाले सातताल मार्ग पर ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय से थोड़ा आगे पिछले तीन वर्ष से एक दीवार क्षतिग्रस्त है जिसके चलते मार्ग काफी संकरा हो गया है। इस स्थान पर दो वाहन एक साथ नहीं गुजर सकते हैं। इसके चलते स्थानीय निवासियों और कारोबारी ने क्षतिग्रस्त दीवार की मरम्मत की मांग की है। इधर विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त दीवार की मरम्मत के बजाय स्टील के पैराफिट लगाने की कार्रवाई प्रारंभ की गई है। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता केके पाठक ने बताया कि दीवार निर्माण के संबंध में प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसके स्वीकृत होते ही निर्माण की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी।

तल्लीताल पुलिस ने जीजीआईसी स्कूल में दी छात्राओं को कानूनी जानकारी

नैनीताल : तल्लीताल पुलिस ने जीजीआईसी स्कूल में छात्राओं को कानूनी जानकारी दी। एसओ रमेश सिंह बोरा ने छात्राओं को बताया कि दिन प्रतिदिन महिला संबंधी अपराध बढ़ रहे हैं। इस दौरान छात्राओं ने पुलिस से कई सवाल किए जिनका पुलिस की ओर से जवाब दिया गया।

MASTER EGG™
DAILY PROTEIN PARTNER

रोज खायें फार्म के ताजे अंडे

स्वाद
सेहत
संतुष्टि

QUALITY MANAGEMENT SYSTEM
FOOD SAFETY MANAGEMENT SYSTEM
ENVIRONMENTAL MANAGEMENT SYSTEM
HACCP CERTIFIED COMPANY

एडवोकेट सी.बी.सिंह

fssai
License Number : 12724009000037

हिमांशु गंगवार

Produced & Packed By :
VRINDA POULTRY FARM
Vill. Tulsipur, Rithaura Abhaypur Road, Bareilly (U.P.)
REGD. OFFICE: D/103, Krishna County Apartments, Mini Bypass Karamchari Nagar, Bareilly (U.P.)
Call For Distributorship : 7060013234 www.Masteregg.in

चाउमीन और मोमो दे दो तो फिर बल्ले बल्ले...

श्री महादेव गिरि संस्कृत महाविद्यालय में कवियों को सम्मानित करते अतिथि।

हल्द्वानी : श्री गिरिजा देवी साहित्य संस्था की ओर से गुरुवार को श्री महादेव गिरि संस्कृत महाविद्यालय देवलचौड़ में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कवि सम्मेलन का उद्घाटन संस्था के संरक्षक चौधरी समरपाल सिंह ने किया। हास्य कवि राज कुमार भण्डारी ने सुनाया-हाथ में मोबाइल लेके बैठे सदा इक्कले, चाउमीन और मोमो दे दो तो फिर बल्ले-बल्ले। डॉ. नवीन चन्द्र जोशी, डॉ. वेद प्रकाश अंकुर, अशोक वार्ष्णेय, डॉ. रमेश चन्द्र द्विवेदी, अखिलेश शर्मा ने कविता पाठ किया। इस मौके पर अनुराग जोशी, आचार्य राकेश पंत आदि मौजूद रहे।

कक्षा पांच के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई

राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिपुर ठठोला गौलापार में मिठाई बांटते अतिथि।

हल्द्वानी : राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरिपुर ठठोला गौलापार में कक्षा पांच के विद्यार्थियों को विदाई समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। गुरुवार को स्कूल में आयोजित विदाई समारोह में सर्वप्रथम स्कूल के बच्चों ने स्वागत गीत, देशभक्ति के गाने, कुमाउनी गीत प्रस्तुत किए गए। बच्चों से पूछे गए सवालों का बच्चों ने संतोषजनक जवाब दिए। बच्चों की हौसला अफजाई के लिए आनंद सिंह ठठोला ने स्कूल के बच्चों में फल और मिष्ठान वितरण करवाया। साथ ही भोजन में खीर और आलू के गुटखे भी परोसे गये। कक्षा पांच के आठ बच्चों जया शर्मा, कमल मेहता, करन आर्या, रोहन, गोपाल, हिमांशु भूमिका और रूपा का माल्यार्पण कर उन्हें गृह उपयोगी एक थाली, एक कटोरा, एक गिलास और एक-एक चमच हौसला अफजाई के लिए प्रदान किए। विदाई समारोह में बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर अच्छा नागरिक बनने, माता-पिता और गुरुजनों की आज्ञा पालन करने, भविष्य का लक्ष्य निर्धारित करने, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, अन्न-जल संरक्षण आदि पर ध्यान देने के टिप्स दिए गए। वहां पर आनंद सिंह रावत, विद्यालय की प्रधानाध्यापक संध्या गर्ग, अध्यापिका हंसा माजिला आदि मौजूद रहे।

YTDO Tour & Travels आगामी भारत-दर्शन यात्रायें

6 दिवसीय लेह लद्दाख यात्रा
25 अप्रैल से 30 अप्रैल 2024 के मध्य
मुख्य आकर्षण : पैंगाग लेक, भव्य मठ एवं शांति स्तूप एवं अन्य टूरिस्ट लोकेशन



7 दिवसीय कश्मीर श्रीनगर यात्रा
28 मई से 3 जून 2024 के मध्य
मुख्य आकर्षण : श्रीनगर, पहलगाम, सोनमर्ग, गुलमर्ग, डलझील की हाउस बोट में रात्रि विश्राम, श्रीनगर से नई दिल्ली हवाई यात्रा एवं कई अन्य आकर्षण

9 दिवसीय मुक्तिनाथ (मुस्तांग नेपाल यात्रा)
3 हवाई यात्राओं का रोचक अनुभव
6 जून से 14 जून 2024 के मध्य
मुख्य आकर्षण - धनगड़ी से काठमांडू, काठमांडू से पोखरा एवं पोखरा से नेपालगंज के मध्य हवाई यात्रा, काठमांडू एवं पोखरा में सुविधाजनक बसों द्वारा दृश्यावलोकन, रात्री विश्राम अत्यन्त आधुनिक (एसी कमरों) में रहने की व्यवस्था, मुक्तिनाथ यात्रा स्कार्पियों में, ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर का प्रबंध दो दिवसीय मुक्तिनाथ यात्रा के दौरान

YTDO Tour & Travels The Mall, Nainital. Ph. 05942-235557
VMS Khati - M. 9412085088, 6398267749
Umesh Rautela - M. 9411197147, Ramesh Tiwari - M. 9411197085
Dayal Singh - M. 9411589410, BS Padiyar M. 8006399064
श्री नरेन्द्र सिंह नेगी, नेगी मेडिकल स्टोर, टनकपुर, मो. 9897148949
श्री दीप वर्मा, दीप मेडिकल स्टोर, जौहरी बाजार, अल्मोड़ा, मो. 9412966862
श्री नवीन वर्मा, ऊँकार ज्वैलर्स, शारदा मार्केट, हल्द्वानी। मो. 9897030180
श्री विनय बिष्ट, शांति टावर, दुकान नं.-2, दुर्गा सिटी सेंटर, हल्द्वानी। मो. 9412086566, 9759237565
श्री गौरव, शास्त्री ट्रेवल्स, निकट उजाला सिग्नस सेन्ट्रल हॉस्पिटल, हल्द्वानी। मो. 8884838000

एक नजर

पेड़ के नीचे बेच रहा था शराब, पकड़ा गया

हल्द्वानी : मुखानी पुलिस ने पेड़ के नीचे पेटी रखकर शराब बेच रहे युवक को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। एएसआई नवीन चन्द्र सोराड़ी और कांस्टेबल शंकर सिंह एस मोड़ से आरटीओ जाने वाली सड़क पर पहुंचे तो मुखबिर ने शराब की अवैध बिक्री की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक को शराब बेचते रंगे हाथ पकड़ लिया गया। उसके पास से तीन पेटियों में 134 पव्वे देसी शराब की बरामद की। पूछने पर युवक ने अपना नाम कपिल कश्यप निवासी तीनपानी चौकी मंडी बताया।

जीआरपी रामनगर ने जेबकतरा पकड़ा

रामनगर : जीआरपी पुलिस प्रभारी एसआई गीता गोला के नेतृत्व में चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान जेबकतरे को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अयान मलिक (20) निवासी रोशनपुर थाना भगतपुर जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से आधा टुकड़ा ब्लेड का बरामद हुआ। जीआरपी ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

असलहा जमा नहीं करवा रहे लाइसेंस धारी

नैनीताल : आदर्श आचार संहिता प्रभावी होते ही पुलिस इसके अनुपालन में जुट गई है। कोतवाली पुलिस की ओर से शस्त्र जमा करने के लिए लोगों से अपील की जा रही है। कोतवाली पुलिस 65 शस्त्र जमा करवा चुकी है। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में 302 असलहा लाइसेंस पंजीकृत हैं। इसमें से 65 लोग शस्त्र कोतवाली में जमा करा चुके हैं।

बारापत्थर रोड पर पलटा ट्रक चालक घायल

नैनीताल : नैनीताल-कालाढूंगी रोड पर बारापत्थर के समीप पत्थरों से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया। घायल ट्रक चालक को बीडी पांडे अस्पताल में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। नैनीताल-कालाढूंगी रोड से होकर पत्थरों से भरा ट्रक नैनीताल की ओर आ रहा था। जैसे ही वह बारापत्थर के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया।

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए एमबीपीजी कॉलेज में मतदान कर्मचारियों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया

कर्मचारियों को दिए ईवीएम-वीवीपैट संचालन के टिप्स

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए एमबीपीजी कॉलेज में मतदान कर्मचारियों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। कार्मिकों को ईवीएम और वीपीपैट संचालन की बारीकियां बताई गईं।

नोडल अधिकारी मतदान/मतगणना हिमांशु जोशी ने बताया कि मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण की गंभीरता को समझना होगा। ईवीएम व वीवीपैट में आने वाली तकनीकी समस्याओं और समाधान के बारे में बताया। ईवीएम मास्टर ट्रेनर आरपी पांडे ने कर्मचारियों को ईवीएम और वीपीपैट संचालन के तरीके बताए। साथ ही विभिन्न प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन व ऑफ करने, सील करने के साथ ही बीयू व सीयू तथा वीवीपैट को संयोजन, खोलने और सील करने की प्रक्रिया के बारे में हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया। मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान की सामग्री प्राप्ति के तरीके, मतदान से पूर्व बूथ पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान शुरू करने, मतदान समाप्ति सहित संपूर्ण मतदान प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों की शंका का निदान भी किया। यहां ट्रेनर एचबी चन्द्र, विमल किशोर, पूरन सिंह, राजीव जोशी, आरती जैन एवं रेखा तिवारी मौजूद रहीं।

ईवीएम के बारे में प्रशिक्षण देते मास्टर ट्रेनर। ● अमृत विचार

नैनीताल जनपद में बनेंगे 6 सखी बूथ

हल्द्वानी : लोकसभा चुनाव में जिले की हर विधानसभा में एक सखी बूथ बनाया जाना है। इन बूथों पर समस्त महिला कार्मिकों की तैनाती की जाएगी। सखी बूथ में पीठासीन अधिकारी से लेकर प्रथम, द्वितीय और तृतीय मतदान अधिकारी भी महिला होंगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि लालकुआं विस सीट में राजकीय इंटर कॉलेज दौलिया हल्दूचौड़ कक्ष संख्या 1, भीमताल में जिला परिषद डाक बंगला कक्ष संख्या 1, नैनीताल में नगरपालिका परिषद नर्सरी विद्यालय नैनीताल कक्ष संख्या 1, हल्द्वानी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय जवाहर ज्योति दमवाढुंगा कक्ष संख्या 2, कालाढूंगी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय कमलवागांजा स्थित ग्राम देवका कक्ष संख्या 2 और रामनगर में लोक निर्माण विभाग कार्यालय भवन कक्ष संख्या 2 में सखी बूथ बनेंगे। उन्होंने बताया कि लालकुआं, हल्द्वानी, कालाढूंगी और रामनगर में जिन बूथों में सर्वाधिक महिला मतदाता हैं, उन को सखी बूथ बनाया गया है।

व्यय प्रेक्षक के साथ नोडल अधिकारियों की बैठक आज

हल्द्वानी : केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के लिए व्यय प्रेक्षक आईआरएस टी शंकर की तैनाती की गई है। व्यय प्रेक्षक की अध्यक्षता में 22 मार्च को दोपहर 3 बजे जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में नोडल अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई है। इस आशय की जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी पी आर चौहान ने दी है।

आज शुरू होगा मतदाता हस्ताक्षर अभियान

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शुक्रवार को जनपद के सभी 1010 बूथों पर मतदाता हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। डीएम वंदना सिंह एमबीपीजी कॉलेज में इसका शुभारंभ करेंगी। तहसील परिसर हल्द्वानी, रामनगर, लालकुआं, कालाढूंगी, रामनगर, कलेक्ट्रैट नैनीताल, नगर पालिका परिसर नैनीताल, विकास भवन परिसर भीमताल में भी हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जाएगा। सभी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर/बीएलओ को भी बूथों पर अभियान चलाने को कहा है।

अनूप साह, जया पाठक, स्वरूप पांडे बने जनपद आइकॉन

जिला प्रशासन ने लोकसभा चुनाव-2024 के लिए पद्म श्री पुरस्कार विजेता विख्यात छायाकार अनूप साह निवासी नैनीताल, कत्थक नृत्यांगना जया पाठक निवासी पनचक्की चौराहा, स्वरूप पांडे निवासी विष्णु मंदिर चौधान पाटा, रानीबाग को जनपद आइकॉन मनोनीत किया है। सीडीओ अशोक पांडे ने तीनों से जनता को मतदान के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया है।

हल्द्वानी विस के 78 वल्नरेबल बूथों पर सीधे रहेगी चुनाव आयोग की नजर

निर्वाचन आयोग ने आम चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कसी कमर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जनपद नैनीताल में वल्नरेबल बूथों के लिहाज से हल्द्वानी विस सीट बेहद संवेदनशील है। इस सीट पर 42.62 प्रतिशत से अधिक बूथ वल्नरेबल हैं। इन बूथों पर सीधे चुनाव आयोग की भी नजर रहेगी। ऐसे में प्रशासन के सामने इन बूथों पर निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना चुनौती है।

हल्द्वानी विस सीट में कुल 183 बूथ हैं, इनमें 78 बूथ वल्नरेबल घोषित किए गए हैं। वल्नरेबल बूथों की मैपिंग अभी भी जारी है। सभी बूथों पर निर्वाचन ने 100 से अधिक खुराफाती चिन्हित किए हैं जो मतदान प्रभावित कर सकता है। एक- एक खुराफाती न्यूनतम एक और अधिकतम तीन-चार बूथों पर असर डाल रहा है। ऐसे में नगर प्रशासन ने इन बूथों पर निष्पक्ष, शांतिपूर्ण चुनाव के लिए कमर कस ली है। केंद्रीय चुनाव आयोग के अनुसार प्रशासन ने इन बूथों पर वेब कास्टिंग होगी। इस वेब कास्टिंग के जरिए बूथों पर मतदान शुरू होने से मतदान समाप्ति और पोलिंग पार्टी की रवनागी तक की पल-पल की लाइव स्ट्रीमिंग चुनाव आयोग की साइट पर की जाएगी। जिसकी निगरानी सीधे चुनाव आयोग की टीम करेगी। जिन बूथों पर वेब कास्टिंग नहीं होगी, उन बूथों की सीसीटीवी के जरिए वीडियोग्राफी कराई जाएगी। इसके अलावा केंद्रीय आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ), माइक्रो ऑब्जर्वर की भी तैनाती की जाएगी।

हल्द्वानी विस सीट के 78 बूथ वल्नरेबल हैं। इनमें निष्पक्ष व पारदर्शी मतदान के लिए केंद्रीय आर्म्ड पुलिस फोर्स, माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती की जाएगी। साथ ही वेब कास्टिंग की जाएगी, इसकी लाइव स्ट्रीमिंग चुनाव आयोग की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। **-एपी वाजपेयी**, सहायक रिटर्निंग अधिकारी हल्द्वानी

बनभूलपुरा के सभी बूथ वल्नरेबल

हल्द्वानी विस में बनभूलपुरा के सभी पोलिंग बूथ वल्नरेबल घोषित किए गए हैं। हाल ही में हुए उपद्रव के बाद निर्वाचन आयोग ने एहतियात के तौर पर सभी बूथों को वल्नरेबल मैपिंग में शामिल किया है। समूचे बनभूलपुरा में लगभग बूथ हैं जिन्हें वल्नरेबल माना गया है। यहां पुलिस फोर्स के साथ ही अतिरिक्त सीएपीएफ भी तैनात रहेगी।

डॉक्टर से बरामद रकम की गिनती करता सिपाही व दस्तावेज तैयार करते थानाध्यक्ष राणा।

चोरगलिया पुलिस ने लखनऊ के डॉक्टर की गाड़ी से बरामद की नगदी

हल्द्वानी : आचार संहिता के दौरान बेनामी नगदी और शराब मिलने का सिलसिला जारी है। चोरगलिया पुलिस ने लग्जरी कार से एक लाख रुपये बरामद किए हैं। चोरगलिया थानाध्यक्ष भुवन सिंह राणा ने बताया कि गुरुवार को वह एसएसटी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। तभी लखनऊ नंबर की यूपी 32 पीएस 9599 फॉर्च्युनर कार को चेकिंग के लिए रोका गया। तलाशी लेने पर कार से एक लाख रुपये बरामद कर किए। कार चला रहे ए-9सी1 कंवेंसन सेंटर इंद्रानगर लखनऊ उत्तर प्रदेश निवासी डॉ. विराट वर्मा पुत्र राम शंकर वर्मा से नगदी के बाबत जानकारी मांगी गई तो न कोई कागज दिखा सके और ही सही जवाब दे सके। जिसके बाद पुलिस ने एक लाख रुपये जब्त कर लिए। पूछताछ में डॉक्टर ने पुलिस से इतना जरुर कहा कि उन्हें पता नहीं था कि आचार संहिता में इतनी बड़ी नगदी लेकर नहीं चलना है।

दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के प्रबंधक को नोटिस जारी : लालकुआं के एआरओ परितोष वर्मा ने नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के प्रबंधक को आचार संहिता के उल्लंघन का नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा गया है कि फेसबुक पर दुग्ध संघ को पेज है, इसमें राजनैतिक सामग्री, फोटो प्रसारित किए जा रहे हैं जो कि आचार संहिता का उल्लंघन है।

लोकतंत्र यात्रा आज एमबीपीजी कॉलेज में

हल्द्वानी, अमृत विचार: देश में दशकों पहले कैसे चुनाव की प्रक्रिया होती थी और कैसे-कैसे इसमें बदलाव होते रहे, इसकी जानकारी लोगों को लोकतंत्र यात्रा प्रदर्शनी देगी। प्रदर्शनी में वर्ष 1951 से लेकर अब तक चुनावी प्रक्रिया में क्या-क्या बदलाव हुए, लोग पहले मतदान करने कैसे जाते थे। मतदान पेटी कब आई, पहचान पत्र कब बने, ईवीएम कब आई समेत अन्य जानकारी और फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से की जाएगी। स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सुरेश अधिकारी ने बताया कि लोकतंत्र यात्रा प्रदर्शनी एमबीपीजी कॉलेज में लगाई जा रही है। इसका शुक्रवार को जिलाधिकारी वंदना सिंह उद्घाटन करेंगी।

जागरुकता के लिए रील बनाओ, इनाम पाओ

भीमताल: स्वीप नैनीताल के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता और मतदान का आह्वान थीम पर रील प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए प्रतियोगिता की थीम पर रील बनाकर स्वीप नैनीताल के फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज पर टैग करना होगा। आखिरी तारीख 26 मार्च नियत की गई है। सर्वश्रेष्ठ रील्स को पहला, दूसरा, तीसरा पुरस्कार एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र दिया जाएगा। स्वीप नैनीताल के जिला समन्वयक सुरेश अधिकारी ने बताया कि रील प्रतियोगिता मतदाता जागरूकता के लिए एक प्रभावी माध्यम है, जिससे यह संदेश घर-घर पहुंचेगा।

रैंडमाइजेशन से पूर्व बैठक करतीं जिलाधिकारी वंदना सिंह। ● अमृत विचार

रैंडमाइजेशन के साथ बूथों के लिए ईवीएम आवंटित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

तैयारी

- जिलाधिकारी वंदना सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कैंप कार्यालय में राजनैतिक दलों की मौजूदगी में हुआ रैंडमाइजेशन

अमृत विचार : जिला प्रशासन ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम वीवीपैट का पहला रैंडमाइजेशन संपन्न हुआ। पहले रैंडमाइजेशन में जिले की छह विस के 1,010 बूथों के लिए 1,509 बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं 1,588 वीवीपैट का रैंडमाइजेशन हुआ। साथ ही इनको विधानसभा के लिए आवंटित किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में गुरुवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में पहला रैंडमाइजेशन हुआ। डीएम ने बताया कि लालकुआं विस के 142 बूथों के लिए 205-205 ईवीएम, बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट और 225 वीवीपैट, भीमताल के 157 बूथों के 284-284 बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट 288 वीवीपैट, नैनीताल के 165 बूथों के 265-265 बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट 275 वीवीपैट, हल्द्वानी के 183 बूथों के 267-267 बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट 285 वीवीपैट, कालाढूंगी के 217 बूथों के 290-290 बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट 310 वीवीपैट, रामनगर के 146 बूथों के 198-198 बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट 205 वीवीपैट का रेंडमाइजेशन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विधानसभा के लिए रिजर्व में भी मशीनें दी गई हैं। इसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट को 3-3, जोनल मजिस्ट्रेट को 2-2 तथा एआरओ को 6-6 मशीनें दी आवंटित की गई हैं। दो किमी से अधिक वाले बूथों पर इसके अतिरिक्त एक मशीन दी जाएगी। इस दौरान कांग्रेस से मनोज शर्मा, केएस कांडपाल, श्याम सिंह, बसपा से हरीश चन्द्र सिनोली, जगदीश कुमार, एडीएम फिंचाराम चौहान, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी मौजूद रहे।

संवेदनशील इलाकों में ड्रोन करेगा पेट्रोलिंग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

सतर्कता

- लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस मुख्यालय से जारी हुए निर्देश
- सीमावर्ती राज्य की सीमा पर सीसीटीवी से निगरानी, संयुक्त पेट्रोलिंग

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने अभेद सुरक्षा की तैयारी की है। तैयारी चप्पे-चप्पे पर निगरानी की है और जहां पुलिस नहीं पहुंच पाएगी वहां ड्रोन से पेट्रोलिंग की जाएगी। सीमावर्ती राज्यों की सीमाओं पर कड़ी चौकसी के निर्देश हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस मुख्यालय से सभी जिलों के कप्तानों को सुरक्षा एडवाइजरी कर दी गई है।

कुमाऊं के पिथौरागढ़ की सीमा नेपाल और चीन से मिलती है। चम्पावत की सीमा नेपाल से मिलती है। ऊधमसिंहनगर की सीमा भी नेपाल और उत्तर प्रदेश से मिलती है। जबकि कुमाऊं के प्रवेश द्वार नैनीताल जिले की सीमा भी उत्तर प्रदेश से मिलती है। ऐसे में कुमाऊं को चुनाव के लिहाज से संवेदनशील माना जा रहा है। इन स्थानों पर खास तौर पर इन इलाकों के जंगल में निगरानी पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है।

पिथौरागढ़ और चम्पावत पेट्रोलिंग के लिहाज से बेहद दुर्गम हैं। पुलिस ने मुख्यालय से निर्देश जारी किए हैं ऐसे स्थानों पर जहां पुलिस की पेट्रोलिंग संभव न हो, वहां ड्रोन से पेट्रोलिंग कराई जाए। इसी तरह सीमावर्ती राज्य की सीमाओं पर सीसीटीवी से 24 घंटे निगरानी की जाएगी। जहां क्वालिटी अच्छी नहीं है, वहां उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही निर्देश हैं कि जिन जिलों की सीमा दूसरे राज्यों से जुड़ती हैं, वो संबंधित राज्य के सीमावर्ती जिलों के कप्तानों से समन्वय स्थापित कर अपराधियों की सूची की अदला-बदली करें और अपराधियों की धर-पकड़ तेज करें।

सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी जिलों के कप्तानों को निर्देश दे दिए हैं। जंगल और दुर्गम स्थानों पर जहां पहुंच पाना संभव न हो, वहां ड्रोन से निगरानी करें और पड़ोसी राज्य से समन्वय स्थापित कर पेट्रोलिंग करें।
- एपी अंशुमान, एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था

मावा, बेसन के नमूने जांच के लिए भेजे

हल्द्वानी, अमृत विचार: होली पर्व से पहले खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन की टीम ने दुकानों में छापेमारी की। अभियान को देखते हुए दुकानदारों में हड़कंप मच गया। इस दौरान संदिग्ध मिले खाद्य पदार्थों को जांच के लिए प्रयोगशाला में भेज दिया गया है। गुरुवार को खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन के उपायुक्त मनोज थपलियाल के नेतृत्व में टीम हल्द्वानी और काठगोदाम की आधा दर्जन से अधिक दुकानों में पहुंची। उन्होंने खाद्य पदार्थों की जांच और उनके बारे में पूछताछ की।

5 हजार का फरार इनामी हत्थे चढ़ा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

कार्रवाई

- टीपीनगर क्षेत्र के एक ज्वैल्र्स का कारीगर था आरोपी
- सोने का हार लेकर भागा था आरोपी, बरेली से पकड़ा

अमृत विचार : तीन साल से फरार 5 हजार का इनामी आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी टीपीनगर क्षेत्र से सोने का हार लेकर फरार था।

इस मामले में देवलचौड़ बंदोबस्ती निवासी अतुल वर्मा पुत्र वीरन्द्र वर्शा ने मार्च 2021 में एक मुकदमा दर्ज कराया था। बताया था कि उनकी देवलचौड़ बंदोबस्ती में जय महालक्ष्मी ज्वैलर्स के नाम से दुकान और वर्कशॉप है। जिसमें चार कारीगर काम करते थे और इसमें से एक दक्षिणी मुस्तफापुर खानाकुल हुगली पश्चिमी बंगाल निवासी आकाश डोलुई था। तीन वर्ष पूर्व 20 मार्च को अतुल ने आकाश को हार बनाने के लिए सोना था।

अगले दिन वह वर्कशॉप पहुंचे तो आकाश सोने के साथ फरार था। वह पिछले तीन साल से लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। जिसके बाद आरोपी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। बीते रोज एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़ व टीम ने आकाश डोलुई को बरेली से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़, कांस्टेबल तारा सिंह व अरूण राठौर थे।

14 वर्षों से बंद कैदियों के मामले में आज फैसला लें

विधि संवाददाता, नैनीताल

हाईकोर्ट समाचार

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने 14 वर्षों से अधिक समय से प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने सरकार से गुरुवार को निर्णय लेकर शुक्रवार तक न्यायालय को सूचित करने को कहा है।

मामले के अनुसार पिछले दिनों मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी ने हल्द्वानी की जिला जेल और सितारगंज की संपूर्णानंद ओपन जेल का दौरा किया था। वहां कैदियों से समस्याएं सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश की अवहेलना पाया जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस की उस दलील को निराधार बताया था कि कैदी को जेल से बाहर रखना समाज के लिए खतरा है। मुख्य न्यायाधीश ने कैदियों के अधिकारों को समझते हुए जेल प्रबंधनों से लिस्ट मांगी थी इसमें 167 ऐसे कैदी मिले हैं। गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्याय सचिव को इस कानून की जानकारी है। उन्होंने कहा कि गुरुवार शाम 5 बजे तक सरकार फैसला लें और सभी जेलों को सूचित करें। इसके बाद कल सवेरे 10:30 बजे तक न्यायालय को सूचित करें और फिर पात्रों को रिहा करें।

अब आग से धधकी लोहाली की पहाड़ी

गरमपानी, अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर अतिसंवेदनशील लोहाली की पहाड़ी आग की चपेट में आने से हड़कंप मच गया। पहाड़ी से एकाएक पत्थर गिरने से आवाजाही भी प्रभावित हो गई। गनीमत रही की कोई यात्री वाहन चपेट में नही आया। लगातार पत्थरों के गिरने से दुर्घटना का जोखिम बढ़ गया है। जंगलों के आग से राख होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। एक के बाद एक जंगलो के आग के चपेट में आने से बेशकिमती वन संपदा को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है बावजूद जंगलों को बचाने को ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। देर शाम को लोहाली क्षेत्र में हाइवे से सटी थुआ की पहाड़ी एकाएक आग से धधक उठी।

बेस अस्पताल के पांच डॉक्टर चुनाव ड्यूटी पर

संवाददाता, हल्द्वानी

- डॉक्टरों के ओपीडी में नहीं बैठने से मरीज हो रहे परेशान

अमृत विचार: डॉक्टरों की चुनाव ड्यूटी की वजह से मरीजों का परेशान होना जारी है। लगातार तीसरे दिन भी अस्पताल के पांच डॉक्टरों को ड्यूटी पर भेजा गया था।

लोकसभा चुनाव की तैयारी की जा रही है। इस वजह से एमबीपीजी महाविद्यालय में निर्वाचन आयोग ने कंट्रोल रूम बनाया है। इस वजह से यहां पर डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जा रही है। लगातार तीसरे दिन अस्पताल के पांच डॉक्टर चुनाव ड्यूटी के लिए महाविद्यालय गए। डॉ. अभिषेक सती (सर्जन), डॉ. जितेंद्र भट्ट (फिजिशियन), डॉ. विजय जोशी (आई सर्जन), डॉ. दिलीप वार्ष्णेय (ईएनटी) और डॉ. हर्ष एरी (आर्थो) मरीजों को नहीं देख पाए। हालांकि डॉ. दिलीप और डॉ. हर्ष ने सुबह के समय कुछ देर मरीजों को देखा था। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि गनीमत है कि होली से पहले मरीजों की संख्या कम चल रही है। गुरुवार को ओपीडी में मरीजों की संख्या घटकर 850 पहुंच गई है। पीएमएस डॉ. केके पांडेय ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन किया जा रहा है और मरीजों को भी बेहतर सेवाएं देने का प्रयास किया जा रहा है।

पहाड़ों में बदला मौसम मैदान में गिरा तापमान

हल्द्वानी : पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से राज्य में एक बार फिर से मौसम बदल गया है। पहाड़ी क्षेत्रों मे कहीं-कहीं बारिश हो रही है और इसका असर मैदानी इलाकों में तेज हवाओं के रूप में देखा जा रहा है। गुरुवार को हल्द्वानी में सुबह से ही ठंडी हवाएं चल रहीं थीं। बादल भी छाए रहे। ठंडी हवाओं की वजह से तापमान में गिरावट आई और अधिकतम तापमान 26.3 डिग्री दर्ज किया गया। जो पिछले दिन की अपेक्षा चार डिग्री कम था। साथ ही न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री रहा। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने पर्वतीय क्षेत्रों में आगे भी बारिश का अनुमान जताया है। साथ ही 4000 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

फ्रांसीसी पत्रकार के दस्तावेज सही मिले

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

जांच

- दिल्ली से एक स्वतंत्र पत्रकार के साथ बनभूलपुरा पहुंचा था फ्रांसीसी पत्रकार

अमृत विचार : बनभूलपुरा के हिंसाग्रस्त क्षेत्र में पहुंच कर सनसनी फैलाने वाले फ्रांसीसी पत्रकार को पुलिस ने क्लीन चिट दे दी है। फ्रांसीसी पत्रकार दिल्ली के रहने वाले एक स्वतंत्र पत्रकार के साथ हल्द्वानी आया था।

बनभूलपुरा पुलिस और खुफिया विभाग ने हिंसाग्रस्त क्षेत्र में घूम रहे एक विदेशी व्यक्ति को पकड़ा था। इसके बाद उसके पासपोर्ट और वीजा को जब्त कर जांच शुरू की थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक फ्रांसीसी व्यक्ति एक पत्रकार है और 19 मार्च को वह वीजा पर भारत आया था। 20 मार्च को वह दिल्ली निवासी एक स्वतंत्र पत्रकार के साथ दिल्ली से हल्द्वानी पहुंचा और बनभूलपुरा हिंसाग्रस्त क्षेत्र में लोगों से बातचीत की।

पुलिस के मुताबिक लोगों की सूचना पर फ्रांसीसी व्यक्ति से पूछताछ कर उसके दस्तावेज जांचे गए थे। बुधवार की देर रात छानबीन के बाद फ्रांसीसी पत्रकार और दिल्ली के स्वतंत्र पत्रकार के दस्तावेज उन्हें सौंप दिए गए। फ्रांसीसी पत्रकार बुधवार रात ही दिल्ली के लिए रवाना हो चुका था।

सार-संक्षेप

बैठक में मौजूद प्रधानाचार्य व अन्य। ● अमृत विचार

एमपी कॉलेज में आधुनिक लाइब्रेरी बनाने पर बनी सहमति

रामनगर : एमपी हिंदू इंटर कॉलेज में शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक में आधुनिक लाइब्रेरी बनाए जाने पर सहमति बनी। रेखा देवी की अध्यक्षता में बैठक में प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने पिछले वर्ष के विकास कार्यों को सदन के सम्मुख रखा। साथ ही नए सत्र में नवीन प्रवेश पर चर्चा की गई। आम सहमति बनी कि विद्यालय में नई आधुनिक लाइब्रेरी की स्थापना करने के अलावा छात्र-छात्राओं हेतु नये फर्नीचर की खरीद की जाए। बैठक का संचालन सचिव हेम चन्द्र पांडे ने किया। इस दौरान ओम प्रकाश रौत, सुनील किष्ट्वाल, सुरेश पपनै, आशीष शर्मा, साहिस्ता फरमान, धर्मा देवी आदि मौजूद रहे।

भीमताल थाने में आयोजित पीस कमेटी की बैठक। ● अमृत विचार

त्योहारों में आचार संहिता का पालन करने के निर्देश

भीमताल : भीमताल थाना परिसर में एसपी क्राइम व ट्रैफिक नैनीताल हरबंस सिंह की अध्यक्षता में होली तथा रमजान के त्योहार के चलते पीस कमेटी की बैठक हुई। एसपी क्राइम ने आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के दौरान होली और रमजान के त्योहारों में सभी महत्वपूर्ण अनुदेशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने थानाध्यक्ष जगदीप नेगी को आवश्यक सुरक्षा प्रबंध करने को कहा।

कांग्रेस कार्यालय का शुभारंभ करते पूर्व विधायक रणजीत रावत। ● अमृत विचार

गढ़वाल लोक सभा कांग्रेस प्रत्याशी का कार्यालय खुला

रामनगर : कांग्रेस के गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी गणेश गोदियाल के चुनाव कार्यालय का रामनगर में पूर्व विधायक रणजीत रावत ने शुभारंभ किया। रावत ने कहा कि चुनाव को लेकर कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार है। इस दौरान देश बन्धु रावत, भुवन शर्मा, विनय पडलिया, महेंद्र प्रताप सिंह, अतुल अग्रवाल, निवर्तमान सभासद विमला आर्या, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल, अतुल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुमित शर्मा मौजूद रहे।

बाजार में आई मोदी नाम की पिचकारी की धूम, होली में भी दिख रहा चुनाव का रंग, लोगों में छाया क्रेज

इस बार रंगों की बौछार करेगी मोदी की पिचकारी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: होली त्योहार हंसी-मजाक का त्योहार है। होली के दौरान कहा जाता है कि 'बुरा न मानो होली है।' जल्द ही होली आने वाली है और लोकसभा चुनाव का भी दौर चल रहा है। बाजार में बिक रही पिचकारियों में चुनावी रंग भी दिख रहा है और देश के प्रधानमंत्री की फोटो लगाकर पिचकारी बेची जा रहीं हैं।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के पास मोदी पिचकारी बेचने वाले सुमित गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा तीसरी बार लोकसभा का चुनाव लड़ रही है। उनकी लोकप्रियता के बारे में तो सबको पता ही है। पिचकारियों के थोक बाजार में ऐसी पिचकारी आ रहीं हैं, जिन पर प्रधानमंत्री मोदी की फोटो चिपके हुए हैं। बताया कि केवल एक ही राजनेता की फोटो और नाम का इस्तेमाल पिचकारियों में किया जा रहा है और वह पीएम मोदी हैं। इधर बासु बिष्ट ने बताया कि मोदी पिचकारी को पसंद भी किया जा रहा है। ग्राहक हाथों-हाथ पिचकारी ले रहे हैं।

बाजार में बिक्री के लिए आई मोदी पिचकारी।

पिचकारी दिखाता दुकान स्वामी। ● अमृत विचार

300 रुपये तक मिल रही पिचकारी

दुकानदारों ने बताया कि मोदी नाम से बेची जा रहीं पिचकारियों की कीमत 200 रुपये से शुरू हो जाती है और यह 300 रुपये तक मिल रहीं हैं। बताया कि बच्चों को लुभाने के लिए पिचकारियों के ऊपर छोटा भीम, डोरोमोन, मोटू-पतलू, मासा आदि कार्टून चरित्रों का इस्तेमाल किया जाता है तो वहीं मोदी नाम की पिचकारियों को युवा पसंद कर रहे हैं।

पीड़िता को दिलाया गया भूमि पर कब्जा

हल्द्वानी, अमृत विचार: बीते सप्ताह हुई आयुक्त की जनसुनवाई में ग्राम भरतपुर पट्टी पांडे गांव भीमताल निवासी चन्द्रा राणा की शिकायत का निस्तारण हो गया है। जनसुनवाई में चंद्रा राणा ने मंडलायुक्त दीपक रावत को बताया था कि उन्होंने वर्ष 2015 में 12 मुट्ठी भूमि अतुलेश खन्ना से क्रय की थी।

वह जब उक्त भूमि पर कब्जा लेने गई तब उस भूमि पर कोई अन्य व्यक्ति काबिज था, जो कब्जा नहीं दे रहा था। मंडलायुक्त दीपक रावत ने जनसुनवाई में दोनों पक्षों को तलब कर चन्द्रा राणा को 12 मुट्ठी भूमि का कब्जा दिलाया।

प्रमाण पत्र जारी करने को करें वैकल्पिक व्यवस्था

लेखपाल पटवारियों के कार्य बहिष्कार के कारण लोग परेशान

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: लेखपाल पटवारियों के कार्य बहिष्कार के कारण प्रमाण पत्र नहीं बनने से लोग परेशान हैं। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने उपजिलाधिकारी, तहसीलदार से पटवारियों की हड़ताल खत्म होने तक वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है। इस संबंध में कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार कुलदीप पांडे से उनके कार्यालय में वार्ता की और ज्ञापन दिया।

उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी ने तहसीलदार कुलदीप पांडे को बताया कि पटवारियों के कार्य बहिष्कार के कारण आम लोगों खासकर स्कूली विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है। आय, जाति, स्थायी निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन किए गए हैं लेकिन हल्का पटवारी द्वारा आवेदन पत्रों पर रिपोर्ट नहीं लगाई जा रही है। इसके कारण प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किए जा रहे हैं। प्रतिनिधि मंडल में चिंताराम, मोहम्मद आसिफ, रमेश जुयाल आदि शामिल थे।

प्रमाण पत्रों पर संग्रह अमीन लगाएंगे रिपोर्ट

रामनगर : लेखपालों के कार्य बहिष्कार के कारण अब जिलाधिकारी ने संग्रह अमीनो को निर्देशित किया है कि वह सेवा के अधिकार के अंतर्गत प्रमाण पत्र पर ऑनलाइन रिपोर्ट अपलोड करेंगे। इस आदेश के जारी होने पर उत्तराखंड लेखपाल संघ के प्रदेश महामंत्री तारा चन्द्र घिल्डियाल ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया है।

जीएनजी क्रिकेट एकेडमी ने 75 रन से जीता मैच

हल्द्वानी, अमृत विचार: जीएनजी मैदान में आयोजित कार्बेट कप अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में पहले बल्लेबाजी करते हुए रामनगर स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम ने 26वें ओवर में सभी विकेट खोकर 74 रन बना पाई। जवाब में उतरी जीएनजी क्रिकेट एकेडमी की टीम ने बिना विकेट खोए 12वें ओवर में 75 रन से मैच अपने नाम किया।

तराई-केंद्रीय वन प्रभाग के डीएफओ बने उमेश

हल्द्वानी : तराई-केंद्रीय वन प्रभाग में नए डीएफओ उमेश चंद्र तिवारी ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। नवनियुक्त डीएफओ तिवारी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जंगली जानवरों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की रहेगी। साथ ही वृक्षारोपण की गुणवत्ता पर सुधार का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में कमी आए इसपर विशेष रूप से काम किया जाएगा।

दृष्टांत चौहान ने जीता स्नूकर का फाइनल मुकाबला

नैनीताल : एसएस स्नूकर क्लब नैनीताल में आयोजित ओपन जूनियर स्नूकर टूर्नामेंट में भीमताल के दृष्टांत चौहान ने 4/3 से प्रतियोगिता अपने नाम की। क्लब में ओपन जूनियर टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। जिसका फाइनल बुधवार को खेला गया। फाइनल मुकाबला बेस्ट ऑफ़ सेवन के आधार पर खेला गया। इसमें दृष्टांत चौहान ने रितेश को 4/3 से हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। वही निर्णायक की भूमिका में सुरेंद्र सूरी और गोविंद बिष्ट रहे।

सार-संक्षेप

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं अन्य लोग। ● अमृत विचार

गुणात्मक शोध हो प्राथमिकता

रामनगर : 'गुणात्मक शोध प्राथमिकता हो' यह बात कार्यक्रम अध्यक्ष प्रभारी प्राचार्य रामदुलार सिंह ने शोधार्थियों से प्री पीएचडी कोर्स वर्क के समापन समारोह में कही। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में कुमाऊं विश्वविद्यालय से शोध उपाधि के लिए संचालित प्री पीएचडी कोर्स वर्क की कक्षाओं का समापन हो चुका है। महाविद्यालय शोध एवं प्रसार समिति की संयोजक डॉ. निवेदिता अवस्थी ने प्री पीएचडी कोर्स वर्क अवधि में समस्त शोधार्थियों की नियमित उपस्थिति, अनुशासन एवं जिज्ञासु प्रवृत्ति की सराहना की। मुख्य अतिथि वनस्पति विज्ञान विभाग प्रभारी प्रो. एसएस मौर्य, डॉ. शरद भट्ट, डॉ. डीएन जोशी आदि मौजूद रहे।

कालाढूंगी में करियर काउंसलिंग में विजेता छात्रों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

करियर काउंसलिग में छात्रों को मिला मार्गदर्शन

कालाढूंगी : करियर काउंसलिंग में छात्रों का मार्गदर्शन किया गया। इस दौरान करियर से संबंधित निबंध, चित्रकला व क्विज प्रतियोगिताएं भी कराई गईं। इसमें विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्या बंसती अधिकारी ने किया। कार्यक्रम सफल बनाने में नितिन बालियान, जीतेंद्र कुमार, आजाद सिंह, इंदु सहरावत एवं समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

मेरो नैनो में उड़त गुलाल कान्हा, ओ कान्हा जिद न करो...

उत्साह

▸▸ हल्द्वानी में मची होली की धूम, महिलाओं ने जमाया रंग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: कांग्रेस नेत्री जया कर्नाटक के आवास पर गुरुवार को होली का आयोजन किया गया। महिलाओं ने स्वांग के माध्यम से बेरोजगारी व महंगाई का मुद्दा उठाया और नारी सुरक्षा का संदेश दिया। महिलाओं ने- सिद्धि के दाता विघ्न विनायक होली खेलत गिरजापति नंदन, कैले बांधी चीर हो रघुनंदन राजा, अंबा के आंगन विराजे होली, बलमा घर आयो फागुन में जबसे पिया परदेश सिधारे आदि होली गीत गाए।

इस अवसर पर रेनू अधिकारी, सुमित्रा प्रसाद, भगवती बिष्ट, मुन्नी पंत, नीलू नेगी, देवकी देवी, रिया फुलारा, चंपा त्रिपाठी, सुनीता जोशी, प्रेमा जोशी, चंद्रा तिवारी आदि मौजूद रहे। उधर, प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की महिला सचिव गीता कांडपाल के जज फार्म स्थित आवास पर महिलाएं होली गीतों पर जमकर झूमीं। प्रमिला पांडे, प्रीति जोशी, गीता कांडपाल, हेमा बोरा, मंजू रावत, ममता कांडपाल, ममता जोशी, लता पंत, तारा बिष्ट, ऊषा पंत, किरन बिष्ट, कमला रौतेला, प्रमिला पांडे, गीता उप्रेती, प्रीति जोशी, राधा विश्नोई आदि मौजूद रहीं। आश्रय सेवा समिति वृद्धाश्रम परिवार में गुरुवार को पुष्प होली उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरि शरण संस्था के भाई जी, पूजनीय माता जी संस्था के संस्थापक प्रकाश चंद्र डिमरी, मालती, जानकी आदि मौजूद रहे।

उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय में होली मिलन समारोह क्षेत्रीय प्रमुख कृष्ण मोहन शर्मा नेतृत्व में आयोजन हुआ। क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत प्रबंधक नरेंद्र रावत, तल्ली बमौरी शाखा के प्रबंधक दीपक पांडे ने होली मिलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलवंत सिंह रावत, संजीव मोहन श्रीवास्तव, कृपाल चंद्र, अनुराग मिश्रा, बीडी नैनवाल, रविन्द्र सिंह, राज्यवर्धन बलूनी, घनश्याम भट्ट आदि सम्मिलित रहे।

श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने गुरुवार को मधुवन बैंकेट हॉल में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मंडलायुक्त दीपक रावत, विधायक सुमित हृदयेश, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमार, कांग्रेस नेता ललित जोशी, व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, प्रमोद तोलिया आदि मौजूद रहे। लोक गायिका खुशी जोशी और गोविंद दिगारी के होली के गीतों ने समा बांध दिया।

इस अवसर पर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश चंद्र शास्त्री, विश्वजीत नेगी, भूपेंद्र रावत, तारा चंद जोशी, गणेश जोशी आदि मौजूद रहे। प्रेस क्लब फॉर पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी व पर्वतीय पत्रकार महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होली महोत्सव में गायक रमेश पलड़िया व उनकी टीम ने समा बांधा। प्रदेश अध्यक्ष सुरेश पाठक ने संचालन किया। इस अवसर पर भुवन जोशी, गणेश जोशी, गोविंद सनवाल, संजय रावत, राजेश सरकार, गुरमीत सिंह, संजय कनेरा, आनंद बत्रा उपस्थित रहे।

आरके टेंट हाउस में आयोजित होली महोत्सव कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में नृत्य करतीं महिलाएं।

श्रमजीवी पत्रकार यूनियन होली में पहुंचे मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

आश्रय सेवा समिति वृद्धाश्रम में आयोजित होली महोत्सव में उपस्थित अतिथि।

ओखलकांडा में आयोजित खड़ी होली में गीत गाते विधायक राम सिंह कैड़ा।

विधायक कैड़ा ने खड़ी होली में गाए गीत

भीमताल : विधायक राम सिंह कैड़ा ने गुरुवार को ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल में खड़ी होली में गायन किया। उन्होंने कहा कि पहाड़ में सात दिनों तक घर-घर जाकर लगातार खड़ी होली गायी और खेली जाती है। होली हमारी संस्कृति को बचाने के लिए सब को साथ-साथ मिलकर काम करना आवश्यक है। पहाड़ में होली का पर्व बहुत हर्षोल्लास से मनाया जाता है। सभी लोग अभी से ही होली के रंग में रंग चुके हैं।

चकलुवा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिलाएं। ● अमृत विचार

चकलुवा में महिलाओं ने जमकर होली खेली

कालाढूंगी : चकलुवा में ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर होली मिलन के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। गुरुवार को महिलाओं की टोली ने पांडेय निवास, खोलिया सदन, जोशी खोला सहित अनेक घरों में होली खेली। इस दौरान गुड्डी पांडे, भावना पांडे, निशा पांडे, कविता खोलिया, सुनीता पांडे, सीमा खोलिया, रेखा खाती, नीतू देउपा, हेमा चौहान आदि शामिल थीं।

विश्वविद्यालय परिसर में होली खेलते कर्मचारी और होलियार।

कुविवि व डीएसबी परिसर में हुई खड़ी होली

नैनीताल : कुलपति दीवान सिंह रावत की पहल पर कुमाऊं विश्वविद्यालय की संस्कृति तथा प्रदर्शन कला परिषद एवं युगमंच, नैनीताल के संयुक्त तत्वावधान में प्रशासनिक भवन एवं डीएसबी परिसर में प्रथम बार खड़ी होली का आयोजन हुआ। कुमाऊनी होली के पारंपरिक वेशभूषा में ढोल मजीरे की थाप पर बाराकोट चम्पावत के होल्यारो द्वारा राग-रागनियों पर आधारित पारंपरिक खड़ी होली पर रंग जमाया गया।

लालकुआं में एकादशी पर होली गायन करते होल्यार।

कान्हा बजाय गयो बांसुरिया...

लालकुआं : होली की एकादशी पर प्रसिद्ध होल्यार आनंद बल्लभ लोहनी के घर आयोजित बैठकी होली में होल्यारों ने नदी यमुना के तीर कदम चढ़ी, कान्हा बजाय गयो बांसुरिया सहित विभिन्न होली गीत गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं क्षेत्र के अवंतिका कुंज देवी मंदिर में महिलाओं ने मां के चरणों में रंग चढ़ा कर होली का शुभारंभ किया। इस दौरान अजय चौधरी, कमल पपने, दीप लोहनी, खीम सिंह खाती, प्रदीप डॉर्बी, पूरन तिवारी, देवकीनंदन भट्ट, चंद्रशेखर तिवारी मौजूद रहे।

जीपीएस बासा में होली मनाते बच्चे।

रंग बरसे भीगे चुनरवाली...

भीमताल : संकुल पिनरो स्थित जीपीएस बासा में छात्रों ने होली का पर्व मनाया गया। छात्रों ने पहले ' रंग बरसे भीगे चुनरवाली ', ' जल कैसे भरुं जमुना गहरी ', होली आई रे कन्हाई ' आदि होली के गीत गाए। इस अवसर पर शिक्षक दीपक नौगाई, शंकर नाथ गोस्वामी, कुमकुम शर्मा, दीपा शर्मा आदि उपस्थित थे।

होली महोत्सव में फूलों की होली खेलते कलाकार और विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

बाजपुर में मोहल्ला पहाड़ी कालोनी में वीके नैनवाल के आवास पर होली के गीतों पर नृत्य करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

कान्हा रे कान्हा तूने ये क्या किया, मेरा धड़के जिया...

होल्यारों ने बैठकी और खड़ी होली में गीत गाकर रंग जमाया, टोलियों ने घर-घर जाकर एक-दूसरे को दी पर्व की बधाई

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : कुमाउनी महिला होल्यारों ने बैठकी व खड़ी होली में गीत गाकर होली में रंग जमाया। नगर के साथ पार्वतीय बाहुल्य क्षेत्र में होली की धूम मची हुई है।

गुरुवार को ग्राम दलीपनगर में समाजसेवी पूर्व सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू के आवास पर महिला होल्यारों ने बैठकी व खड़ी में गीत गाकर रंग जमाया। होल्यार कलावती रावत ने मेरा खो गया बाजूबंद, कान्हा तेरे गलियों में..., कमला महिपाल ने कान्हा रे कान्हा तूने ये क्या किया, मेरा धड़के जिया...., भावना धर्मशक्तू ने वन को चले दोनों भाई, उन्हें समझाओ रे भाई...., आदि गीतों ने रंग जमाया। इस मौके पर संगीता रावत, शीला मर्तोलिया, जयंती देवी धर्मशक्तू, पदमा जंगपांगी, भावना धर्मशक्तू, द्रोपती मार्तोलिया, जानकी धर्मशक्तू, खष्टी गौतम, भावना धर्मशक्तू, शीला मेहता, कमला देवराड़ी, उषा मार्तोलिया, भावना सुयाल, सीता देवराड़ी, लीला पांगती, कौशल्या रावत आदि थी।

दिनेशपुर के दलीपनगर में बैठकी व खड़ी होली के दौरान गीत गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

चक्कीमोड़ में होली मिलन कार्यक्रम आज

दिनेशपुर : श्रमजीवी पत्रकार यूनियन दिनेशपुर-गूलरभोज के तत्वावधान में दूसरी बार रामलीला मैदान चक्कीमोड़ में 22 मार्च को सायं छह बजे से होली मिलन कार्यक्रम किया जाएगा। वृंदावन से आए कलाकारों ने फूलों की होली प्रस्तुत दी जाएगी। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष जीवन सिंह नयाल ने बताया कि रामलीला मैदान चक्कीमोड़ में आपसी भाईचारा का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए होली मिलन कार्यक्रम रात्रि 9 बजे तक आयोजित होगा।

होली महोत्सव में देर रात तक झूमे लोग

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : श्रमजीवी पत्रकार यूनियन द्वारा आयोजित होली महोत्सव 2023 उत्साह और रंगों भरा रहा। जहां शहर के संभ्रांत नागरिकों के अलावा पत्रकारों ने होली गीतों पर जमकर धमाल मचाया। वहीं म्यूजिकल ग्रुप ने ऐसी समां बांधी की माहौल होलीमय हो गया और मौजूद लोग झूमने पर विवश हो गए। इस दौरान फूलों की होली आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कुछ देर अपनी उपस्थिति देकर भाईचारे का संदेश दिया।

महोत्सव का शुभारंभ विधायक शिव अरोरा, विधायक तिलक राज बेहड़, यूनियन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डीसी शास्त्री और प्रदेश महामंत्री विश्वजीत नेगी, जिलाध्यक्ष राजीव चावला द्वारा दीप जलाकर किया। इस दौरान स्वागत गीत के साथ शुरू हुआ होल्यारों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम। जहां राधा-कृष्ण की अठखेलियां, वृंदावन का राधा कृष्ण का नृत्य ने खूब वाहवाही लूटी और दो कुंटल फूलों से खेली गई होली आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर निवर्तमान मेयर राम पाल सिंह, एसटीएफ प्रभारी एमपी सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा, संजय ठुकराल, अनिल चौहान, अंतरिक्ष शर्मा, विजय भूषण गर्ग, अंकुर पपनेजा, विपिन जल्होत्रा, विकास शर्मा, सुरेश कोली, विनोद धामा, मंदीप वर्मा, संजय जुनेजा, मनोज छाबड़ा, दिवाकर पांडेय, शालिनी बोरा, ललित दुम्का, दीपा जोशी, किरन कार्की, गुरविंदर सिंह, ओमप्रकाश सलूजा आदि मौजूद रहे।

थारू जनजाति की प्रसिद्ध होली क्षेत्र से लुप्त हो रही

नानकमत्ता। होलिका दहन से एक सप्ताह पहले ही हर घर में खेली जाने वाली थारू जनजाति की प्रसिद्ध होली क्षेत्र से लुप्त होती जा रही है। फैशन की चमक में युवा होली से दूर भागते देखे जा रहे हैं। आज से दो दशक पूर्व होलीका दहन से पहले थारू बाहुल्य गांवों में ढोल मंजीरों के साथ होली के गीतों की सुरीली आवाज हर आदमी को सुनाई देती थी। कहा जाता है कि खटीमा, नानकमत्ता और सितारगंज थारू राणा जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में ऐसी प्रसिद्ध होली कोई और नहीं खेलता था। थारू राणा जनजाति समाज के लोग गांव में घर घर में जाकर ढोल मंजीरे और होली के गीतों के साथ होली खेलकर मिठाई बांट लेते थे। होलीका दहन के बाद गांव के मुखिया के घर अन्तिम बार होली खेलने के साथ साल भर के लिये बन्द कर दिया जाता है, लेकिन समय बीतने के बाद अब फैशन की चमक में युवा होली से दूर हटते नजर आ रहे हैं।अब ढोल की आवाज भी कहीं कहीं ही सुनने को मिलती है।

बाजपुर में कुमाउनी खड़ी व बैठकी होली की धूम

बाजपुर। क्षेत्र में चहुंओर पर्वतीय समाज की कुमाउनी खड़ी व बैठकी होली की धूम मची है। महिला होल्यारों की टोलियां घर-घर दस्तक दे कर होली गीतों से एक-दूसरे को होली की बधाई दी जा रही है। गुरुवार को पर्वतीय समाज की महिला होल्यारों की टीम मोहल्ला पहाड़ी कालोनी स्थित वीके नैनवाल के आवास पर पहुंची, जहां ढोलक-मंजीरा के साथ होली गायन शुरू किया गया जिसमें होलियों में आई है बहार, नंदा देवी तेरे भवन में..., पकड़-पकड़ कर नंदलाला, राधा ने पकड़ा रंग डाला..., मेरी चुनरी में पड़ गयो दाग री कैसो चटक रंग डारो श्याम..., जल कैसे भरूं यमुना गहरी..., रंग में होली कैसे खेलूं मैं कन्हया तेरे संग..., जल भरने चली दोनों बहना..., मत जाओ पिया होली आई रही... आदि होली गीतों के साथ नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर माधवी नैनवाल, यशोदा जोशी, गंगा बिष्ट, कमला उप्रेती, भावना पांडे, प्रिया पंत, सरस्वती लोहनी, कमला लोहनी, मुन्नी जोशी खष्टी लोहनी, ललिता बोरा, उर्वशी पापड़ा, तनुजा अधिकारी, दीपा पंत, प्रेमा बिष्ट, सुनीता गुप्ता, प्रेमा जोशी, मीना जोशी आदि मौजूद थी। वहीं मोहल्ला मझरा प्रभु में ब्लाक के पीछे रमेश कंडपाल के आवास पर होली गायन का कार्यक्रम हुआ।

बाजपुर के ग्राम हरिपुरा में घर-घर दस्तक देकर होली गायन करते होल्यार।

होल्यारों की टीमों ने घर-घर दस्तक दी

बाजपुर। ग्रामीण क्षेत्र में भी होली गायन की धूम मची है जिसमें पर्वतीय समाज के होल्यारों की टीमें घर-घर दस्तक देकर होली गायन कर रहे हैं। गुरुवार को ग्राम हरिपुरा हरसान होल्यारों की टीम घर-घर पहुंची, जहां होली गायन कर रंग जमाया गया। इस दौरान होली खेले यशोदा के लाल मोसे फागुन में... आदि होली गीतों का गायन किया गया। साथ ही एक-दूसरे को अबीर-गुलाल व रंग लगाकर होली की बधाई दी गई। इस मौके पर राम सिंह, दीवान सिंह भंडारी, राजू, डबल बिहारी, शाह, कृष्ण जोशी, विजय जोशी, भैरव दत्त पांडे, ग्रीस, नंदू भट्ट, रमेश मिश्रा, प्रमोद भट्ट, बादल भट्ट, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, कन्नू जोशी, प्रवीण सिंह आदि मौजूद थे। इसी प्रकार ग्राम झारखंडी, बरहैनी आदि में भी होल्यारों की टीम घर-घर पहुंची और होली गायन कर रही हैं।

हैप्पी होली...

काशीपुर में होली मनाते लायंस क्लब के सदस्य। ● अमृत विचार

लायंस क्लब के सदस्यों ने एक-दूसरे को लगाया गुलाल

काशीपुर : लायंस क्लब काशीपुर सिटी के तत्वाधान में रामनगर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में फागुन का त्योहार होली बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर महिला सदस्यों ने होली के आया रे फागुन आया, गीत गाए। सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर गुजिया खिलाई। होली के गीतों से सारा माहौल रंगमय हो गया तथा स्थानीय कलाकारों ने राधा कृष्ण का अभिनय व नृत्य कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा की होली का त्यौहार पारंपरिक रीति रिवाज का उद्घोष कर मानव एकता का परिचायक है। इस दौरान महेश वर्मा, हरिओम तोमर, समरपाल ग्रेवाल, स्वतंत्र मेहरोत्रा, जसवीर सिंह, सतविंदर सिंह, आनंद सक्सेना, भास्कर त्यागी आदि मौजूद रहे।

एसबीएस महाविद्यालय में होली का उत्सव मनातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

होली उत्सव में दिया मताधिकार के प्रयोग का संदेश

रुद्रपुर। मतदाता जागरूकता को लेकर सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर में होली का उत्सव आयोजित किया गया। इस दौरान नये वोटर छात्र-छात्राओं को होली पर्व मनाने के साथ ही मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। गुरुवार को महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. आशा राणा ने नए वोटर छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वह सुरक्षित होली पर्व मनाने के साथ-साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

काशीपुर। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के मेंबर वरिष्ठ पत्रकार निखिल पंत के निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और गुजिया खिलाकर होली के गीतों पर झूमे। इस मौके पर वैश्य महासंघ के प्रदेश मंत्री आकाश गर्ग, बिग्रेडियर देवेन्द्र कुमार, कमांडेंट हेमपुर डिपो लेफ्टिनेंट कर्नल प्रमोद, आईएमटी की निदेशक डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, जोगेन्द्र सिंह, मुकुल गोयल, बसंत, ओपी सिंह, राम चन्द्र अग्रवाल, अश्वनी शर्मा, दीपक कुमार, राम मोहन, रजत सिद्धु आदि उपस्थित थे।

श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का समापन

काशीपुर : 18 मार्च से शुरू हुए श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का गुरुवार को कीर्तन व होली मिलन के साथ ही समापन किया गया। दर्शन बिहार कालोनी स्थित श्री खाटू श्याम जी के निर्माणाधीन मंदिर में 18 मार्च को शुरू हुए श्री फाल्गुन महोत्सव में श्याम प्रेमियों नें बाबा के भजनों का जमकर आनन्द लिया। इस दौरान दूर दराज से आये भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान फूलों की होली खेली गई। भक्त भजनों पर झूमते नजर आए। श्री श्याम रसोई के माध्यम से प्रसाद का लगातार वितरण किया गया। श्री श्याम सेवक ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष अमित चौहान, उपाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, राजीव यादव, प्रमोद यादव,नवनीत चौहान, पुनीत अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, दीप्ति अग्रवाल, लवकुश चौहान, प्रियंका अग्रवाल, शिखा अग्रवाल आदि शामिल रहे।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन

दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।
लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी)
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन
हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

आवास योजना के नाम पर साढ़े पचहत्तर हजार की ठगी

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: अज्ञात साइबर ठग ने खुद को प्रधानमंत्री आवास योजना का सरकारी कर्मचारी बताकर एक ग्रामीण के साथ 75 हजार 500 रुपए की ऑनलाइन ठगी कर दी। खुद के साथ धोखाधड़ी होने का आभास होने पर पीड़ित ने पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

कोतवाली अंतर्गत वार्ड नंबर 2, आजाद नगर निवासी सुकेन राय पुत्र भद्र राय ने साइबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक को दिए शिकायती पत्र में कहा कि 9 फरवरी को उसके पास अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर खुद को प्रधानमंत्री आवास योजना का कर्मचारी बताते हुए देहरादून ऑफिस से बात करने की जानकारी दी। पीड़ित के अनुसार फोन करने वाले व्यक्ति ने उसे बताया कि आपको इंदिरा आवास की योजना का लाभ मिलने वाला है, जिसके लिए फाइल व अन्य चार्ज के लिए उसे पैसे चुकाने पड़ेंगे। पीड़ित सुकेन राय ने बताया कि उसने फोन करने वाले व्यक्ति की बात पर भरोसा कर उसके द्वारा दिए गए गूगल नंबर पर 9 फरवरी तथा 10 फरवरी को कुल 75 हजार 500 रुपए की धनराशि ट्रांसफर कर दी। पीड़ित के अनुसार कर्मचारी बता रहे व्यक्ति ने जब पीड़ित से 14 हजार रुपए और देने की मांग की, तो पीड़ित ने इनकार कर पैसे वापस करने की मांग शुरू कर दी। जिसके बाद खुद को सरकारी कर्मचारी बता रहे आरोपी ने फोन बंद कर दिया।

ऑनलाइन धोखा

▸▸ फाइल और अन्य चार्ज के लिए पैसे चुकाने के नाम पर लिया झांसे में

शिकायत करने पर चाकू से हमले का केस दर्ज

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: सिडकुल फैक्टरी में ड्यूटी के दौरान काम करने के लिए कहने पर कर्मचारी आग बबूला हो गया और उसने गाली गलौच कर सुपरवाइजर पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभद्रता, मारपीट करने सहित जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फुलसुंगा ट्रांजिट कैंप रूद्रपुर निवासी रोहित यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह सिडकुल की जयहिद ऑटो टेक कंपनी में ठेकेदार फर्म इंडियन मैनेजमेंट सर्विस के तहत सुपरवाइजर का कार्य करता हैं। प्रतिदिन की भांति बुधवार की सुबह सात बजे वह कंपनी में ड्यूटी के लिए पहुंचा तो डिफलेसिंग में नौकरी करने वाला बरेली (उत्तर प्रदेश) के बसंत नगर जागीर निवासी प्रमोद कुमार लाइन पर कार्य नहीं कर रहा था। जिसकी शिकायत उसने कंपनी के अधिकारी मनोज से अभद्रता कर प्रमोद ने चाकू से उसके पीठ व पेट पर जान मारने की नियत से कई वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गया। कंपनी के लोगों ने पहुंचकर उसे प्रमोद के चुंगल से बचाया और अस्पताल में भर्ती कराया। उसके पेट और पीठ में टांके लगे हैं। इस हमले का चश्मदीद गवाह पवन कुमार है, प्रमोद ने पवन को भी जान से मारने की धमकी दी है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रूद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

मजदूर की मौत पर काटा हंगामा

रोष

▸▸ मृतक के पेट में सरिया के चोट के निशान भी हैं, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता, रुद्रपुर

घटना की जानकारी लेते कोतवाल धीरेंद्र कुमार। ● अमृत विचार

अमृत विचार : बगवाड़ा चौकी इलाके में सरिया फैक्ट्री में काम करने वाले एक श्रमिक की मौत गुत्थी बन गई है। परिजनों ने जहां फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। हंगामे की सूचना मिलने पर कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि मृतक के पेट में नुकीला नुमा सरिया से चोट के निशान भी हैं।

किच्छा निवासी 22 वर्षीय मंजीत सिंह नेशनल हाईवे 74 शिमला पिस्तौर स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। गुरुवार को रोजमर्रा की भांति काम पर गया कि अचानक मशीन पर काम करते वक्त युवक गश खाकर गिर गया। जिसे देखकर मौके पर अफरातफरी मच गई और युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव को लेकर पुनः फैक्ट्री पहुंचे और प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटना शुरू कर दिया।

परिजनों का कहना था कि कंपनी द्वारा जबरन कार्य कराने के दौरान पेट में नुकीली नुमा सरिया लगने के कारण युवक की मौत हुई है। चर्चा यह भी है कि मृतक की हार्ट अटैक से मौत हुई होगी। हंगामे की सूचना मिलने पर कोतवाल धीरेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां स्थानीय लोगों व परिजनों ने मृतक को 20 लाख रुपये का मुआवजा देने का मुद्दा भी उठाया। वहीं कंपनी प्रबंधन पर कार्रवाई की भी मांग की। कोतवाल धीरेंद्र कुमार का कहना था कि मंजीत मौत प्रकरण में हार्ट अटैक और हादसा दोनों बातें सामने आ रही हैं। ऐसे में पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। साथ ही परिजन कोई शिकायती पत्र देते है तो पुलिस जांच करेगी।

मुख्य आरोपी ने पिथौरागढ़ आकर अपना गिरोह बनाया, जौलजीवी इलाके में कर चुका है 70 लाख की ठगी

नौकरी छोड़कर युवाओं को ठगने का बनाया धंधा

खुलासा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : युवाओं को नौकरी का सपना दिखाकर ठगी करने का मुख्य आरोपी पंकज सिंह ने प्राइवेट नौकरी छोड़कर युवाओं को ठगने का धंधा शुरू कर दिया था। कुछ साल पहले पिथौरागढ़ आने के बाद उसने अपना नेटवर्क बनाया और थाना जौलजीवी इलाके में ही लाखों की ठगी को अंजाम दे चुका है।

एसटीएफ कुमाऊं प्रभारी एमपी सिंह ने बताया कि पश्चिमी दिल्ली का रहने वाला मुख्य आरोपी पंकज सिंह कुछ साल तक दिल्ली की एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। मगर पैसा कमाने का शॉर्टकट तरीका अपनाते हुए पंकज वर्ष 2018 में पिथौरागढ़ आया और तीन सदस्यों का गिरोह बनाकर बेरोजगार युवाओं को ठगने का तरीका खोज लिया।

ठगी के मुख्य आरोपी के साथ एसटीएफ की टीम। ● अमृत विचार

केंद्रीय बल में नौकरी का देता था झांसा

एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार इनामी ठग पंकज सिंह ने अपने नेटवर्क के माध्यम से इलाके में अफवाह फैलाई कि उनका परिचय जो कि आईटीबीपी, सीआरपीएफ और बीएसएफ जैसे केंद्रीय सुरक्षा बल में अच्छी पकड़ रखता है और कई बेरोजगार युवाओं को नौकरी दिला चुका है। अफवाह सुनकर जब युवा उसके पास आता तो उसका रहन सहन देखकर हैरान हो जाता था। वहीं केंद्रीय सुरक्षा बल में नौकरी पाने का सपना लेकर आता और लाखों की ठगी का शिकार हो जाता था।

बताया कि पहले आरोपी ने पर्वतीय इलाकों की भौगोलिक परिस्थितियों को समझा और जब उसे लगा कि स्थानीय युवाओं में सेना में भर्ती होने की ज्यादा चाहत रहती है तो उसने अपने नेटवर्क के माध्यम से सेना में नौकरी दिलाने का झांसा देना शुरू कर दिया। इसके लिए वह जाल में फंसे युवक से सारे असली दस्तावेज अपने पास रखता और मोटी रकम तय करने के बाद फर्जी अधिकारियों से मिलकर पैसा ऐंठना शुरू कर दिया। रकम देने के बाद जब पीड़ित दबाव बनाता तो उसकी हत्या करने या फिर सारे असली दस्तावेज गायब करने की धमकी देना शुरू कर देता। पूछताछ में पता चला कि थाना जौलजीवी के पिथौरागढ़ व जाजरदेवल इलाके में ही मुख्य आरोपी 70 लाख से अधिक की ठगी कर चुका है और जब मुकदमा दर्ज होने के बाद छिपकर पुलिस को गच्चा देने लगा, जबकि गिरोह के तीन सक्रिय पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

तीन आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार

दिसंबर 2023 में जौलजीवी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ठगी गिरोह के धर्मेंद्र कुमार लोहिया निवासी बिण पिथौरागढ़, नीरज कुमार कनौडिया निवासी नई दिल्ली सदर बाजार और विण चैसर पिथौरागढ़ निवासी सोनी लोहिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि मुख्य सरगना पंकज सिंह नाम बदल कर गिरफ्तारी से बच रहा था। गिरफ्तारी के दौरान भी आरोपी एसटीएफ को गलत नाम बताकर गुमराह करने की कोशिश कर रहा था।

पंकज पर दर्ज हैं छह मुकदमे

सेना में नौकरी दिलाने का झांसा देने वाले मुख्य आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर सहित ठगी के पांच मुकदमे पंजीकृत हैं। इसमें वर्ष 2023 में थाना जौलजीवी पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की। इसके अलावा पिथौरागढ़ थाना जौलजीवी में ही ठगी व मारपीट के दो, थाना जाजरदेवल में ठगी का एक, थाना खटीमा में ठगी के दो मामले दर्ज हैं।

मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली वस्तुओं पर रोक जरूरी : टी शंकर

व्यय प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट में की बैठक, निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के पालन के निर्देश दिए

तैयारी

संवाददाता, रुद्रपुर

अनुवीक्षण तंत्र के अधिकारियों के साथ बैठक करते व्यय प्रेक्षक टी शंकर। ● अमृत विचार

अमृत विचार : व्यय प्रेक्षक टी शंकर ने व्यय तंत्र में तैनात सभी अधिकारी व टीमें तटस्थ होकर सक्रियता से कार्य करें। साथ ही निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पालन करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली वस्तुओं मदिरा, धन-बल को रोकना है, ताकि सभी प्रत्याशियों को समान मंच मिल सके।

गुरुवार को यह निर्देश भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय क्षेत्र में तैनात व्यय प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट सभागार में व्यय अनुवीक्षण तंत्र के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में लगे सभी अधिकारी, कर्मचारी तटस्थ होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। यह कार्य धरातल पर दिखना भी चाहिए। उन्होंने कहा सभी अधिकारी पारदर्शिता से कार्य करें और हस्तपुस्तिका का पूर्ण अध्ययन कर लें, ताकि निर्वाचन के दौरान किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि सभी एसएसटी, एफएसटी, वीएसटी, एलएमटी, एमसीएमसी टीमें सतर्क होकर पैनी नजर रखते हुए कार्य करें। समय पर अपनी-अपनी रिपोर्ट प्रतिदिन नोडल व्यय को दें, ताकि प्रत्याशी व्यय का समय पर अंकन किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी की रैलियों की वीडियोग्राफी भलिभांति करें, ताकि वीवीटी टीम रैली की वीडियो देखकर व्यय का सही से आकलन कर सके। इस दौरान नोडल व्यय डॉ.पंकज कुमार शुक्ल, नोडल एमसीएमसी आरडी पालीवाल ने प्रेक्षक को विस्तृत जानकारियां दी।

प्रत्येक प्रत्याशी अपना नया बैंक खाता खोलेंगे

व्यय प्रेक्षक ने कहा कि प्रत्येक प्रत्याशी नामांकन से पूर्व अपना नया बैंक खाता खोलेंगे। निर्वाचन के दौरान इसी बैंक खाते से धनराशि का लेन-देन होगा। स्टार प्रचारकों के भ्रमण, हैलीपैड, सभास्थलों पर भी पैनी नजर रखी जाये। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी अथवा समस्या आने पर वे उनसे सीधे बात कर सकते हैं।

एसएसटी-एफएसटी टीमें नाकों पर रखें पैनी नजर

व्यय प्रेक्षक ने कहा कि एसएसटी व एफएसटी टीमें सक्रियता से काम करें। साथ ही नाकों पर पैनी नजर रखे व संसदीय क्षेत्र में प्रवेश करते समय वाहनों की गहनता से जांच करे। उन्होंने कहा कि जांच व किसी प्रकार की सामग्री मिलने पर सीजर की वीडियोग्राफी भी अवश्य करायी जाए।

यह लोग रहे मौजूद

उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी, नोडल अधिकारी तेज सिंह, नोडल अधिकारी ईएमएस अनिल सिंह चौहान, सहायक व्यय प्रेक्षक अरविंद्र कुमार, रत्नेश कुमार, राजीव वर्मा, मोहन सिंह बिष्ट, फराज अली, राजेंद्र कुमार, नारायण सिंह मेहता, ललित, आरएस बरफाल, संजय मीणा, कमलेश गहलोत समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

हथियार जमा न करने पर होगी कार्रवाई

काशीपुर। लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही देशभर में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है, जिसके तहत पुलिस प्रशासन भी सक्रिय हो गया है। पुलिस ने लाइसेंसी हथियारों को जमा करने के नोटिस भी जारी कर दिये हैं। वहीं लोगों से भी लाइसेंसी हथियार जमा करने के निर्देश दिये हैं। काशीपुर कोतवाल आशुतोष सिंह ने एक अपील जारी करते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत सभी शस्त्र धारक अपने-अपने शस्त्र गन हाउस या कोतवाली में आज ही जमा करा दें।

नेपाल से तस्करी कर लाई सिगरेट पकड़ी

खटीमा। झनकइया पुलिस ने नेपाल से तस्करी कर कार से लाई जा रही 10 पेटी अवैध सिगरेट पकड़ी है। पुलिस द्वारा बुधवार रात्रि मेलाघाट रोड स्थित 22 स्कूल पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान करीब अर्धरात्रि पुलिस ने नेपाल सीमा की ओर से आ रही कार को रोका और उसकी तलाशी ली।

पुलिस ने कार में रखी हुई पेटियां देखी। उन्होंने पेटियों की जांच की तो उसमें नेपाल में बनी खुकरी सिगरेट बरामद हुई। पुलिस ने कार, चालक ऊंची बगुलिया निवासी सिद्धार्थ कुमार को समान सहित कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर बरामद सिगरेट कार और आरोपी को कस्टम विभाग के सुपुर्द कर दिया।

सोशल मीडिया का अधिक से अधिक उपयोग करें : बहुगुणा

सम्मेलन में मंच में मौजूद कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, प्रत्याशी अजय भट्ट व अन्य। ● अमृत विचार

सम्मेलन

▸▸ सोशल मीडिया वॉलिंटियर सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री ने सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र की सोशल मीडिया वॉलिंटियर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें नैनीताल, ऊधमसिंह नगर और काशीपुर जिले के सोशल मीडिया के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया का उपयोग कर सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की गयी।

गुरुवार को रामपुर रोड स्थित एक रिजॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि सोशल मीडिया की सेना सदैव पार्टी की विचारधारा को और सरकार की रीति नीति को धरातल पर उतराने के लिए महत्वपूर्ण कड़ी मानी जाती है। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। सोशल मीडिया की तकनीक का बेहतर उपयोग करते हुए प्रत्याशी अजय भट्ट व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रत्येक गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र से अजय भट्ट की जीत सुनिश्चित करनी है।

विधायक शिव अरोरा ने कहा कि सोशल मीडिया के वॉलिंटियर भाजपा को घर-घर तक ले जाने के लिये दिन रात मेहनत करते हैं। लोकसभा चुनाव का प्रचार प्रसार सोशल मीडिया के माध्यम से होना है। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं शत-प्रतिशत योगदान दें। भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि सोशल मीडिया का यह सम्मेलन हमारे प्रचार प्रसार को अंतिम पायदान पर ले जाने के लिये बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाला है। लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट ने कहा कि सोशल मीडिया के यह वॉलिंटियर मेरी ताकत है जो दिन रात हमारी सरकार हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं।

प्रदेश सोशल मीडिया सयोजक नवीन ठाकुर ने कहा कि आज का युग सोशल मीडिया का है और प्रचार का बहुत बड़ा माध्यम सोशल मीडिया बन गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की कई ऐसी योजनाएं हैं जो आम जन तक हम अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से प्रसारित करना है। कार्यक्रम का संचालन सोशल मीडिया लोकसभा संयोजक योगेश वर्मा ने किया।

यह लोग रहे मौजूद

भाजपा लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, दर्जा मंत्री दिनेश आर्य, निवर्तमान मेयर रामपाल, क्लस्टर हेड प्रदीप बिष्ट, गंधार अग्रवाल, विकास बठला, चंदन बिष्ट, रश्मि रस्तौगी, शालनी बोरा, अमित नारंग, फरजाना बेगम, मोहन तिवारी, मंयक कक्कड़, लक्ष्मण खाती, बिट्टू चौहान, पंकज शर्मा, आदेश भरद्वाज, गिरीश पाल, धर्म सिंह कोली, राज कोली, जितेंद्र संधू, शंकर विश्वास, विजय डे, विकास कुकरेजा व अन्य लोग मौजूद रहे।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
BAREILLY
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
- अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
- इंजियोग्राफी
- एंजियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- टी.एम.टी.
- होल्टर टेस्ट (Holter Test)
- बैलून बाल्बोटामी
- इकोकार्डियोग्राफी
- कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
- इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)

हृदय रोग के लक्षण
- क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
- क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
- क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
- क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
- क्या चलने पर घबराहट होती है?
- क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?

इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में

रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

ईवीएम, वीवीपैट प्रशिक्षण का निरीक्षण करते व्यय प्रेक्षक टी. शंकर व अन्य।

पहले चरण के मतदान का प्रशिक्षण पूरा किया

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शिता, सुचारु व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पंतनगर के गांधी हॉल में पहले चरण के प्रशिक्षण के अंतिम दिन मतदान अधिकारियों सहित जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को भी मास्टर ट्रेनरों ने मतदान के लिए सैद्धांतिक व व्यावहारिक ईवीएम वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण में निर्वाचन आयोग की ओर से तैनात व्यय प्रेक्षक टी. शंकर ने ईवीएम, वीवीपैट प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए मास्टर ट्रेनरों को निर्देश दिए कि वह मतदान कर्मियों को ईवीएम संचालन में पूरी तरह दक्ष करें। उन्होने कहा कि ईवीएम संचालन में कार्मिकों की शंका हो, उसका मौके पर ही सामाधान किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि क्षम्य नहीं होती है, इसलिए प्रशिक्षण में जो भी जानकारी दी जा रही है उसको भलीभांति सीख लें।

कहा कि सभी कार्मिक आचार संहिता का पालन करें और मतदान पार्टियां मतदेय स्थल तक पंहुचने की सूचना तत्काल सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को दें। नोडल प्रशिक्षण नरेश चंद्र दुर्गापाल व मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण में बारीकियों को समझाते हुए कार्मिकों को प्रपत्र भरने, ईवीएम को ऑन ऑफ करने व सील करने के साथ ही बीयू, सीयू तथा वीवीपैट को संयोजित करने, खोलने व सील करने की जानकारी देते हुए हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया। इस दौरान सीडीओ मनीष कुमार, टीएस मर्तोलिया, अजय सिंह, केएस रावत, हरेंद्र मिश्रा सहित सेक्टर-जोनल मजिस्टेट व मतदान अधिकारी मौजूद रहे।

श्रमजीवी पत्रकार यूनियन
दिनेशपुर, गूलरभोज, उधमसिंह नगर के तत्वावधान में
द्वितीय
होली मिलन समारोह
दिनांक : 22 मार्च, सायं 6 से 9 बजे तक
रामलीला मैदान चक्कीमोड़ में
मथुरा वृंदावन के कलाकारों द्वारा फूलों की होली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

जीवन सिंह नयाल — अध्यक्ष
गौतम सरकार — महामंत्री
एवं समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण,
श्रमजीवी पत्रकार यूनियन दिनेशपुर-गूलरभोज उधमसिंह नगर
आप लोग सहपरिवार पधार कर हमें अनुग्रहित करें।

एक नजर

स्वयंसेवियों ने देश भक्ति गीतों से मन मोहा

जसपुर। आरएलएस मैमोरियल डिग्री कॉलेज जसपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर के समापन समारोह का शुभारम्भ विशिष्ट अतिथि डा. रवि कुमार चिकित्साधिकारी आयुष्यान आरोग्य मंदिर नादेही व मुख्य अतिथि संजय कुमार राजपूत 'निर्भय' पीस क्लब जसपुर ने किया। इस दौरान एनएसएस के स्वयंसेवियों ने देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक, काव्य पाठ आदि की सुंदर व मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी के मन को मोह लिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. रविकुमार ने स्वयंसेवियों को सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेवक अजय कुमार और सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका अंशिका को चुना गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी ईशा शर्मा, सामाजिक उद्घोषक के रूप में देवकी, परेड में अतुल, कला में ललिता व निशा को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी चुना गया।

होली दहन के लिये एकत्र की गई लकड़ियां आग के हवाले कीं

नानकमत्ता। क्षेत्रीय पुरातत्व विभाग और जिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व विभाग ने श्री सनातन धर्म उत्थान समिति को धार्मिक कार्य सम्पन्न कराने के लिए नानकमत्ता में 26 फरवरी को खाता संख्या 936 व 937 से कुल रकवा 0.205 हेक्टेयर यानी सवा तीन बीघा भूमि राजस्व विभाग ने हस्तांतरित कर दी। जिससे जमीन पर अवैध रूप से काबिज लोगों ने उत्तेजित होकर मौके पर पहुंच कर होली दहन के लिये एकत्र की गई लकड़ियों को आग के हवाले कर दिया। जिस से सनातन धर्म उत्थान समिति और महिलाओं की झड़प होते देखकर सूचना पर पहुंचे राजस्व विभाग के पटवारी अनंत कुमार शर्मा और पुलिस ने मामला शांत कराया। बता दें पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा ने 23 नवम्बर 2023 को धार्मिक कार्य सम्पन कराने के लिये सरकारी भूमि निशुल्क उपलब्ध कराने का सम्बन्धित अधिकारियों से अनुरोध किया था।

सहजयोग की संस्थापिका के जन्मदिवस पर केक काटा

बाजपुर। सहजयोग की संस्थापिका श्रीमाताजी निर्मला देवी के 101वें जन्म दिवस पर सहज योगियों द्वारा संजय कालोनी बाजपुर में केक काटकर खुशियां मनाई और जन्म उत्सव के मुख्य कार्यक्रम छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश से लाइव जुड़कर पूजा और भजनों के माध्यम से श्री माता जी निर्मला देवी को याद किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड सहजयोग के पूर्व स्टेट कोआर्डिनेटर धर्मेंद्र बसेड़ा ने कहा कि माता निर्मला देवी मध्य प्रदेश छिंदवाड़ा में 21 मार्च 1923 को शालीवाहन वंश के परिवार में जन्मी। उन्होंने 23 फरवरी 2011 में कबेला इटली में निर्वाण प्राप्त कर सांसारिक देह त्याग दिया।

गेहूं के खेत से पकड़ी 120 लीटर अवैध शराब

खटीमा। सत्रहमील पुलिस ने वनगवां गांव में छापामार कारवाई करते हुए एक गेहूं के खेत से 120 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद की। मुखबिर से मिली सूचना पर सत्रहमील चौकी प्रभारी ललित बिष्ट ने टीम के साथ शराब तस्करों के ठिकानों पर दबिश दी लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में पुलिस ने सुरागकसी कर गेहूं के खेत से 120 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर वनगवां निवासी सुरजीत सिंह, बलबीर सिंह, सुखेदव सिंह टिंकू के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अभियुक्तों की तलाश कर रही है। इधर कोतवाली पुलिस ने नौगवां ठग्गू जाने वाले पुलिया के पास से बीती सायं खटीमा निवासी प्रमोद को 30 पाउच लगभग 10 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

सीसीटीवी का कनेक्शन काटकर स्टोर और गोदाम पर चोरों का धावा

आधी रात में खिड़की के रास्ते अंदर घुसे, फिर ताला तोड़कर नकदी और सामान चोरी किया

दुस्साहस

▸▸ शोरगुल सुनकर चोर छत के रास्ते दरवाजा बंद कर भागे

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : एक गिफ्ट स्टोर के ताले तोड़कर चोर करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी व अन्य सामान चुरा ले गये। मोहल्ला सिंघान में जतिन दुआ का जतिन गिफ्ट स्टोर नाम से दुकान है। वहीं उनका गोदाम भी है और वह परिवार सहित कुछ ही दूरी पर रहते हैं।

बुधवार को स्टोर स्वामी जतिन दुआ दुकान का सामान लेने के लिए दिल्ली गए हुए थे। तभी आधी रात चोर उनके स्टोर और गोदाम में घुस आये। इस दौरान चोरों ने स्टोर का सामान व दुकान के गल्ले में रखी करीब डेढ़ लाख रुपये चुरा लिए। कटोराताल पुलिस चौकी ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर चोरों की तलाश में आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। उधर घटना के संबंध में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप दी। पीड़ित जतिन दुआ ने बताया कि चोर गल्ले में रखी करीब डेढ़ लाख रुपये चुरा ले गये हैं। साथ ही स्टोर का कुछ अन्य सामान भी साथ ले गये हैं, जिसकी डिटेल जुटाई जा रही है। उधर कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है। वहीं तहरीर के अनुसार मुकदमा भी दर्ज किया जा रहा है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।



चोरी की घटना की जानकारी देता दुकान कर्मी व दुकान में चोरी से पूर्व चोरों द्वारा काटे गए सीसीटीवी का कनेक्शन। ● अमृत विचार

पड़ोसी ने दी स्टोर स्वामी को घटना की जानकारी

बुधवार की देर रात को पूरे मोहल्ले की लाइट चली गई थी। जिस कारण वहां अंधेरा हो गया। जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने सीसीटीवी कनेक्शन काट दुकान में प्रवेश किया। उधर लाइट जाने के बाद पड़ोसी भी जाग रहे थे। उन्हे दुकान में कुछ खटपट की आवाज सुनाई दी। जिसके बाद उन्होंने स्टोर स्वामी जतिन को फोन कर दुकान में किसी के होने की सूचना दी। जिस पर जतिन ने अपने घर व स्टाफ को फोन किया। जिसके बाद परिवार वाले व स्टाफ के लोग मौके पर पहुंच गये। बताया जा रहा है कि जब तक यह सब लोग दुकान में घुसे तब तक चोर शोरगुल सुनकर छत के रास्ते भाग गये। इस दौरान चोरों ने छत का दरवाजा भी बंद कर दिया था। जिससे कोई जल्दी छत पर न पहुंच सके। वही प्रत्यदर्क्षियों के अनुसार दुकान से निकालकर तीन चोर भागे थे।

छत के रास्ते दुकान में घुसे चोर

जतिन गिफ्ट स्टोर में घुसे चोर दुकान के ऊपर स्थित गोदाम की खिड़की के रास्ते अंदर आये और वहां से दरवाजे का ताला तोड़कर नीचे दुकान के गल्ले तक पहुंचे। जहां उन्होंने गल्ले में रखी नकदी चुराई। इस दौरान चोरों ने भागने के लिए छत का रास्ता चुना और छत के रास्ते आसपास की छतों से होते हुए भाग गये। इस बीच चोरो ने दुकान में घुसने से पहले सीसीटीवी कैमरों के कनेक्शन के तार काट दिये थे। जिससे वह सीसीटीवी कैमरे में कैद न हो सके। बिजली जान से सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े थे।

किच्छा चीनी मिल ने किया 12 करोड़ 50 लाख का भुगतान

किच्छा। चीनी मिल प्रशासन द्वारा होली पर्व से पूर्व गन्ना किसानों का करीब 12 करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक का भुगतान कर दिया गया है।

चीनी मिल की अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने बताया कि 1 फरवरी से पूर्व खरीदे गए गन्ने का भुगतान चीनी मिल द्वारा पहले ही कर दिया गया था और अब 10 फरवरी तक 10 दिन के अंतराल में चीनी मिल द्वारा क्रय किए गए गन्ने का कुल 12 करोड़ 50 लाख 65 हजार 182 रुपए का भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से संबंधित समितियों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि किच्छा चीनी मिल द्वारा 10 फरवरी तक किसानों से खरीदे गए गन्ने का करीब 72 करोड़ 93 लाख 68 हजार 173 रुपए का पूरा भुगतान संबंधित समितियों को किया जा चुका है।

अधिशासी निदेशक मर्तोलिया ने कहा कि किसानों को समय पर गन्ने का भुगतान करने को लेकर तथा चीनी मिल से संबंधित गन्ना किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने का हर संभव प्रयास किया गया है ताकि किसानों को दिक्कत नहीं हो।

सभी नामांकन पत्र वैध मिले

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: खटीमा अधिवक्ता एसोसिएशन चुनाव के लिए हुई नामांकन पत्रों की जांच में सभी 25 नामांकन पत्र सही पाए गए। कार्यकारिणी के छह सदस्य पदों के लिए छह नामांकन होने से इनका निर्विरोध चुना जाना तय है, जो प्रत्याशी नाम वापस लेना चाहे वह शुक्रवार को वापस ले सकेंगा।

एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी हयात सिंह कुंअर और सहायक चुनाव अधिकारी अवधेश मौर्य ने बताया कि जांच के बाद सभी नामांकन पत्र सही पाए गए। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए सूरज प्रकाश और हरजिंदर सिंह कलसी, उपाध्यक्ष पद के लिए मनोहर लाल विश्वकर्मा और मलकीत सिंह, महिला उपाध्यक्ष पद के लिए ममता शर्मा, स्नेहा प्रभा और स्नेह लता राणा, सचिव पद के लिए महेश चंद्र भट्ट, साबिर हुसैन और हरजीत सिंह उपसचिव पद के लिए अनिकेत पंत, आशीष मेहरोत्रा और सतीश चौहान, कोषाध्यक्ष पद के लिए लखविंदर सिंह और शहाना बेगम, लेखा परीक्षक पद के लिए मनोज और शहनवाज सिद्दीकी तथा पुस्तकालय पद के लिए अब्दुल मजीद और मधु राणा चुनावी मैदान में हैं। वहीं सदस्य के छह पद के लिए बिजनेश्वरी राणा, मो सलीम, नरेश चंद्र तिवारी, निधि गुप्ता, पूजा अग्रवाल और सचिन सिंह राणा का निर्विरोध चुना जाना तय है। चुनाव अधिकारी द्वय ने बताया कि कल शुक्रवार को प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे।

खटीमा में नामांकन पत्रों की जांच करते चुनाव अधिकारी। ● अमृत विचार

समय से उठेगा कूड़ा, डोर टू डोर वाहन भी पहुंचेंगे

खबर का असर

संवाददाता, काशीपुर

चेतावनी

▸▸ खबर का संज्ञान लेकर नगर आयुक्त ने लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी

अमृत विचार: शहर का कूड़ा समय पर उठेगा और वार्डों में कूड़ा उठाने जाने वाले वाहन भी समय पर ही पहुंचेंगे। नगर निगम के आयुक्त विवेक राय ने कहा कि सफाई व्यवस्था पर खास ध्यान दिया जाता है। लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं होगी।

लोकप्रिय अखबार अमृत विचार ने शहर की सफाई व्यवस्था का मुद्दा उठाया था। गुरुवार को नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि कूड़ा उठाने के लिए दर्जनों वाहन सुबह साढ़े छह बजे चले जाते हैं। दो पॉलियों में कूड़ा उठाया जाता है। उन्होंने बताया कि शाम की पाली के लिए नगर निगम से वाहन ढाई बजे निकल जाते हैं। बताया कि डोर-टू-डोर कूड़ा नहीं उठाने की शिकायतें मिल रही है। सफाई व्यवस्था पर लापरवाही हुई तो कार्रवाई की जाएगी। निगम रोजाना शहर 55 मैट्रिक टन कूड़ा उठाता है। लापरवाही पर पांच हजार का जुर्माना लगाया जाएगा।

आईएसआई मार्क वाले उत्पाद ही खरीदें

कार्यक्रम

▸▸ जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में कार्यक्रम हुआ

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार : जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के विद्युत आभियांत्रिकी विभाग में बुधवार को भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून की ओर से यूथ टू यूथ कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ब्यूरो की ओर से सहायक निदेशक भाविक और दीपक कुमार पांडेय ने छात्रों को व्याख्यान दिए।

ब्यूरो के विशेषज्ञ भाविक ने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो देश की राष्ट्रीय मानक संस्था है। जिसका आईएसआई मार्क गुणवत्ता की गारंटी है, इसलिए सभी को आईएसआई मार्क वाले उत्पाद ही खरीदने चाहिए। यह भी बताया कि बीआईएस केयर ऐप से किसी भी आईएसआई मार्क वाले उत्पाद की जांच की जा सकती है। विद्युत अभियांत्रिकी के विभागाध्यक्ष डॉ. एके स्वामी, डॉ. अजय श्रीवास्तव और स्टैंडर्ड्स क्लब के मेंटर डॉ. राजीव सिंह व को-मेंटर डॉ. हरेंद्र सिंह रावत ने भी छात्रों को मानकों से परिचित कराया। इस कार्यक्रम में विद्युत आभियांत्रिकी के 50 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. राजीव ने बताया कि मानक और गुणवत्ता एक दूसरे के पर्यायवाची शब्द हैं। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों ने अर्जित जानकारियों की सराहा करते हुए भविष्य में मानकों से संबंधित जानकरी को समाज में प्रचार प्रसार करने पर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

प्रतिभागी छात्रों के साथ विशेषज्ञ और विद्युत अभियांत्रिकी की टीम। ● अमृत विचार

द्विवर्षीय चुनाव में प्रशांत बने निर्विरोध अध्यक्ष

काशीपुर। टैक्स बार एसोसिएशन के द्विवर्षीय कार्यकारिणी (वर्ष 2024-25 व 2025-26) के चुनाव रामनगर रोड स्थित एक होटल में संपन्न हुए। जिसमें निर्विरोध रूप से अध्यक्ष प्रशांत वर्मा को चुना गया। साथ ही उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, सचिव केके अग्रवाल, उपसचिव नवनीत गोयल, वैभव जिंदल तथा कोषाध्यक्ष अश्वनी सैनी निर्वाचित हुए।

मुख्य चुनाव अधिकारी नरेन्द्र कुमार रस्तोगी एडवोकेट एवं सहायक चुनाव अधिकारी विपिन कुमार एडवोकेट ने इसकी विधिवत घोषणा की। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष अग्रवाल समेत अधिवक्ताओं मयंक गुप्ता, संजीव शर्मा, मुकेश सक्सेना, स्वतंत्र नवीन, विकास वर्मा, विवेक जैन, विकास अग्रवाल, त्रिलोक शर्मा आदि ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

सौगात जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय में फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग में प्रशिक्षण का आयोजन

चीड़ की पत्तियां बनेंगीं ऊर्जा का वैकल्पिक साधन

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार : जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय में आईसीएआर से वित्त पोषित परियोजना एआईसीआरपी आन ईएएआई के तहत फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग विभाग में एक दिनी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें परियोजनाधिकारी डॉ. आरएन पटेरिया ने हल्द्वानी ब्लाक के कालूपुर पोखरिया गांव के अनुसूचित जनजाति के 25 किसानों को चीड़ की पत्तियों व अन्य अपशिष्ट पदार्थों से ऊर्जा के वैकल्पिक साधन पर प्रशिक्षण दिया।

डॉ. पटेरियां ने बताया कि चीड़ की पत्तियों से बायोचार बनाकर उनसे ब्रिकेट तैयार किए जाते हैं। इस तकनीक के उपयोग से बायोचार और बायोचार से कृत्रिम कोयला बनाया जाता है, जिससे भविष्य में किसानों के लिए नया रोजगार भी उपलब्ध हो सकेगा। यह ब्रिकेट न केवल चीड़ की पत्तियों के जंगल में आग के खतरों को कम करने में सहायक है बल्कि पर्यावरण हितैषी भी है। खास बात यह है कि इसमें बिजली के उपयोग की जरूरत नहीं होती और यह उपयोग के दौरान धुआं रहित होता है। कालूपुर पोखरिया के इन किसानों को प्रशिक्षण के बाद परियोजना के तहत बायोचार यंत्र और ब्रिकेटिंग मशीन निःशुल्क प्रदान की गईं।

किसानों को प्रशिक्षण देते डॉ. आरएन पटेरिया। ● अमृत विचार

ऐसे बनेगी ब्रिकेट

पंतनगर। डॉ. पटेरिया ने बताया कि बायोचार यंत्र में चीड़ की पत्तियों या खरपतवार एवं अन्य बायोमास को 50 से 60 फीसदी ही जलाया जाता है, फिर दूसरी खेप डाल दी जाती है ।यह प्रक्रिया तब तक दोहराते हैं जब तक पूरा यंत्र न भर जाए। इसके बाद ढक्कन को कीचड़ से पैक कर दिया जाता है। जिसके बाद कोल पाउडर यानी बायोचार निकलता है। इसमें पानी, चिकनी मिट्टी व गोबर आदि मिलाकर पेस्ट बनाया जाता है और ब्रिकेटिंग मशीन से ब्रिकेट तैयार किए जाते हैं।

यह होगा फायदा

पंतनगर। यह ईंधन की लकड़ी के लिए पर्वतीय क्षेत्रों के किसानों की मेहनत को कम करेगी। साथ ही जंगलों में आग के खतरों को भी कम करेगी। इससे सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों में ग्रामीणों की ईधन के लिए लकड़ी पर निर्भरता कम होगी और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी।

सार-संक्षेप

देवनगर में बाउल संगीत की प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

काली पूजा महोत्सव में देर रात तक जमे रहे श्रोता

शक्तिफार्म। देवनगर में आयोजित पांच दिवसीय काली पूजा महोत्सव के दौरान बांग्ला संस्कृति का आइना बाउल संगीत ने समा बांधा। गुरुग्राम के पागला भोला बाउल संप्रदाय द्वारा दी गई मनमोहक बाउल संगीत की प्रस्तुति से देर रात तक श्रोता भाव विभोर हो उठे व कार्यक्रम स्थल पर ही जमे रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील सरकार ने की। इस मौके पर पूजा कमेटी अध्यक्ष शंकर गोलदार, भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु पद प्रमाणिक, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील विश्वास, ग्राम प्रधान नारायण सरदार, उप प्रधान बंकेश सरदार, क्षेत्र पंचायत सदस्य विक्रम भंडार, रवि मजूमदार, अजय सरकार, अमीर दास, चंदन विश्वास, सुकृत मालाकार, दीपांकर मल्लिक, विक्रम मंडल, विश्वजीत राय, दीपांकर राय, माखन मंडल, अमल मंडल, तपन सरकार समेत ग्रामीण एवं वरिष्ठजन मौजूद थे।

परिजनों को सहायता राशि का चेक देते वन क्षेत्राधिकारी। ● अमृत विचार

भालू के हमले में जान गंवाने वाले के परिजनों को सौंपा चेक

शक्तिफार्म। करीब तीन माह पहले ग्रामसभा सुरेंद्रनगर निवासी व्यक्ति की भालू के हमले से मौत होने के बाद वन विभाग ने मृतक के परिजनों को सहायता राशि का चेक प्रदान किया। ज्ञात हो कि एक जनवरी को सिडकुल से काम की तलाश कर लौट रहे सुरेंद्रनगर निवासी रविन सरदार (58) पुत्र स्व. खिरोद सरदार पर भालू ने हमला कर दिया था, जिसमें वहां गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहीं अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। ग्राम प्रधान राजा हालदार द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी। बुधवार को वन विभाग ने जांच पूरा कर मुआवजे की कार्यवाही की और परिजनों को सहायता राशि का चेक प्रदान किया। मृतक के आवास पर पहुंच वनक्षेत्राधिकारी घनानंद चन्याल ने पत्नी अंजना सरकार को चार लाख की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। इस मौके पर वनकर्मी संजय कुमार, ग्राम प्रधान राजा हालदार मौजूद रहे।

बाजपुर में निजी भवन में क्रमिक अनशन पर बैठे किसान। ● अमृत विचार

भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन जारी

बाजपुर। बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि को लेकर निजी भवन में संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन 234वें दिन भी जारी रहा जिसमें गुरुवार को परमजीत सिंह, खजान सिंह, रहीश, सुखदेव सिंह क्रमिक अनशन पर रहे जिनका मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा, विचित्र सिंह आदि ने फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। बताया गया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए बिना किसी शोरगुल के शांति पूर्वक आंदोलन निजी भवन में संचालित किया जा रहा है। इस मौके पर पिंदरपाल सिंह, विक्रम सिंह, राजा सिंह, देवेश प्रताप सिंह, नत्था सिंह आदि मौजूद रहे।

किच्छा में ग्रामीणों के साथ बैठक करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

जनसंपर्क कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

किच्छा। कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ के प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने विधानसभा अंतर्गत तमाम ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों से जनसंपर्क किया और कांग्रेस के पक्ष में प्रचार कर कांग्रेस की नीतियों से जनता को अवगत कराया। विधायक प्रतिनिधि बेहड़ ने तमाम कांग्रेसियों के साथ निकटवर्ती ग्राम पटेरी, पंतपुरा, अंजनिया, दोपहरिया, वीरू नगला, पुरानी गिद्धपुरी आदि क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से लोगों से संपर्क किया और उनकी समस्याएं सुनी। युवा कांग्रेसी नेता बेहड़ ने कहा कि देश को एक सकारात्मक और उन्नत भविष्य की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए देश को एक मजबूत और समर्थ सरकार की आवश्यकता है, जो केवल कांग्रेस पार्टी ही दे सकती है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं का समर्थन कांग्रेस के लिए अति महत्वपूर्ण है। मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस जिला महामंत्री गुलशन सिंधी, गुड्डू तिवारी, मेजर सिंह, ओमप्रकाश गंगवार, धर्मेंद्र सिंधी, दानिश मलिक, पंकज गंगवार, रजत गंगवार, सीमा रघुवंशी, गुलाब राय, श्रीपाल, सुंदर लाल, सुखदेव सिंह, दिलीप सिंह, निशांत सिंह आदि मौजूद रहे।

एक नजर

भूड़ी चौराहे के पास सड़क किनारे खड़ी बाइक चोरी

बाजपुर : फोन सुनने में व्यस्त व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। ग्राम गजरौला निवासी भूपेंद्र सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि 6 मार्च को वह बाइक पर घर से बन्नाखेड़ा बाजार जा रहा था। जैसे ही वह भूड़ी चौराहे के पास पहुंचा तो परिचित का फोन आ गया जिसके चलते वह बाइक सड़क किनारे खड़ी करके फोन पर बात कर कुछ दूर तक चला गया। आरोप है कि थोड़ी देर बाद लौटा तो उसकी बाइक गायब थी जिसकी काफी तलाश की गई, लेकिन कोई पता नहीं चला।

महिला समेत तीन लोग शराब के साथ धरे

बाजपुर : पुलिस ने ग्राम महतावन निवासी रंजीत सिंह पुत्र प्यारा सिंह को 60 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ उसके घर से गिरफ्तार किया। इसके अलावा बन्नाखेड़ा चौकी की पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब सहित ग्राम इटव्वा निवासी बलवीर सिंह पुत्र वाकर सिंह को केलाबंदवारी-इटव्वा रोड से गिरफ्तार कर लिया। इसी प्रकार ग्राम रजपुरा नंबर-दो निवासी जसवंत कौर पत्नी भगवान सिंह को 50 लीटर कच्ची शराब के साथ घर के आंगन से गिरफ्तार किया है।

जयंती की अनुमति मांगी

काशीपुर : अंबेडकर पार्क जन कल्याण सेवा समिति अध्यक्ष चंद्रहास गौतम ने 14 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम के लिए एसडीएम से परमिशन की मांग की है। कहा कि 14 अप्रैल को भोगपुर स्थित अंबेडकर पार्क में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई जाएगी। कुंडेश्वरी, जुड़का, महुआखेड़ा गंज, बांसखेड़ा खुर्द, गोपीपुरा समेत दूर दराज से लोग जयंती में शामिल होंगे।

एसएसबी ने ग्रामीणों की जांच कर बांटी दवा

खटीमा : भारत नेपाल सीमा पर तैनात 57वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने नगरा तराई और नदन्ना गांव में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और निशुल्क दवाइयां वितरित की। एसएसबी के कमांडेंट मनोहर लाल के निर्देशन में सिमलघाट चौकी द्वारा नगरा तराई और नदन्ना में मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जहां सशस्त्र सीमा बल के द्वितीय कमान अधिकारी डॉ वीर बहादुर सिंह द्वारा शिविर में आए मरीजों का परीक्षण किया गया। डॉक्टर सिंह ने शिविर में आए ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान एएसआई मोहन सिंह, एएसआई मनोज कुमार, सुनील तथा विजय सहित सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद रहे।

50 पाउच के साथ शराब तस्कर गिरफ्तार

किच्छा : पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। कांस्टेबल रविकांत शुक्ला एवं कांस्टेबल रवि सती की टीम ने गश्त के दौरान थाना अंतर्गत सिरसा पुलिया के निकट सड़क किनारे खड़े एक आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी ग्राम बरा, थाना पुलभट्टा निवासी गुरमीत सिंह के कब्जे से प्लास्टिक के कट्टे में रखे अवैध कच्ची शराब के 50 पाउच बरामद कर लिए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

21 पेटी देसी शराब के पव्वों के साथ गिरफ्तार

बाजपुर : पुलिस ने 21 पेटी देसी शराब के पव्वों सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बन्नाखेड़ा चौकी की पुलिस टीम गुरुवार को क्षेत्र भ्रमण पर थी। इसी बीच सूचना मिली कि बन्नाखेड़ा-बरहैनी मुख्यमार्ग पर नम्बरदार तिराहे के पास सड़क किनारे खेत में भारी मात्रा में शराब की पेटियों के साथ एक व्यक्ति खड़ा है। इस पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई और वहां मौजूद व्यक्ति पुलिस को देखकर सकपका गया और भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी करके दबोच लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम ट्रांजिट कैंप थाना रुद्रपुर निवासी सचिन बताया। खेत में रखीं 21 बंद पेटियों से दबंग मार्का के 1008 पव्वे बरामद हुए। शराब की पेटियों पर आरबीएनएस लक्सर हरिद्वार अंकित है।

चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

पंतनगर : गुरुवार सुबह 8.35 बजे एसआई प्रदीप कुमार हमराही कांस्टेबल पंकज पोखरियाल के साथ टांडा मोड़ पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान हल्द्वानी की ओर से पैदल आ रहा युवक उन्हें देखकर पीछे मुड़कर भागने लगा। संदिग्ध लगने पर उन्होंने युवक को को घेरकर बैरियर से कुछ दूर पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम लवप्रीत सिंह पुत्र स्व. अमरजीत सिंह निवासी ग्राम मुड़लिया गौसू थाना अमरिया पीलीभीत (उ.प्र.) बताया। तलाशी में तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ।

सरकारी संस्थानों में पीने का पानी तक नहीं

तहसील में जनता के लिए लगाए हैंडपंप से आ रहा गंदा पानी, नगर निगम के हैंडपंप के पास मिली गंदगी

अमृत विचार लाइव

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : काशीपुर में अपनी समस्याओं को लेकर विभिन्न विभागों में जाने वालों को पीने का पानी तक नहीं मिल रहा है। तहसील, नगर निगम, अस्पताल आदि जगहों पर लगाए हैंडपंपों में कहीं दूषित पानी आ रहा है तो कहीं पेयजल के आस-पास गंदगी पड़ी हुई है। पेयजल को लेकर व्यापारी भी परेशान हैं।

गुरुवार को अमृत विचार की टीम ने सरकारी विभागों के दफ्तरों व परिसरों में पीने के पानी की व्यवस्थाओं की पड़ताल की। 11:45 पर नगर निगम में लगाए गए दोनों वाटर कूलर बंद पड़े मिले। वहीं परिसर में लगाए हैंडपंप से धुंधला पानी निकल रहा है। व्यापारी विशाल सिंह ने बताया कि पिछले तीन दिनों से साफ पानी नहीं आने से व्यापारी समेत राहगीर परेशान हैं। खरीदारी करने वाने वाले ग्राहक भी धुंधला पानी पीने को मजबूर हैं। पेयजल की व्यवस्थाओं पर तहसील की स्थिति भी ठीक नहीं है। तहसील में एक अदद वाटर कूलर लगा है।

हैंडपंप से दूषित पानी निकल रहा है। 1:30 पर अस्पताल में लगाया गया वाटर कूलर चलता हुआ मिला। लेकिन हैंडपंप की खस्ताहाली से तीमारदार परेशान रहे। बताया कि कई दिनों से खराब हैंडपंप को अस्पताल प्रशासन सही नहीं करवा रहा है। वहीं एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि वह संबंधित अधिकारियों से पेयजल संबंधित जानकारी लेंगे। लोगों को गर्मियों में आसानी से पीने का पानी मिले, इसकी व्यवस्थाएं कराने को कहा जाएगा।

नगर निगम के पास लगे हैंडपंप से निकले गंदे पानी को दिखाता युवक। ● अमृत विचार

तहसील में लगाया हैंडपंप खस्ताहाल।

नगर निगम के पास लगे हैंडपंप से दो सौ से अधिक व्यापारी पानी पीते हैं, कई बार हैंडपंप खराब हो गया। इसकी जानकारी अधिकारियों को दी गई तब जाकर हैंडपंप ठीक हुआ, लेकिन अब धुंधला पानी आ रहा है। पानी में गंदगी भी दिख रही है।
-राज कुमार सेठी, व्यापारी

बाजार में ही सरकारी विभाग है। लोग कई दूर दराज से आते हैं, लेकिन पीने के पानी की व्यवस्था ठीक नहीं है। कर्मी घर से पानी की बोतल लेकर आते हैं। व्यापारी व राहगीर पानी के लिए परेशान होते हैं।
-नीतिन अरोरा, निवासी

निगम में विभिन्न कार्यों से कई लोगों का आना जाना रहता है। गर्मी बढ़ रही है तो पानी के लिए लोग भटकते हैं। यही हाल तहसील का भी है।
-राजू सिंह, दुकानदार।

हैंडपंप से ही दुकानदार व राहगीर पानी पीते आ रहे हैं। गंदा पानी आने से बीमारियों की आशंका को लेकर लोग परेशान हैं। गर्मी में पेयजल की दिक्कतें बढ़ जाती हैं।
-संजय कुमार, निवासी

रोडवेज में पानी की कोई व्यवस्था नहीं

काशीपुर : रोडवेज डिपो से दिल्ली समेत कई रूटों पर बसों का संचालन होता है। यहां यात्रियों की डिपो परिसर में भीड़भाड़ रहती है, लेकिन रोडवेज प्रशासन ने न वाटर कूलर लगाया है न ही हैंडपंप की व्यवस्था की है। एक टोटी पानी के लिए लगाई है, इससे आस-पास गंदगी फैलने से यात्री टोटी के पास नहीं जाते हैं। दुकानों से पानी खरीदकर यात्री प्यास बुझा रहे हैं।

काशीपुर की यातायात व्यवस्था बनी चुनौती

संवाददाता, काशीपुर

▸▸ आरओबी पर यातायात संचालन नहीं होने से दो मार्ग पर अधिक है यातायात का दबाव

अमृत विचार : काशीपुर में यातायात व्यवस्था को बेहतर करना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। बाजपुर रोड पर आरओबी निर्माण होने के बाद भी अभी उस पर यातायात शुरू नहीं हुआ। वहीं आगामी माह में उत्तर भारत का प्रसिद्ध चैती मेला और टूरिस्ट सीजन भी शुरू हो जाएगा। जिसके चलते ट्रैफिक पुलिस के लिए आगामी माह में यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

बता दें कि पिछले सात साल से बाजपुर रोड पर आरओबी का निर्माण कार्य हो रहा था, जोकि अब लगभग पूर्ण हो चुका है, लेकिन इस पर यातायात शुरू होने को लेकर अभी भी संशय बना हुआ है। जिस कारण शहर के दो मुख्य मार्ग टांडा व कुंडेश्वरी पर यातायात का दबाव अधिक है। चैती मेले में दूर दराज के लाखों की संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं और देश विदेश के टूरिस्ट रामनगर जाने के लिए काशीपुर से होकर गुजरते हैं। ऐसे में आरओबी पर यातायात सुचारू नहीं होने से टांडा व कुंडेश्वरी मार्ग पर यातायात की व्यवस्था सुचारू बनाए रखना पुलिस के लिए चुनौती से कम नहीं है। हालांकि यातायात पुलिस के साथ सीपीयू व संबंधित थाना व चौकी पुलिस भी यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए लगी रहती है। उसके बावजूद ट्रैफिक अधिक होने और दोनों मार्गों पर रेलवे क्रॉसिंग होने के कारण काफी पसीना बहाना पड़ता है। एसपी काशीपुर अभय सिंह का कहना है कि लोगों को जाम से निजात दिलाने व यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रमुख स्थानों पर यातायात, सीपीयू व पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई है। इसके अलावा होमगार्ड के जवान भी तैनात किये गये हैं। आगामी माह में ट्रैफिक की व्यवस्था अधिक होने के चलते कर्मियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। साथ ही बेहतर यातायात व्यवस्था को लेकर ट्रैफिक वालंटियर व एनजीओ का सहयोग भी लिया जाएगा।

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रुद्रपुर। बिलासपुर बाईपास मार्ग पर कार की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत हो गई। गोकुल नगरी बिलासपुर यूपी निवासी बलकार सिंह बिलासपुर स्थित एक कंपनी में मजदूरी का काम करता था। बताया जा रहा कि रोजमर्रा की भांति मजदूर गुरुवार की सुबह साढ़े पांच बजे बाइक से काम पर जा रहा था।

अचानक तेज गति से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घायल को रुद्रपुर के जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और सड़क हादसे की सूचना बिलासपुर थाना पुलिस को दी।

दुकान में आग से भारी नुकसान

▸▸ कड़ी मशक्कत के बाद दमकल की टीम ने आग पर पाया काबू

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : बुधवार की देर रात इलेक्ट्रॉनिक दुकान में धधकी आग से लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। दमकल की गाड़ियों ने घटनास्थल पहुंचकर आग पर काबू पाया।

भदईपुरा वार्ड-चार निवासी सुरेंद्र श्रीवास्तव की घर के नजदीक ही बांके बिहारी इलेक्ट्रॉनिक के नाम से दुकान है। रोजमर्रा की भांति बुधवार की शाम को दुकान स्वामी ने दुकान बंद की और घर चला गया। रात ढाई बजे अचानक दुकान से धुआं उठता देख पड़ोसियों ने घटना की जानकारी दुकान स्वामी को दी। सूचना मिलते ही दुकान स्वामी और दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और बमुश्किल आग पर काबू पाया। आग इतनी विकराल थी कि चंद मिनटों के अंदर दुकान में रखा लाखों का सामान जल गया। दुकान स्वामी सुरेंद्र श्रीवास्तव ने आशंका जताई कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी होगी। दुकान में रखी 30 एलईडी टीवी, 15 बूफर, 70 कॉपर तार के बंडल, सात नये टीवी, कई खराब व सही मोटर के अलावा बिजली फिटिंग का सामान जल गया। अग्निकांड से करीब 10 से 15 लाख रुपये की क्षति होने का अनुमान है। गुरुवार को अग्नि कांड की खबर मिलते ही विधायक शिव अरोरा घटनास्थल पर पहुंचे और दुकान स्वामी को ढांढस बंधाते हुए सीएम से वार्ता कर आर्थिक क्षतिपूर्ति दिलाने का आश्वासन दिया।

अग्निकांड स्थल का मुआयना करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

जमानत पर रिहा होते ही उड़ाई मोटर

खटीमा। सत्रह मिल चौकी पुलिस ने बनगवां में महिला के घर से मोटर चोरी करने के मामले में के मामले में एक चोर को मैं मोटर सहित गिरफ्तार किया है। भगवान निवासी परमजीत कौर ने पुलिस को सौंप तहसील में उसके घर से मोटर चोरी होने का मामला दर्ज कराया इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वनगवां निवासी मलकीत को बृहस्पतिवार को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोटर भी बरामद कर ली है और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया। चौकी प्रभारी ललित बिष्ट ने बताया कि इससे पूर्व आरोपी चाकू के साथ पकड़ा गया था। इसके खिलाफ आर्म एक्ट में मामला दर्ज है। यह भी बताया कि वह कुछ दिन पहले ही जमानत पर रिहा होकर घर आया है और अब चोरी करते हुए पकड़ा गया।

झटका : कांग्रेस प्रदेश सचिव दिलीप भाजपा में हुए शामिल

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। तीन बार के सभासद और कांग्रेस प्रदेश सचिव दिलीप अधिकारी समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं।

विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय पर पटका पहनकर स्वागत किया। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में बंगाली समाज का बड़ा चेहरा माने जाने वाले दिलीप अधिकारी पूर्व विधायक ठुकराल के करीबी माने जाते हैं ओर कैंप क्षेत्र में मजबूत पकड़ रखते हैं।

गुरुवार को भाजपा में शामिल होने के बाद दिलीप अधिकारी ने कहा कि वह पहले भी लंबे समय से भाजपा परिवार में रहे हैं और एक बार फिर अपने घर में वापस हो रहे हैं। निश्चित रूप से विधायक शिव अरोरा के कार्यो से प्रभावित होकर ओर उनकी रुद्रपुर के प्रति विकास की सोच के साथ भाजपा व विधायक शिव अरोरा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे।

कार्यक्रम मे मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, राजकुमार साह, राधेश शर्मा, प्रमोद शर्मा, बिटू शर्मा, सुरेश कोली, किरण विर्क, उपेंद्र चौधरी, आशीष छाबड़ा, मनोज मदान, सुशील यादव, बब्बू सागर, वीरेंद्र तिवारी, अनमोल विर्क, मंयक कक्कड़, नंदलाल, नमन चावला व अन्य लोग मौजूद रहे।

भाजपा में शामिल दिलीप अधिकारी का स्वागत करते विधायक शिव अरोरा।

पिता ने दर्ज कराया पुत्र के खिलाफ चोरी का मुकदमा

किच्छा : नशा खरीदने के लिए पैसे का इंतजाम न होने पर पुत्र ने अपनी ही दुकान का शटर चोरी कर लिया। आरोपी युवक के पिता ने पुत्र की निशानदेही पर चोरी किए गए शटर को बरामद कर लिया। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में बंडिया भट्टा किच्छा निवासी रेवाराम पुत्र मोहन लाल ने बताया कि उसका पुत्र मनोज नशे का आदी है, जिसके चलते उसकी पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई। आरोप है कि परिवारजनों के साथ आए दिन पुत्र मनोज द्वारा गाली गलौज कर नशे के लिए पैसों की मांग की जाती है। जान से मारने की धमकी दी जाती है, जिसके चलते परिवारजनों को मनोज से जान माल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने बताया कि विगत 15 मार्च को परिवार के सभी लोग घर से बाहर गए हुए थे इसी दौरान पुत्र मनोज ने घर में बनी दुकान के शटर को चोरी कर कहीं छुपा दिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

सरस्वती विद्या मंदिर का एनएसएस शिविर संपन्न

खटीमा : रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का समापन संपन्न हुआ। शिविर में आयुष सिंह, नितिन कोहली, हर्षिता बोरा और प्रिया गुप्ता को शिविर का सर्वश्रेष्ठ शिविरार्थी चुना गया। समापन अवसर पर अमाऊं क्षेत्र के भैया बहनों द्वारा भजन कीर्तन, होली गायन एवं नाटक नुक्कड़ प्रस्तुत किए गए। एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा इस क्षेत्र में स्वच्छता, मतदाता जागरूकता, नशा उन्मूलन, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अंत में प्रधानाचार्य भगत सिंह बोरा ने अतिथियों का आभार व्यक्त कर होली की शुभकामनाएं दीं।

एनएसएस शिविर के समापन पर उपस्थित बच्चे व गुरुजन।

मां के संस्कारों से होता है जीवन का निर्माण

खटीमा में विद्यार्थियों की सम्मानित माताओं के साथ प्रबंधन।

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : अलक्ष्या पब्लिक स्कूल के गौरांग किड्स स्कूल के यूकेजी के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद द ग्रेजुएशन सेरिमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक मधुसूदन दास गोस्वामी, प्रबंधक विनोद बोहरा, प्रधानाचार्य अजय बोहरा ने सयुक्तरूप से मां सरस्वती के चित्र सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पूर्व छात्र डॉ यतीश जोशी, डॉ योगेश जोशी, डॉ सुमित जोशी, डॉ आरती चौसाली, डॉ राहुल भंडारी, डॉ तृप्ति बल्डिया, डॉ बरखा बल्दिया को सम्मानित किया गया।

स्मैक के साथ एक को गिरफ्तार किया

किच्छा। पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने बॉर्डर चैकिंग के दौरान बाइक सवार एक नशा तस्कर को हजारों रुपये स्मैक के साथ दबोच लिया। उत्तराखंड/उत्तर प्रदेश की सीमा पर वाहनों की चेकिंग के दौरान ग्राम सतुइया की तरफ से पुलभट्टा आ रहे बाइक सवार युवक को पुलिस ने रुकने को कहा तो आरोपी बाइक मोड़कर बहेड़ी की तरफ भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर बाइक सवार को पकड़ लिया। बाइक सवार युवक ग्राम ठाकुर नगर खेड़ा, थाना ट्रांजिट कैंप, उधम सिंह नगर निवासी कृष्णा दास के कब्जे से करीब 16 ग्राम अवैध स्मैक, दो मोबाइल फोन तथा 450 रुपए बरामद किए। आरोपी ने बताया कि उसके द्वारा बरेली निवासी हीरो नामक युवक से स्मैक खरीदी गई थी।

धारदार हथियारों से युवक पर हमला

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : कोतवाली अंतर्गत लालपुर क्षेत्र में धारदार हथियारों के साथ आरोपियों ने एक युवक पर हमला कर दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान पीड़ित ने मौके से भाग कर अपनी जान बचाई।

पुलिस को दी शिकायत में आस्था कॉलोनी, चौकी लालपुर निवासी राजकुमार सिंह पुत्र साहब सिंह ने बताया कि 17 मार्च की रात्रि 11 बजे वह परिवार के साथ घर में सो रहा था। इसी दौरान ग्राम टिब्बा लालपुर, चौकी लालपुर, थाना किच्छा निवासीगण सुनील कश्यप, सोनू सक्सेना, प्रकाश मौर्य, सोनू मौर्य एवं पवन धारदार हथियार से लैस होकर उसके घर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। इस दौरान आरोपियों ने पत्थरबाजी कर पीड़ित को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद पीड़ित एवं परिवार जनों ने मौके से भाग कर अपनी जान बचाई। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने भविष्य में जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने आरोप लगाते हुए है कि घटना के अगले दिन 18 मार्च की रात्रि करीब 1:30 बजे पांच आरोपी फिर से उसके घर में घुस आए और धारदार हथियार की नोंक पर गाली गलौज कर मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते मुस्लिम समाज के लोग।

यूसीसी पर मुस्लिमों ने धामी को किया सम्मानित

खटीमा : देवभूमि उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार द्वारा यूसीसी लागू करने वाला पहला प्रदेश होने पर मुस्लिम समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए बधाई दी। यह भी कहा कि मुस्लिम समुदाय का देश के कई राज्यों सहित उत्तराखण्ड में भी लगातार समर्थन मिल रहा है। इस दौरान खलील अंसारी, इकबाल अहमद, इमरान, जुनैद, मो. अलीम, सरताज अली, मो. आसिफ, वसीम अख्तर, मो. राहिल, यामीन, हाजी उस्मान, नजमुल हसन, मो इस्लाम, असद जमील, अली हुसैन, मो इनायत, अब्बास रहमत अली, मो .शोएब, फैज, आरिफ आदि मौजूद रहे।

नागरिकता संशोधन अधिनियम का समर्थन किया

गदरपुर : राष्ट्रीय दलित मजदूर समाज पार्टी की बैठक में देश में लागू सीएए कानून का समर्थन किया गया। बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा लागू यूसीसी कानून का भी समर्थन किया गया। गुरुवार को पंजाबी कॉलोनी में राष्ट्रीय दलित मजदूर समाज पार्टी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर पार्टी के अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र कुमार व्यास ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश में लगाए गए नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) कानून का पार्टी समर्थन करती है। इस मौके पर जितेंद्र सिंह मौर्य, डॉ संमुगल, रामवती, आनंद राय, पिनाकी देवी, प्रियंका, चतर सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

सट्टे की खाइबाड़ी करते दो लोग गिरफ्तार

बाजपुर : दोराहा व सुल्तानपुर पट्टी चौकी की पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर सट्टे की खाइबाड़ी कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मोहल्ला नेतानगर सुल्तानपुर पट्टी निवासी संदीप शर्मा उर्फ सोनू शर्मा पुत्र जितेंद्र शर्मा को पकड़ लिया। मौके से 19,850 रुपये, डायरी व पैन बरामद किया है। वहीं दोराहा चौकी की पुलिस टीम ने ग्राम हरलालपुर निवासी महेश पुत्र टेक चंद्र को ग्राम महेशपुरा से हरलालपुर को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 1650 रुपये व पेन-डायरी बरामद हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

प्रत्यारोपण किए मरीजों ने अनुभव साझा किए

काशीपुर : केवीआर हॉस्पिटल में सैलिब्रेटिंग लाइफ ऑफ्टर टोटल नी एंड हिप रिप्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रामनगर रोड स्थित एक होटल में वरिष्ठ घुटना व कुल्हा प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. तरुण सोलंकी ने प्रत्यारोपण किये गए मरीजों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जहां अंताक्षरी, रैंप वॉक व अन्य खेल खेले गए। जिसका का सभी ने आनंद लिया। साथ ही प्रत्यारोपण किए गए मरीजों ने अपने अनुभव साझा किए। एक मरीज जिनका डेढ़ साल पहले कुल्हा प्रत्यारोपण किया गया था। इस दौरान सफल प्रत्यारोपण कराने वालों ने डॉ. तरुण सोलंकी का आभार जताया।

आयुर्वेदिक चिकित्सालय से सामान चोरी

किच्छा : कोतवाली अंतर्गत ग्राम लालपुर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में चोरों ने धावा बोलकर हजारों रुपए कीमत का माल चोरी कर लिया। ग्राम लालपुर स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ दीपक कुमार ने बताया कि चोरों ने चिकित्सालय का ताला तोड़कर अंदर रखा कीमती सामान चुरा लिया। जिसमें 42 इंच का एलइडी टीवी, इनवर्टर एवं बैटरी, अग्निशमन यंत्र, एलपीजी सिलेंडर एवं गैस चूल्हा, मिक्सर एंड ग्राइंडर मशीन, म्यूजिक सिस्टम सहित अन्य सामान सामिल है।

घर से हजारों की नगदी और मोबाइल चोरी

बाजपुर : ग्राम इटव्वा में चोरों ने दस्तक देते हुए घर से हजारों की नगदी सहित मोबाइल, एंड्रायड डिजिटल वॉच आदि चुरा लिए। गुरुवार को पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा में तहरीर देकर 18/19 मार्च की रात्रि में चोरों द्वारा घर से साढे.बाइस हजार का नया सेमसंग गलेक्सी मोबाइल फोन एंड्रायड डिजिटल वॉच तथा ईयर ब्लूटूथ साढे. चार हजार की नगदी चोरी जाने की बात कही है। पुलिस ने वास्ते जांच ग्राम इटव्वा निवासी बल्देव सिंह पुत्र तेजा सिंकी तहरीर प्राप्त कर ली है।

शराब की छह भट्ठियां तोड़ीं

काशीपुर : पुलिस विभाग के बाद अब आबकारी विभाग ने भी कच्ची शराब माफिया पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। आबकारी विभाग की टीम ने दो दिन में ताबड़ताड़ कार्रवाई कर छह अवैध शराब की भट्ठियों को नष्ट किया। मौके से टीम ने 400 लीटर कच्ची शराब व हजारों लीटर लहन भी बरामद किया। इसके अलावा अलग-अलग स्थानों से टीम ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर 120 लीटर कच्ची शराब बरामद की। आबकारी विभाग ने ग्राम रम्पुरा, बरखेड़ी बहल्ला नदी, ग्राम बरखेड़ी, खाईखेड़ा बहल्ला नदी किनारे छापा मारा। जहां टीम ने नदी किनारे सुलग रही अवैध शराब की 6 भट्ठियों को नष्ट किया। उधर टीम ने ग्राम रम्पुरा निवासी मंजीत सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से 40 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की। वहीं कचनाल गाजी निवासी अमरीक सिंह को 30 लीटर और मुकुंदपुर निवासी जसवंत सिंह को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई।

दो महिलाओं सहित तीन लोगों को शराब संग पकड़ा

काशीपुर। एसडीएम, तहसीलदार व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम बरखेड़ी में छापा मारकर घर से अवैध शराब का धंधा कर रही दो महिलाओं सहित तीन लोगों को पकड़ा। टीम ने ग्राम बरखेड़ी निवासी बलविंदर सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह के कब्जे से 150 लीटर शराब खाम ,ग्राम बरखेड़ी निवासी जोगेंद्र कौर के कब्जे से 240 लीटर और शीला कौर के कब्जे से 410 लीटर कच्ची शराब बरामद की। कार्रवाई के दौरान टीम द्वारा 5000 किलो लहन मौके पर नष्ट किया।

मूर्खस्तु परिहर्तव्य : प्रत्यक्षो द्विपद : पशु : ।
भिनत्ति वाक्यशूलेन अदृश्ययं कण्टकं यथा ॥

मूर्ख व्यक्ति को दो पैरों वाला पशु समझकर त्याग देना चाहिए, क्योंकि वह अपने शब्दों से शूल के समान उसी तरह भेदता रहता है, जैसे अदृश्य कांटा चुभ जाता है।

संपादकीय

केंद्र के फैसले पर रोक

केंद्र सरकार को उच्चतम न्यायालय से झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार की उस तथ्य जांच इकाई (एफसीयू) पर रोक लगा दी है, जिसे आनलाइन कंटेंट की निगरानी के लिए बनाया गया था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड पर रोक लगाकर भाजपा समेत तमाम राजनीतिक दलों को झटका दिया था। गुरुवार को उच्चतम न्यायालय ने भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रभाव का विश्लेषण करने को अनावश्यक बताते हुए एफसीयू से संबंधित केंद्र सरकार की एक दिन पहले की अधिसूचना पर अंतरिम रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि यह अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ है। इस इकाई को 2023 में कानून में शामिल किया गया था। मगर इस यूनिट को कानून में शामिल करने की कोशिश विवादों के घेरे में रही है। सरकार ने एक दिन पूर्व ही अधिसूचना जारी कर इसे लागू किया था। कई पत्रकारों और विशेषज्ञों ने आशंका जताई कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सरकार की आलोचना करने वाली मीडिया की स्वतंत्र रिपोर्टिंग को कुचलने की कोशिश है। बांबे हाईकोर्ट ने 11 मार्च को इस अधिसूचना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई थी। याचिकाकर्ताओं कहना था कि सबके लिए एक स्वतंत्र एफसीयू रहनी चाहिए जबकि केंद्र सरकार इसे सिर्फ अपने लिए ला रही है, जो मनमाना है। क्या गलत है या क्या नहीं, यह तय करने के लिए एफसीयू केंद्र के फैसले पर निर्भर नहीं हो सकता। चुनाव के समय एफसीयू केंद्र के लिए एक हथियार बन जाएगा, जिससे वे तय करेंगे कि मतदाताओं को कौन सी जानकारी दी जाए। पीठ ने कहा मामला गंभीर संवैधानिक सवालों से जुड़ा है। उच्च न्यायालय के समक्ष प्रश्न संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) पर मुख्य प्रश्नों से संबंधित हैं। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार परिषद भी इंटरनेट के अधिकार को मौलिक स्वतंत्रता और शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करने के उपकरण के रूप में मानता है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि यह रोक तब तक लागू रहेगी जब तक बांबे हाई कोर्ट सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में पेश संशोधनों की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला नहीं सुना देता। अब लोकसभा चुनाव के समय आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और प्रमुख कर्मियों को चुनाव कार्य में व्यस्त कर दिया गया है। केंद्र के एक अलग तथ्य-जांच इकाई बनाने के प्रयास फिलहाल विफल हो गए हैं। महत्वपूर्ण है कि विचारों की आजादी लोकतंत्र का आधार है। देखना होगा कि सोशल मीडिया को जिम्मेदार व जवाबदेह बनाने की दिशा में कैसे जागरुकता बढ़ाई जाए।

मंदिर-मठों के बौद्धिक नवजागरण पर चिंतन

रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

इस मामले में भारत के सामान्य प्रवृत्ति के नेतागण और व्यक्ति अजीब प्रकृति के रहे हैं। सन् 1952 से पहले भी भारत में चुनाव हुए थे, लेकिन तब के नेता मठाधीशों से आशीर्वाद लेने नहीं गए थे। यह अलग बात है कि नए स्थापित किए जाने वाले मंदिर आजीविका के लिए निर्मित किए जाते हैं जिनमें निवास करने वाला पुजारी वर्ग आमजन के लिए सिर्फ कर्मकांड और पूजा-पाठ कर्म में सहायक होते हैं।

अधिकांश भारत मूर्तियों और मंदिरों में ही उलझा हुआ है। प्राचीन समय में मंदिरों का निर्माण नगर और गांव से बाहर किया जाता था और इन्हें या तो मठों के निकट या भीतर निर्मित किया जाता था या इन्हें नागर शैली में नगर से बाहर एक जल स्रोत के निकट के शांत और वनाच्छादित क्षेत्र में स्थापित किया जाता था ताकि ये एक इंस्टिट्यूशंस ऑफ आर्ट एंड नॉलेज की तरह से कार्य कर सकें। यहीं रहकर एकाग्रता से चिंतन, अध्ययन और अन्वेषण की प्रक्रिया पूरी होती थी।

कुछेक ऐसे ही देवालय-मठ इतने विशाल थे जिनकी व्यवस्था राजकोष से या इन्हें दान में दी गई भूमि से हुआ करती। इस भूमि पर कृषि कार्य करके फसल उगाकर अन्न पैदा किया जाता था और गोचारण में गाय रखने के अलावा अन्य भारवाहक पशु रखने की भी व्यवस्था हुआ करती। अनेक मठों में हाथी भी रखे जाते थे। छात्रों और अध्येताओं से शुल्क नहीं लिया जाता था। भारत की व्यवस्था ऐसी ही थी, लेकिन डेमोक्रेसी और इलेक्शन्स ने भारत के लोगों में एक आदत यह पैदा की कि, ज्ञान के इन पारंपरिक 'अस्थानों' (आस्था-स्थल अथवा संस्थान) को वास्तु कला और ज्ञान-सृजन की परिधि से निकाल कर सिर्फ दर्शनीय और कर्मकांड स्थल बना दिया गया। राजनेताओं की जमात सत्ता-सुख की प्राप्ति के लिए आशीर्वाद स्थल के रूप में इन्हें ऐसे इस्तेमाल करने लगी जैसे की यह इनका निजी अधिकार हो गया है।

एक मिनी विश्वविद्यालय के रूप में काम करने वाले प्राचीन समय में स्थापित मठों और ज्ञान-संस्थाओं का ह्रास चिंतित करता है, क्योंकि इन्हें अपेक्षाकृत कर्मकांड और पूजा-पाठ का स्थल समझा जाने लगा है। इसलिए कि हिम्मत करके कोई यह बताने वाला नहीं रहा कि सैकड़ों और हजार से अधिक साल से आबाद रहे मंदिर संस्थानों-मठों की स्थापना का वास्तविक उद्देश्य क्या था। इनका सही उद्देश्य नए ज्ञान का सृजन करना, ज्ञान को लिपिबद्ध करना स्मृति और श्रुति दोनों विधियों से और ज्ञान का प्रसार तर्क और न्याय के तत्वों का ध्यान रखना करना था। यूरोप में ईसाई मत में और इस्लाम में ऐसा हुआ तो परंतु काफी बाद में और चुनिंदा विधाओं में।

द्वारकाधीश मंदिर का पुनर्निर्माण भारत के राजकोष से तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की रहनुमाई में जब हुआ था तब जनभावनाओं का ऐसा सैलाब नहीं था जैसा अयोध्या में पुनर्निर्मित मंदिर में रामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के समय पर देखने में आया।

इनके मुकाबले में हिंदू ज्ञानकोष और वांग्मय में अत्यधिक विस्तार है जिसे यूरोपियन और अन्य अनेक भारत अध्येताओं ने स्वीकार किया है, सिवाय मैक्स म्युलर के जो पूरे भारत को ईसाईयत से सराबोर करना चाहते थे। भारत में जन्मे गौतम बुद्ध की शिक्षाओं को मानने वाले दक्षिण एशिया के देशों के राजनीतिज्ञ बौद्ध मठों में जाकर राजसत्ता प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद लेते हुए कभी नहीं देखे जाते सिवा ऐसे अवसर के जब या तो राजा का अभिषेक होता है या फिर किसी उत्सव के समय।

इस मामले में भारत के सामान्य प्रवृत्ति के नेतागण और व्यक्ति अजीब प्रकृति के रहे हैं। सन् 1952 से पहले भी भारत में चुनाव हुए थे, लेकिन तब के नेता मठाधीशों से आशीर्वाद लेने नहीं गए थे। यह अलग बात है कि नए स्थापित किए जाने वाले मंदिर आजीविका के लिए निर्मित किए जाते हैं जिनमें निवास करने वाला पुजारी वर्ग आमजन के लिए सिर्फ कर्मकांड और पूजा-पाठ कर्म में सहायक होते हैं। यह भी विचित्र है कि इन कर्मकांडों में वैदिक और वैष्णव दोनों ही पद्धतियों से कार्य निष्पादन होता है। लोगों की आस्था अब मंदिरों-मठों में रहने वाले ज्ञानियों द्वारा ज्ञान सृजन, अन्वेषण और परंपरा से ज्ञान के आख्यान का मूल्य समझने की उतनी नहीं रही जितना कर्मकांड में दिखाई जाने वाली 'आस्था' के प्रति बढ़ गई प्रतीत होती है। आस्था भाव एक हद तक ही सही है, लेकिन मनुष्य को अगर यह पोंगापंथी बनाए और बारम्बार एक ही रिचुएल को करते रहने की उसके मन में आदत डाल दे तो इससे विचारों की उन्नति में बाधा उत्पन्न होती है। व्यक्ति में नया काम करने के लिए उत्साह नहीं रहता और वह डरपोक बनता है। 'धर्म', प्रकृति और मनुष्य समाज में जीने की एक तरह की अद्वितीय पद्धति है जिसका संप्रेषण भाव संस्कृतिनिष्ठ कार्य पद्धति में दिखाई देता है। पूजा-पाठ और कर्मकांड तो इस समग्र संस्कृति का एक छोटा सा अंश मात्र हैं। इसे ही प्रमुख बना देना अव्यावहारिक है। यह विचित्र ही नहीं, लेकिन सत्य बात है कि खेत या कहीं और श्रम करने वाला व्यक्ति पूजा-पाठ और कर्मकांड से अधिकतर दूर रहता है।

इतिहास बताता है कि धर्म के पारंपरिक स्वरूप के प्रति आस्था और भय का प्रभाव यूरोप के लोगों में भारत से भी अधिक बड़ा था, क्योंकि वहां के धर्माचार्यों ने इसे रहस्यमयी और क्रूर भी बनाया जैसा कि पूर्वी यूरोप के रोमानिया, बुल्गारिया और स्पेन के प्राचीन ईसाई मठों के इतिहास से मालूम होता है। हिंदुस्तान में 'धर्म' के प्रति, जैसा कि इसे प्रेक्षित किया जाता रहा, भय का भाव तो कभी था ही नहीं। 'निर्भय हो' कथन आचार्य वर्ग ने हमेशा प्रतिस्थापित और संप्रेषित किया। यह भाव तब पैदा हुआ जब विदेशी आक्रांताओं से मुकाबला करने और इन्हें देश की उत्तर-पश्चिमी सीमाओं से परे खदेड़ने में भारत बिल्कुल नाकामयाब हो गया। 'धर्म' के बारे में विवेचना, विमर्श और आलोचना की प्रवृत्ति को आघात पहुंचाया गया। आधुनिक भारत में क्षुद्र-प्रवृत्ति राजनीतिज्ञों ने मौके पर इस स्थिति का शोषण किया है। सरदार पटेल और नेहरू जैसे चंद राजनीतिज्ञ ही ऐसे हुए जिन्होंनें धर्म-संस्कृति से जुड़ी हुई संवेदना का शोषण करने की प्रवृत्ति से गुरेज किया।

द्वारकाधीश मंदिर का पुनर्निर्माण भारत के राजकोष से तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की रहनुमाई में जब हुआ था तब जनभावनाओं का ऐसा सैलाब नहीं था जैसा अयोध्या में पुनर्निर्मित मंदिर में रामलला की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के समय पर देखने में आया। ऐसे अवसर दुर्लभ की श्रेणी में आते हैं और आपत्ति से परे। राजनीति करने वालों की आम प्रवृत्ति या आमजन की आम दिनों वाली प्रवृत्ति से विलग भाव से इसमें देखने की जरूरत है। निहितार्थ, फिर भी दूरगामी प्रभाव वाले तो हैं हीं। आमजन को इस प्रवृत्ति से बाहर निकलना होगा। राजनीति करने वालों को भी चुनाव के दिनों में इस प्रवृत्ति के प्रदर्शन से तौबा करनी होगी। धर्माचार्यों और समाज के बौद्धिकों को वास्तविक ज्ञान प्रणाली से प्रशिक्षित बौद्धिक क्षमता के आधार पर बहुत सी बातों को नकारने की हिम्मत पैदा करनी होगी। हमारे ज्ञान ग्रंथों की व्यवस्था में ऐसे निर्देश नहीं है जिसके अंतर्गत आममन के भीतर धर्म-भीरू या देव-भीरू स्वभाव की उत्पत्ति की जाए। भारत में 'युगों' की बात भी बेमानी है, क्योंकि यह हमारे ही आचार्यों और गणितज्ञों -आर्यभट और भास्कर के अध्ययनों से मेल नहीं खाता। भारत में इन्हीं आचार्यों द्वारा काल गणना की सर्वमान्य वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार पुराणों में दी गई काल गणना, कथा-तत्व के नाते, सिर्फ एक 'फिक्शनल हिस्ट्री' है। क्या सतयुग में मनुष्य दुखी नहीं था? क्या सतयुग और त्रेतायुग में छल और हिंसा नहीं थी? पुराणों में अनेक कहानियां ऐसी हैं, जो मनुष्य मात्र में देवों और नरेशों के प्रति भय की उत्पत्ति करती हैं।

उपरोक्त के मद्देनजर हिंदुओं, पारसियों, मुसलमानों और बौद्धों के 'धर्म' पर मीमांसक ग्रंथ अब उपलब्ध हैं। कुछ रोज से मैं सन् 1832 में प्रकाशित किताब 'ऑब्ज़र्वेशंस ऑन द मुसलमान्स ऑफ इंडिया -ए डिस्क्रिप्टिव ऑफ देयर मैनर्स, कस्टम्स, हैबिट्स एंड रिलिजियस ओपिनियन्स' ध्यानपूर्वक देख रहा हूं। इसे मीर हसन अली की बेगम साहिबा ने दो खंडों में तकरीबन ग्यारह सौ प्रकाशित पन्नों में उपलब्ध करवाया। इसकी भूमिका भारत में दशकों तक निवास करने वाले अंग्रेज स्कॉलर-ब्यूरोक्रेट विलियम क्रूक ने लिखी। हमारे देश में मुसलमानों की संस्कृति की जो झलक इसमें से निकलती है उसके अनुसार बहुत सी रवायतों, परंपराओं और कार्य पद्धतियों में वैज्ञानिकता का पुट है। धर्मांधता और अंधविश्वास बाद में कैसे निर्मित हुए, यह विश्लेषण की विषय वस्तु है। ऐसी ही पुस्तक हिंदुओं के बारे में उपलब्ध हैं जिनमें वैज्ञानिक तत्वों की व्याख्या के बारे अब बात नहीं होती। आमजन के गाइड वही हैं, जो अल्प-बौद्धिक हैं और धर्म-संस्कृति के गलत आख्यान देते हैं।

प्रसंगवश

परमार्थ की ओट में स्वार्थ सिद्धि

चुनाव का चित्र अब स्पष्ट हो गया है। थोड़ा बहुत झोल-झक्कड़ है तो उसे भी समाप्त कर लिया जाएगा। प्यार मोहब्बत नाराजगी शुरु है। इधर से उधर, उधर से इधर आना-जाना भी चल रहा है। हर पार्टी ने कुछ नए जोड़े कुछ पुराने छोड़े। किसी का दिल जुड़ाया तो किसी का टूटा। कोई बल्ले-बल्ले उछल रहे हैं तो कोई छले जाने का दोष लगा रहे हैं। अपनी कमजोरी और खामियां कोई नहीं बता रहे। सब दूसरों में खोट निकाल रहे हैं। पांच सालों तक मटरगश्ती करने वाले नेताजी ने फिर से हाथ जोड़ना और दांत निपोरना शुरू कर दिया है। सांसदों का गोद लिया गांव आज भी बदहाल है, यह और बात है कि नेताजी सदा खुशहाल बने रहे। सीटी बज गई तो चुनावी दंगल के पहलवान ताल ठोंककर कूदने के लिए तत्पर हो गए। उतर अखाड़े कूदते, लेकर अपने दांव!/अपने-अपने पैंतरे, घोषित हुआ चुनाव!! केंद्रीय शासन पर काबिज भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए इंडिया महागठबंधन बनाने का बिगुल फूंका तो गया, मगर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उसमें छेदकर दिया और उसकी हवा फुस्स से निकाल दी।

डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव अपने लाल तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए हड़बड़ाए हुए थे। मामला यहीं से गड़बड़ हो गया। नीतीश बाबू को सत्ता की कुर्सी बड़ी प्यारी लगती है। उसे छोड़ना भी नहीं चाहते हैं। अपने बिगड़ते हुए माथे का भी उन्हें ख्याल नहीं है। क्या से क्या बोल जाते हैं यह भी उन्हें पता नहीं रहता है, लेकिन यह सब उनकी महत्वाकांक्षा को मजबूती ही देता है तभी तो कभी नहीं बीजेपी समझौता कर सकती है जैसी घोषणा के बावजूद बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व सारी पुरानी बातों को भूलकर उनके साथ चिपक जाता है।

अल्टू-पल्टू बनी रही पार्टियां और नीतीश जी का पलटू राम नाम रख दिया, जबकि नीतीश जी तो मुख्यमंत्री पद पर स्थिर हैं, आज भी बने हुए हैं। पार्टियों की नीतियों की दुहाई देने वाले बड़े-बड़े सूरमा सिद्धांतों को ताक पर रखकर घुटने टेक देने में तनिक भी हिचकते नहीं हैं। भारत जोड़ो यात्रा पर धूम धड़ाके के साथ निकलते रहे कांग्रेस के राजकुमार चाटुकारिता में बड़े-बड़े बोल और बयान देते रहे पाले-पोसे हुए तोते। प्रायोजित होती रही रैलियां। अधिकार और रोजगार की मांग पर बरसती रही लाठियां! परेशान होते रहे युवा और किसान! बदहाल रही जनता। परोसे जाते रहे भाषण और आश्वासन। बुला-बुलाकर विदेशी राष्ट्राध्यक्षों को दिखलाया गया रुतबा, सुनाई गई विरुदावलियां। दुहाई दी गई भारत की महान जनता और संस्कृति की। सबने मूल समस्याओं को नजरअंदाज किया। धरती और प्रकृति जार-जार रो रही है और आकाश में नगाड़ों की धमक गूंज रही है। धरती के भगवान बेहाल हैं और आसमान में उड़ रहे हैं देवराज! सब अपनी-अपनी धुन में हैं। राजनीति में स्तर की बात सब करते हैं, मगर धज्जियां उड़ाते हुए जैसी भाषा और व्यवहार का प्रदर्शन होता है उसे क्या कहा जा सकता है? चुनावी समर में जिन वीर-बांकुरों की घोषणा हो गई वे उछल-उछलकर, मचल-मचल कर अपनी कर्मठता का बयान दे रहे हैं। अखाड़ा तैयार है। पहलवान ताल ठोंक रहे हैं। कई पहलवानों की लंगोट अदल-बदल गई है। राजनीति का सच तमाम नैतिकताओं के सच से सर्वथा अलग होता है। यहां के सारे कर्मकांड परमार्थ की ओट में स्वार्थ सिद्धि के लिए किए जाते हैं। सामाजिक समरसता के नाम पर दंगे कराए जाते हैं, निर्माण के नाम पर ध्वंस का नजारा खड़ा किया जाता है। ईश्वर, अवतार, स्वतंत्रता सेनानी सबके सब चुनावी वैतरणी की नाव पर चढ़ते उतरते रहेंगे जिसके सम्मोहन में जनता फंस जाए वैसा ही तुरुप का पत्ता फेंका जाएगा।

मुखौटों का बाजार सज गया है। नेताओं का करबद्ध पोस्टर अखबारों से लेकर दीवारों तक पर टंग गया है। मीडिया की दुकानदारी में एक दूसरे की टांग खिंचाई चल रही है। प्रायोजित तू-तू मैं-मैं चालू है। भोली-भाली जनता सचमुच लड़ रही है। अपने-अपने नेता के नाम पर बरसों की सामाजिकता को तोड़ रही है। लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव चुनाव सारी मर्यादाओं की धज्जियां देता है। देश का हर भाग उद्वेलित और आंदोलित हो गया है। जोड़-तोड़ का गणित बैठाया जा रहा है। कुबेर के खजाने खुल रहे हैं। यमराजों की लाठियां तेल पी रही हैं। नगाड़े बज रहे हैं, शोहदे उछल रहे हैं। कुछ रो रहे हैं तो कुछ ठहाकों में डूब गए हैं। देश की राजधानी में बैठने के लिए सब मचल रहे हैं। बहसें वादे नीतियां, सबकुछ है बकवास!/ सबकी है यह चाहना, दिल्ली हो आवास!!

पर्यावरण हितैषी व्यवहार से ही कम होगा वायु प्रदूषण

डॉ. मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जो नियम-कानून देश में मौजूद हैं उनका पालन भी सक्षम एजेंसियों के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है।

स्विस एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग रिपोर्ट ने 2024 में एक बार फिर भारतीयों को प्रदूषण फैलाने वाली आदतों में सुधार करने पर सोचने-विचारने के लिए मजबूर किया है। वहीं केन्द्र व राज्य सरकारों को और कारगर नीतियां बनाने तथा उन्हें शक्ति से लागू करने पर ध्यान देने की ओर संकेत दिया है।

रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार तो विश्व के 50 सबसे वायु प्रदूषित शहरों में से 42 शहर भारत के हैं तथा भारत की राजधानी दिल्ली वायु प्रदूषण की दृष्टि से दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है। इतना ही नहीं इस रिपोर्ट के आधार पर भारत की 96 प्रतिशत आबादी 'खराब एयर क्वालिटी वाले शहरों' में रह रही है। इस रिपोर्ट में प्रदूषित शहर उन्हें माना गया है, जहां 2.5 पीएम का औसत वार्षिक स्तर पांच माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से ज्यादा हैं। भारत में वायु प्रदूषण के लिए जो प्रमुख कारण दिखाई देते हैं उनमें सम्मिलित हैं। भारतीयों द्वारा पेट्रोल तथा डीजल से चलने वाले वाहनों का अधिक संख्या में इस्तेमाल करना, इसमें भी पुराने वाहनों की संख्या अच्छी खासी है। भारत सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए पिछले कुछ वर्षों में कई प्रयास किए हैं। जैसे नई स्क्रेप नीति लागू की है, ई-वाहनों के निर्माण तथा उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है, सीएनजी आधारित चार पहिया वाहनों का चलन बढ़ा है, ऑड-ईवन नंबर वाले फार्मूला भी विकल्प के रूप में उपयोग में लाया जाता है (दिल्ली)।

वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जो नियम-कानून देश में मौजूद हैं उनका पालन भी सक्षम एजेंसियों के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है। वायु प्रदूषण को कम करने वाली स्वदेशी तकनीक पर शोध निरंतर जारी है। आने वाले कुछ वर्षों में इसका अच्छा असर दिखना तय है। विकासशील राष्ट्र होने के कारण भारत में निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण से निकलने वाले धूल के कणों की अधिक मात्रा वायु में प्रवेश कर 'परक्यूलेट मैटर' को बढ़ा रही है, वायु प्रदूषण का कारण बन रही है। किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि भारत के अधिकांश शहर अपने यहां जनसंख्या के अनुपात में आधारभूत सुविधाओं में विकास करने के लिए सड़क, पुल, मेट्रो को विकसित करने, बढ़ाने में लगे हुए हैं, मल-जल निकासी में सुधार कर रहे हैं, पेयजल व्यवस्था को घर-घर तक पहुंचा रहे हैं, आवासीय एवं औद्योगिक भवन, कारखाने, रहवासी तथा औद्योगिक क्षेत्र में वृद्धि आदि करने के लिए संकल्पित हैं। शहरों में कचरे के निष्पादन हेतु चोरी छुपे उसे जलाना जारी है (यद्यपि नगरी प्रशासन द्वारा इस पर प्रतिबंध है, पुर्नचक्रीकरण पर बल दिया जा रहा है, कचरे से ईंधन गैस बनाने पर जोर है, व्यवस्था भी है और तकनीक भी भारत के पास है। इंदौर शहर इसका एक अच्छा उदाहरण है, किसानों द्वारा पराली का जलाना (पराली जलाना नहीं पड़े इसके लिए अल्टरनेटिव व्यवस्था उपलब्ध है, पर ऐसा लगता है वह किसान फ्रैंडली नहीं है, इसीलिए शायद सभी भारतीय किसानों द्वारा उस तकनीक को उपयोग में नहीं लाया जा रहा है।) भी वायु प्रदूषण को बढ़ा रहा है।

लकड़ी के लिए जंगल से पेड़-पौधों को चोरी-छुपे काटना जारी है। साथ ही जिस अनुपात में जंगलों से पेड़-पौधों की कटाई की जाती है, उस अनुपात में पेड़-पौधों लगाने की व्यवस्था माकूल दिखाई नहीं देती है। अभी भी जितना जंगल/वन क्षेत्र भारत के पास (कुल क्षेत्रफल के आधार पर) होना चाहिए, उपलब्ध नहीं है। कोयले से विद्युत उत्पादन, उद्योगों का संचालन और रेल परिवहन की निर्भरता धीरे-धीरे कम की जा रही है। बिजली उत्पादन के लिए भारत में सौर और पवन ऊर्जा का विस्तार बहुत तेजी से हुआ है, आगामी कुछ वर्षों में इसका असर दिखना शुरू हो सकता है।

हर उद्योगों को चिमनी से निकलने वाले धुएं से वायु को प्रदूषित होने से रोकने वाली तकनीक का उपयोग करने हेतु संकल्प लेने की आवश्यकता है। मेरा तो यही मानना है कि भारत को स्विस रिपोर्ट के दबाव में अपने विकास कार्यों की रफ्तार को धीमी करने की आवश्यकता बिल्कुल नहीं है। हां वायु प्रदूषण को रोकने व कम करने के लिए प्रयास और तेज करने होंगे, डीजल-पेट्रोल की खपत को जितना कम किया जा सकता है कम करना होगा। ईंधन के ऐसे विकल्पों को बढ़ावा देना होगा, जो वायु को कम प्रदूषित करते हैं। साथ ही कुल क्षेत्रफल के अनुपात में आपेक्षित वन क्षेत्र के लक्ष्य को शीघ्र हासिल करना होगा। यह सब संभव है जनसहयोग से, सुविधा भोगी आदतों में बदलाव से, पर्यावरण हितैषी व्यवहार से, प्रदूषण को कम करने के लिए बने नियम-कानून के पालन से।

सोशल फोरम

परंपराओं को अद्यतन कीजिए

हम अपनी परंपराओं पर गर्व करते हैं और उनमें किसी भी परिवर्तन का पुरजोर विरोध करते हैं, लेकिन देखा जाए तो हमारी सारी परंपरा समय, स्थान, काल और जरूरत के आधार पर विकसित होती हैं और समयानुसार बदलती भी रहती हैं। एक ही धर्म में दो अलग स्थानों पर दो अलग-अलग परंपराएं विकसित हो सकती हैं।

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

हिमाचल के सिरमौर जिले में एक जनजाति है हाटी। इनके यहां एक परंपरा में एक घर में अगर दो या दो से अधिक भाई हैं तो उनकी एक ही पत्नी होती है। अब कहा जाता है कि ये इलाका इतना दुर्गम था कि स्त्रियों की सुरक्षा के लिए ऐसा किया जाता था। एक और कारण भी गिनाया जाता है कि इन गरीब लोगों के पास काश्त के लिए कम जमीन थी। इसलिए जमीन का और बंटवारा न हो इसके लिए ये प्रथा शुरू की गई। ये सामान्य विवाह व्यवस्था से अलग परंपरा विकसित हुई।

एक शव के दाह संस्कार के लिए 40 मन लकड़ी लगती है, लेकिन मैंने पढ़ा था कि किसी इलाके में लकड़ी की कमी के कारण उपलों से दाह संस्कार संपन्न किया जाता है। एक समय था कि शादियां तीन चार दिन तक चलती थीं और मृत्यु पर तेरह दिन तक शोक मनाया जाता था। आज शादियां एक ही रात में संपन्न होती हैं और तेरह दिन शोक मनाने का समय अब घटता जा रहा है।

किसी समय बाल विवाह बहुत प्रचलित थे। फिर लड़की की शादी की न्यूनतम उम्र 12 वर्ष निर्धारित की गई। 1930 के शारदा एक्ट में इसे 14 वर्ष किया गया और फिर 18 वर्ष। हर बार जब उम्र बढ़ाई गई तो कुछ लोगों ने इसे अपने धर्म और परंपरा में गैर जरूरी हस्तक्षेप कह इसका विरोध किया। विरोध इतना प्रबल था कि आजादी के बाद नेहरू जी को एक हिंदू कोड बिल को चार हिस्सों में बांट कर पास कराना पड़ा।

ऐसा दुनिया में कुछ भी नहीं जिसमें परिवर्तन न हुआ हो। ये जो हम सनातन, सनातन शब्द सब तरफ सुनते हैं तो सनातन भी उतना सनातन नहीं। सनातन यानी शाश्वत, आरंभ से बोलकर आज यहां कुछ भी नहीं है। सब कुछ यहां परिवर्तनशील है और लगातार बदल रहा है। इसलिए परंपराओं से बहुत ज्यादा मोह मत पालिए। हो सके तो बदलते समय के साथ परंपराओं को अद्यतन भी कीजिए। **-फेसबुक वॉल से**

आयरलैंड के प्रथम समलैंगिक प्रधानमंत्री

पड़ोसी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की भांति भारतीय मूल के अशोक वराडकर आयरलैंड के प्रधानमंत्री थे। हाल ही में उन्होंने त्यागपत्र देकर सियासी बवंडर उठा दिया। पद छोड़ने का कारण उन्होंने दिया : "बेहतर व्यक्ति प्रधानमंत्री पद संभाले। सात साल तक पीएम रहने के बाद मेरी निजी अनुभूति है कि मैं सर्वाधिक श्रेष्ठ नेता नहीं हूं। आयरलैंड के लोग मुझसे बेहतर मुखिया बना सकते हैं।" यह 45 वर्षीय राजनेता सबसे कम उम्र (38) में प्रधानमंत्री निर्वाचित हो गए थे। वे आयरलैंड के प्रथम और दुनिया के पांचवें समलैंगिक प्रधानमंत्री हैं। यूरोप के सबसे रूढ़िवादी देश माने जाने वाले आयरलैंड में वराडकर उदारवाद का चेहरा बनकर उभरे थे।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

आयरलैंड में 1993 तक समलैंगिकता को अपराध माना जाता था, किंतु 2013 में एक जनमत संग्रह करवाया जिसके बाद वहां 2015 के मई महीने में समलैंगिक शादी को मान्यता दी। इसके कुछ महीने पहले जनवरी 2015 में वराडकर खुलकर सामने आए और उन्होंने अपने समलैंगिक होने की बात सार्वजनिक तौर पर घोषित की। उस वक्त वो स्वास्थ्य मंत्री थे। उन्होंने कहा : "मैं गे हूं और ये कोई राज नहीं है। ये मेरी परिभाषा का हिस्सा नहीं है। न तो मैं आधा-भारतीय राजनेता हूं, न तो डॉक्टर राजनेता हूं और न ही गे राजनेता हूं। ये मेरे जीवन का हिस्सा है मेरे चरित्र का हिस्सा है।" वराडकर ने 2017 में पेशेवर आयरिश भाषा में एक कोर्स पूरा किया और अपने उपनाम, डी वरद के लिए एक आयरिश भाषा फॉर्म तैयार किया। उन्होंने कहा है : "आयरिश के प्रति मेरा दर्शन केवल इसे बोलना है। आयरिश बोलें! यह इसे पूर्ण करने के बारे में नहीं है। यह मजे करने और इसे बोलने का प्रयास करने के बारे में है।" वे दक्षिण भारत का उदाहरण देते हैं, जहां हिंदी भी तमिल के साथ बोली जाती है। डबलिन में जन्मे वरदकर बहुजातीय हैं। उनके पिता मुंबई से और मां डुंगरवन (काउंटी वॉटरफोर्ड) से हैं। उन्होंने ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन में चिकित्सा का अध्ययन किया और अस्पताल में डॉक्टर बने। किशोरावस्था से ही फाइन गेल पार्टी के सदस्य रहे। लियो वराडकर अशोक और मिरियम (नी हॉवेल) वराडकर के इकलौते बेटे हैं। उनके पिता का जन्म मुंबई में हुआ था। वह डॉक्टर के रूप में काम करने के लिए 1960 के दशक में यूनाइटेड किंगडम चले गए थे। इनकी मां अपने भावी पति से स्लॉ में नर्स के रूप में काम करने के दौरान मिलीं। उन्होंने यूके में शादी कर ली। वराडकर ने 2000 के दशक के अंत में एक मुखर मनमौजी व्यक्ति के रूप में उभरे। उनकी "असामान्य" टिप्पणियों के कारण इवनिंग हेराल्ड ने उन्हें "गलतियां करने वाला" बताया। आयरिश टाइम्स के स्तंभकार स्टीफन कोलिन्स ने 2017 में वराडकर को "जनता, विशेषकर युवा मतदाताओं के सामने ऐसे पेश किया, जैसे कि वह राजनेता नहीं हैं"।

पत्रिका आयरिश परीक्षक 2010 में वराडकर को "रूढ़िवादी" बताया, जबकि उसी वर्ष पत्रिका हॉट प्रेस ने उनकी नीतिगत स्थिति को "कट्टरपंथी अधिकार" के रूप में वर्णित किया। हालांकि उसी लेख में उन्होंने खुद को "केंद्र-दक्षिणपंथी" बताया। वराडकर की राजनीतिक उपलब्धियां कई हैं। जिस वक्त वे पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, ब्रिटेन ब्रेक्सिट लागू करने की तैयारी में था। आयरलैंड उसके साथ सीमापार व्यापार को लेकर चर्चा कर रहा था। वराडकर के नेतृत्व में आयरलैंड ने ब्रिटेन से बात की ताकि दोनों के बीच सीमा पार लोगों के आने-जाने को लेकर सख्त पाबंदियां न लगाई जाएं। इसके बाद जब 2020 में चुनाव हुआ वराडकर देश के नए डिप्टी प्रधानमंत्री चुने गए। देश इस समय कोविड महमारी से जूझ रहा था। कोविड के वक्त निभाई अहम जिम्मेदारी आयरलैंड अपने उस नेता को याद रखेगा।

परिवेश विज्ञान

परिवेश क्या है? परितः वेष्टनम्। जिस दृश्य और अदृश्य से हमारा जीवन चारों ओर से परिवेष्टित है, घिरा हुआ है, जिस ज्ञात और अज्ञात से हमारा जीवन चारों ओर से लिपटा हुआ है, वह अपनी समग्रता में हमारा परिवेश है। यह परिवेश हमारे बाहर ही नहीं है, यह समग्र परिवेश हम में ओतप्रोत है। हम में समाया हुआ है। हमारे शरीर में भी और मन में भी। इसीलिए परिवेश को जानना-समझना अत्यंत आवश्यक है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

यह अंतरिक्ष, यह अनंत ब्रह्मांड मंडल, यह विराट प्रकृति हमारे जीवन से विच्छिन्न नहीं है। विराट प्रकृति अलग है और मनुष्य जीवन अलग है। ऐसा सोचना गलत है, असत्य और अवैज्ञानिक है। सच्चाई यह है कि विराट प्रकृति ही मनुष्य जीवन में अभिव्यक्त होती है। मनुष्य की जो शक्ति है, वह प्रकृति की ही शक्ति है। मनुष्य प्रकृति की ही रचना है। उसका समस्त जीवन-व्यवहार अंततः प्रकृति का ही व्यापार है, अंततः शब्द को ध्यान में रखिए। आकाश में ग्रह-नक्षत्र चल रहे हैं, धरती पर ऋतुचक्र चल रहा है, हवा बह रही है, बीज से वृक्ष बन रहा है, मेघ वर्षा कर रहा है, समुद्र तरंगित हो रहा है। तितली उड़ रही है, वैसे ही मनुष्य जीवन भी चल रहा है। यह सच है कि अन्य प्राणियों की तरह मनुष्य भी एक प्राणी है, अन्य प्राणियों की तरह मनुष्य भी जन्म लेता है, मरता है, खाता-पीता-सोता है, मूल-प्रवृत्तियों से संचालित होता है, लेकिन इससे भी बड़ा सच यह है कि मनुष्य शरीर, मन और मस्तिष्क की विशिष्टता के कारण अन्य प्राणियों से भिन्न भी है। जैसे चूहा बिल बनाता है, पक्षी नीड़ बनाता है, मकड़ी जाला बुनती है। उसी प्रकार मनुष्य भी अपने जीवन-परिवेश की रचना करता है विराट प्रकृति के अंतर्गत मानवीय परिवेश।

असीम अंतरिक्ष और अनंत ब्रह्मांड मंडल जीवन का विराट प्राकृतिक परिवेश है और इसका अध्ययन प्राकृतिक विज्ञान करते हैं। विराट प्रकृति के अंतर्गत मानवीय परिवेश मनुष्य की रचना है। मनुष्य की मूल प्रवृत्तियों की रचना है। इस परिवेश को समझने के लिए हम इसे भौतिक और मनोवैज्ञानिक दो वर्गों में वर्गीकृत कर सकते हैं। देह और मन।

नई दिल्ली में हैट्रिक का रिकॉर्ड जगमोहन के नाम

● देश के सर्वाधिक अति विशिष्ट संसदीय क्षेत्र नई दिल्ली सीट पर अटल, आडवाणी के बाद सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी मैदान में

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

देश की सबसे वीवीआईपी संसदीय क्षेत्र नई दिल्ली को सुचेता कृपलानी के बाद भाजपा का गढ़ माना जाता रहा है। यहां से दो बार अटल बिहारी वाजपेई, दो बार लाल कृष्ण आडवाणी संसद पहुंचे। लेकिन हैट्रिक लगाने का श्रेय वाजपेई सरकार के सबसे विवादित एवं



ईमानदार मंत्री जगमोहन के नाम जाता है। उन्होंने 1996, 1998 और 1999 में लगातार जीत हासिल की और आखरी बार मजदूर नेता ललित माकन के भतीजे व कांग्रेस के युवा उम्मीदवार अजय माखन से चुनाव हार गए थे।

कहां जा रहा था कि जगमोहन के बाद आर्य समाज की समर्पित कार्यकर्ता व केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी 2024 में हैट्रिक लगाएंगी लेकिन भाजपा हाई कमान ने उनका टिकट काट दिया और पार्टी की हाई प्रोफाइल नेता स्वर्गीय सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज को मैदान में उतारा है। यदि बांसुरी चुनाव जीत गईं तो वे तीसरी महिला होंगी जो नई दिल्ली से संसद पहुंचेंगी।

नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अति विशिष्ट लोग जैसे राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री भारत के मुख्य न्यायाधीश व कई बड़े नेता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। इसी संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली उच्च न्यायालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, विदेश एवं गृह

मंत्रालय हैं। कांग्रेस की सुचेता कृपलानी के बाद इस सीट से लगातार भाजपा के अटल बिहारी वाजपेई और लालकृष्ण आडवाणी जैसे दिग्गज चुनाव जीते रहे हैं। यहां तक कि आडवाणी को पराजित करने के लिए 1991 में कांग्रेस ने फिल्म अभिनेता राजेश खन्ना को उम्मीदवार बनाया था। यह देख आडवाणी ने नई दिल्ली के अलावा गांधीनगर से भी चुनाव लड़ा और राजेश खन्ना को मात्र 17 हजार वोटो से पराजित कर पाए थे। बाद में आडवाणी ने नई दिल्ली सीट से इस्तीफा देकर गांधीनगर की सदस्यता ग्रहण की थी।

जिससे नई दिल्ली के मतदाता नाराज हो गए और उन्होंने 1992 के उपचुनाव में राजेश खन्ना को जिता दिया। हालांकि भाजपा ने खन्ना के खिलाफ पहली बार फिल्म अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को मैदान में उतारा था, लेकिन आडवाणी से नाराज मतदाताओं ने राजेश खन्ना को विजयी बनाया था। 1996 में भाजपा ने इस सीट से जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल एवं राज्यसभा सदस्य जगमोहन को पहली बार लोकसभा का उम्मीदवार बनाया। वैष्णव देवी में जगमोहन के शानदार कार्यों को देख मतदाताओं ने राजेश खन्ना को 58 हजार वोटो से पराजित किया था। उसके बाद इस सीट से जगमोहन लगातार तीन बार विजयी हुए। चौथी बार कांग्रेस के अजय माकन (सीएनजी मैन) से वे चुनाव इसलिए हार गए क्योंकि दिल्ली में सीएनजी लाने का श्रेय जनता ने तत्कालीन परिवहन मंत्री माकन को दिया था।

अजय माकन भी नई दिल्ली से हैट्रिक लगाने में विफल रहे क्योंकि 2014 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार मीनाक्षी लेखी से वे पराजित हो गए थे। इसी तरह मीनाक्षी भी हैट्रिक लगाने से इसलिए वंचित रह गई क्योंकि बांसुरी स्वराज को बीजेपी ने इस बार उम्मीदवार बनाया है। हालांकि बांसुरी का बीजेपी कार्यकर्ता के रूप में ज्यादा योगदान नहीं है। उनकी पहचान उनकी मां सुषमा स्वराज की वजह से है और यदि वह चुनाव जीतती हैं तो नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से संसद पहुंचने वाली वे तीसरी महिला होंगी।

नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से हैट्रिक का रिकॉर्ड जगमोहन के नाम

वर्ष	विजयी सांसद	पार्टी
1952	सुचेता कृपलानी	किसान मजदूर प्रजा पार्टी
1957	सुचेता कृपलानी	कांग्रेस
1977	अटल बिहारी वाजपेई	भाजपा
1980	अटल बिहारी वाजपेई	भाजपा
1989	लालकृष्ण आडवाणी	भाजपा
1991	लालकृष्ण आडवाणी	भाजपा
1992	राजेश खन्ना	कांग्रेस
1996	जगमोहन	भाजपा
1998	जगमोहन	भाजपा
1999	जगमोहन	भाजपा
2004	अजय माकन	कांग्रेस
2009	अजय माकन	कांग्रेस
2014	मीनाक्षी लेखी	भाजपा
2019	मीनाक्षी लेखी	भाजपा

चुनाव कमाल का...

- 21 मई 1991 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की वोटिंग के पहले दौर के ठीक एक दिन बाद हत्या कर दी गई। इसके बाद जून के मध्य तक चुनाव को स्थगित कर दिया गया। पंजाब में लोकसभा चुनाव बाद में कराए गए, जबकि जम्मू-कश्मीर में आम चुनाव हुए ही नहीं।
- जून में चुनाव संपन्न हुआ जिसमें कांग्रेस को सबसे ज्यादा 232 सीटें मिलीं। भारतीय जनता पार्टी 120 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर रही। जनता दल को सिर्फ 59 सीटें मिलीं। 21 जून 1991 को कांग्रेस के पी.वी. नरसिंहराव ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
- 1996 में 11वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। 161 सीटें जीतकर भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। इस चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ 140 सीटें मिली और पार्टी दक्षिण में भी पिछड़ गई।
- अटल बिहारी वाजपेयी ने 16 मई को प्रधानमंत्री का पद संभाला लेकिन बहुमत साबित न कर पाने के कारण 13 दिन ही प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठ पाए।
- 1996 में जनता दल के नेता एचडी देवेगौडा ने एक जून को संयुक्त मोर्चा गठबंधन सरकार का गठन किया, लेकिन उनकी सरकार भी 18 महीने ही चली।
- देवेगौड़ा के कार्यकाल में ही विदेश मंत्री रहे इन्द्र कुमार गुजराल ने अगले प्रधानमंत्री के रूप में 1997 में पदभार संभाला। कांग्रेस इस सरकार को बाहर से समर्थन दे रही थी।

चुनावी तीर

पूरे देश की निगाहें उत्तर प्रदेश पर हैं। भाजपा की साजिश और षड्यंत्र से हमें सतर्क रहना है। हमें ज्यादा से ज्यादा मतदान सुनिश्चित करने के साथ-साथ बूथ की सुरक्षा को लेकर भी सावधान रहना है। भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी के मामले में बेनकाब हो चुकी है। भाजपा हारेगी तो नौजवानों को नौकरी मिलेगी, किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलेगा।

- अखिलेश यादव, सपा प्रमुख

1952 को छोड़कर पहली बार आप इतना लंबा चुनाव देख रहे हैं। आजादी के बाद पहले चुनाव में बहुत सी चीजों को समायोजित करना था, लेकिन अब तकनीक के साथ यह अवधि कम होनी चाहिए थी। लंबी अवधि के चलते एक चरण में मतदान चलता है और दूसरे चरण में चुनाव प्रचार चल रहा होता है। इससे सत्ता दल को फायदा और विपक्ष को नुकसान होता है।

-सीताराम येचुरी, महासचिव, माकपा

हैवीवेट प्रत्याशियों की तलाश में उलझी हाई प्रोफाइल प्रयागराज सीट

1996 में भाजपा का खाता खोलने के साथ ही डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने लगाई थी यहां से जीत की हैट्रिक तो बीते तीन दशक से जीत के लिए तरस रही है कांग्रेस

● पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, वीपी सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा और जनेश्वर मिश्र के अलावा अमिताभ बच्चन भी यहां से संसद पहुंचे

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

अमृत विचार: संगम नगरी प्रयागराज में लोकसभा चुनाव के लिए छठे चरण में 25 मई को 18,07,886 मतदाता अपना नया सांसद चुनेंगे। 2019 के पिछले चुनाव की तुलना में इस बार यहां 1,14,439 मतदाता बढ़ गए हैं। हाई प्रोफाइल गिने जाने वाले प्रयागराज लोकसभा क्षेत्र में कुल पांच विधान सभा सीटें मेजा, करछना, बारा, कोरांव और प्रयागराज दक्षिणी शामिल है। इनमें बारा और कोरांव एससी सुरक्षित सीट हैं। वर्तमान में तीन विधानसभा सीटों करछना, कोरांव और प्रयागराज दक्षिण में भाजपा तो मेजा में समाजवादी पार्टी और बारा में अपना दल का कब्जा है। वर्तमान में यहां से भाजपा की रीता बहुगुणा जोशी सांसद हैं। उन्होंने 2019 के चिनाव में सपा के राजेंद्र सिंह पटेल को 1,83,876 मतों से पराजित किया था। रीता बुहगुणा को 4,93,204 और राजेंद्र सिंह को 3,09,328 वोट मिले थे। लेकिन भाजपा ने इस बार रीता बहुगुणा जोशी की प्रत्याशिता को जहां होल्ड पर रखा है, वहीं सपा से गठबंधन के बाद हिस्से में आई इस सीट पर कांग्रेस किसी हैवीवेट प्रत्याशी की तलाश में है।

प्रयागराज वह लोकसभा क्षेत्र है, जहां से वर्ष 1984 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निधन के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस से सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा को हराकर जीत हासिल की थी। इस लोकसभा क्षेत्र में आजादी के बाद से कांग्रेस का ही कब्जा रहा। सबसे पहले 1952 में कांग्रेस के श्रीप्रकाश सांसद चुने गए। 1957 तथा 1962 के लोकसभा चुनाव में यहां से पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री, 1967 में उनके पुत्र हरिकृष्ण शास्त्री, 1971 में हेमवती नंदन बहुगुणा कांग्रेस से चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे। लेकिन 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर उतरे छोटे लोहिया के नाम से विख्यात समाजवादी नेता जनेश्वर मिश्र ने इतिहास बदल दिया। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार कमला बहुगुणा को हरा दिया। हालांकि अगले ही चुनाव 1980 में पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने जीत हासिल करके कांग्रेस की वापसी करा दी। 1984 में यहां से सांसद चुने गए अमिताभ बच्चन ने जब बोफोर्स कांड में नाम आने पर संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और 1988 में उपचुनाव हुआ तो विश्वनाथ प्रताप सिंह ने निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की। 1989 में जनता दल से जनेश्वर मिश्र दूसरी बार और साल 1991 में हुए चुनाव में सरोज दुबे ने जीत हासिल की। प्रयागराज में भाजपा को पहली जीत 1996 में डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने दिलाई। इसके बाद वर्ष 1998 और 1999 में भी डॉ. जोशी ने जीत हासिल करके हैट्रिक लगाई। लेकिन 2004 के चुनाव में सपा ने इस सीट पर अपना खाता खोला। सपा प्रत्याशी रेवती रमण सिंह ने लगातार दो चुनावों 2004 और 2009 में जीत हासिल की। लेकिन 2014 की मोदी लहर में भाजपा के श्यामाचरण गुप्ता ने सपा से यह सीट छीन ली। 2019 में भाजपा ने कांग्रेस से आईं रीता बहुगुणा जोशी को टिकट दिया और वह विजयी रहीं।

अभी किसी दल ने नहीं खोले पत्ते, एक दूसरे के प्रत्याशी का इंतजार

प्रयागराज सीट पर भाजपा ने अभी अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, हालांकि पार्टी का संसदीय बोर्ड प्रत्याशी के नाम को लेकर मंथन कर चुका है। निवर्तमान सांसद रीता बहुगुणा जोशी के साथ नंद गोपाल नंदी और उनकी पत्नी अभिलाषा गुप्ता नंदी का नाम दावेदार के रूप में सबसे आगे है। नंदी प्रदेश की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं, जबकि उनकी पत्नी अभिलाषा गुप्ता नंदी वर्तमान में प्रयागराज की महापौर हैं। उधर, सपा-कांग्रेस गठबंधन में यह सीट कांग्रेस के हिस्से में आयी है। माना जा रहा है कि कांग्रेस यहां से एक बार फिर किसी दमदार बाहरी प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है। पार्टी 1984 के बाद से प्रयागराज में जीत के लिए तरस रही है। कांग्रेस ने पिछले चार चुनावों में इस सीट पर दूसरे दलों से आए नेताओं को टिकट देकर आजमाया, लेकिन कोई भी प्रत्याशी अपनी जमानत तक नहीं बचा पाया। 2014 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े बसपा से आए नंद गोपाल गुप्ता ने एक लाख से अधिक वोट पाए लेकिन जमानत नहीं बची और चौथे स्थान पर पिछड़ गए थे। 2019 में भाजपा से आए योगेश शुक्ला को कांग्रेस ने टिकट दिया पर उन्हें 31956 ही वोट मिले। 2009 में श्याम कृष्ण पांडेय को 33027 और 2004 में सत्य प्रकाश मालवीय को 40545 वोट मिले थे। इन चारों चुनाव में कांग्रेस तीसरे या चौथे स्थान पर रही और जमानत नहीं बचा सकी। इस बीच सपा के कद्दावर नेता रेवती रमण सिंह कांग्रेस और बसपा दोनों के संपर्क में हैं। वह अपने पुत्र उज्ज्वल रमण के टिकट के लिए प्रयासरत हैं। रेवती रमण प्रयागराज से दो बार सांसद और करछना से आठ बार विधायक रहे हैं। लेकिन कांग्रेस की ही तरह बसपा ने भी अभी इस सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

जातीय समीकरणों के लिहाज से गठबंधन प्रत्याशी को मौका

प्रयागराज लोकसभा सीट पर ब्राह्मण और ओबीसी मतदाता जीत की पटकथा लिखते रहे हैं। लेकिन मोदी लहर के बाद यह समीकरण टूट सा चुका है। एक अनुमान के मुताबिक इस सीट पर 2.40 लाख ब्राह्मण, करीब सवा दो लाख कुर्मी, दो लाख मुस्लिम, डेढ़ लाख से अधिक वैश्य और सवा लाख से ज्यादा यादव वोटर हैं। राजपूत और भूमिहार मतदाता एक लाख से ऊपर गिने जाते हैं। इसी तरह 85 हजार मौर्य और कुशवाहा, एक लाख कोल, सवा लाख निषाद-बिंद, 1.15 लाख विश्वकर्मा और प्रजापति मतदाताओं के साथ 40 से 45 हजार पाल बिरादरी का वोट माना जाता है।

पिछले चार चुनावों में प्रमुख दलों को मिले मत (प्रतिशत में)

चुनाव	भाजपा	सपा	बसपा	कांग्रेस	अपना दल
2022 विस	35.3	37.4	10.0	3.3	9.7
2019 लोस	56.1	35.2	--	3.6	--
2017 विस	43.1	25.7	17.1	5.3	--
2014 लोस	35.2	28.2	18.2	11.5	--



अखिलेश का पल्लवी से समझौता टूटा, सुनील सिंह से नाता जोड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के बीच जहां एक ओर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ पल्लवी पटेल के कदमताल न करने की बात सामने आ गई वहीं, दूसरी ओर सपा को रालोद के जाने के बाद लोक दल का साथ मिल गया है। अपना दल कमेरावादी सपा से अलग होकर अपने प्रत्याशी उतार रही है। इसी पार्टी की नेता पल्लवी पटेल भी सपा उम्मीदवार के मुकाबले मैदान में उतरने को तैयार है।

लोक दल के प्रमुख सुनील सिंह ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव में सपा और इंडिया गठबंधन को समर्थन देने की घोषणा की। सुनील सिंह ने इस दौरान जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोकदल को डुप्लीकेट पार्टी करार दिया। इस मौके पर सपा प्रमुख ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की असली पार्टी लोकदल सपा के साथ आ गई है। वहीं, अखिलेश यादव ने भी सुनील को धन्यवाद देते हुए कहा कि असली लोक दल सपा के साथ है।

बीते दिनों राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रमुख जयंत चौधरी ने सपा से गठबंधन तोड़कर भाजपा के साथ आए थे, अब अपना दल (कमेरावादी) ने भी सपा गठबंधन से अलग होकर अपना रास्ता चुन लिया है। इसकी औपचारिक घोषणा गुरुवार खुद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पत्रकार-वार्ता में की।

● सपा व अपना दल कमेरावादी का गठबंधन 2022 के विधानसभा चुनाव में था, 2024 के लिए कोई गठबंधन नहीं

भाजपा ने चंदा वसूली कर ली इसलिए विपक्षियों के अकाउंट सीज हो रहे

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि, भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी में बेनकाब हो चुकी है। अखिलेश का यह भी आरोप है कि भाजपा ने कोरोना वैक्सीन बनाने वाली दवा कम्पनी तक से चंदा वसूली की है। इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि, चंदा वसूली की पोल खुल जाने से बौखलाई भाजपा विपक्ष पर हमलावर है। सपा प्रमुख के मुताबिक, जनता को पता ही नहीं चला कि वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी चंदा वसूली कर ली गई। भाजपा विपक्षियों के अब कुछ एकाउण्ट भी सीज कर रही है क्योंकि उसकी चोरी उजागर हो गयी है। अखिलेश गुरुवार को सपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद मीडिया के सामने विचार प्रकट कर रहे थे।

सपा में खुले है वरुण गांधी के लिए दरवाजे

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पीलीभीत लोकसभा सीट से अपनी पार्टी का उम्मीदवार भले उतार दिया हो लेकिन वरूण गांधी के लिए रास्ते अब भी खोल रखे हैं। दरअसल, वरुण के सपा से चुनाव लड़ने की खबरों के बीच अखिलेश यादव ने बुधवार को पीलीभीत से भगवत सरन गंगवार को प्रत्याशी घोषित कर दिया। बावजूद इसके पार्टी की ओर से ऐसे संकेत मिले हैं कि वरूण आगे आएं तो सपा टिकट बदल देगी। सपा का पीलीभीत से उम्मीदवार बनने के बाद भगवत सरन से जब मीडिया प्रतिनिधियों ने सवाल किया कि, अगर वरुण गांधी को भाजपा से टिकट नही मिला और उन्होंने सपा से टिकट मांगा तो वो क्या करेंगे? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि अगर हाई कमान ने उन्हें टिकट दिया तो वो अपनी सीट खुशी-खुशी छोड़ देंगे।हालांकि वरुण गांधी ने पीलीभीत से ही चुनाव लड़ने की तैयारी कर ली है। अगर भाजपा से उनका टिकट कटा तो वह निर्दलीय भी मैदान में उतर सकते हैं।

स्थानीय विजेता तो दूर, कल्याण भी नहीं तोड़ पाए महादीपक का रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार : राजनीति में धुरंधर परिणाम आए। बदलाव भी हुए। सबने अपने अपने रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया, लेकिन मोदी की सुनामी रही हो या पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की खुद चुनाव मैदान में उतरें हुए हों, वे भी वर्ष 1977 का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए। उस समय सत्ता विरोधी लहर के चलते मतदाताओं ने ऐसा मतदान किया कि अब तक रिकॉर्ड तोड़ना तो दूर कोई छू न सका।

वर्ष 1977 के इस चुनाव में बीएलडी से चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी महादीपक सिंह शाक्य ने 71.94 प्रतिशत वोट पाकर जीत हासिल की थी। कांग्रेस सरकार द्वारा देश में आपातकाल लगाने के बाद वर्ष 1977 में लोकसभा के लिए आम चुनाव हुए। इस आम चुनाव में देश में कांग्रेस विरोधी लहर चली। इस लहर से एटा लोकसभा सीट भी अछूती नहीं बची। इस चुनाव में एटा लोकसभा में कई रिकार्ड बने। इस चुनाव में हुआ 66.96 प्रतिशत मतदान एटा लोकसभा के रिकार्ड में दर्ज है। इस चुनाव में एक रिकार्ड ऐसा भी बना जो आज तक नहीं टूटा। इस चुनाव में बीएलडी से चुनाव मैदान में उतरे महादीपक सिंह शाक्य ने 71.94 प्रतिशत वोट पाकर जीत हासिल की। इसके बाद कई बार प्रत्याशियों ने अच्छे मत प्रतिशत से जीत हासिल की, लेकिन यह रिकार्ड नहीं टूटा। यहां तक की महादीपक सिंह शाक्य ने 1996 में व 1998 में भाजपा के टिकट से चुनाव जीता, लेकिन वह भी अपने 1977 के अपने रिकार्ड को नहीं तोड़ सके। 2004 के चुनाव में सपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह यादव, 2009 के चुनाव में सपा समर्थन से पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह, 2014 के चुनाव में भाजपा से राजवीर सिंह ने अच्छे वोट प्रतिशत प्राप्त कर जीत हासिल की, लेकिन वह भी इस रिकार्ड को नहीं तोड़ सके। 2019 में देश भर में मोदी की सुनामी में भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह फिर से अच्छे वोटों से चुनाव जीतें है, लेकिन वे इस चुनाव में भी 1977 में बने रिकार्ड के आसपास तक नहीं पहुंच सके।

40% से अधिक वोट पाकर जीतने वाले प्रत्याशी

वर्ष	प्रत्याशी का नाम	पार्टी का नाम	प्रतिशत
1952	रोहन लाल चतुर्वेदी	कांग्रेस	40.52
1977	महादीपक सिंह शाक्य	बीएलडी	71.94
1996	महादीपक सिंह शाक्य	भाजपा	46.50
1998	महादीपक सिंह शाक्य	भाजपा	44.28
2004	देवेंद्र सिंह यादव	सपा	47.03
2009	कल्याण सिंह	सपा समर्थित	48.57
2014	राजवीर सिंह	भाजपा	51.28
2019	राजवीर सिंह	भाजपा	54.56

1977 के चुनाव में सत्ता विरोधी लहर के चलते मतदाताओं ने दिलाई थी ऐतिहासिक जीत, तब से लेकर अब तक टोकना तो दूर कोई छू भी न सका आंकड़ा

चम्पावत में आयोजित होली मिलन समारोह में प्रतिभाग करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

सल्ट ब्लॉक में होली गायन करतीं महिला होल्यार। ● अमृत विचार

मथुरा पड़ गई रार गिरधर राज भयो कंसासुर...

समारोह में होली दलों के साथ झूमे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, होल्यारों ने खड़ी होली में मचाया धमाल

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत के गोरलचौड़ मैदान में आयोजित होली मिलन समारोह में प्रतिभाग किया। उन्होंने चम्पावत, चाराल, बिस्ज्यूला, लोहाघाट आदि क्षेत्रों से आये होली दलों के साथ होली गायन भी किया। प्रसिद्ध रंग कर्मी भैरव दत्त राय, जीवन मेहता, कैलाश बगौली, प्रकाश राय, योगेश खर्कवाल, गंगा खाती, विक्रम खाती सहित बड़ी संख्या में होल्यारों ने खड़ी होली गायी।

होल्यारों ने हरि धरें मुकुट खेलें होली, महाराजा हरीश चंद्र भये दानी होली, आब आगो रंगीलो चैता, ला मेरी साड़ी मैं जानू मैता, अच्छ हां रे गिरधर राज भयो कंसासुर को, मथुरा पड़ गई रार गिरधर राज भयो कंसासुर सहित कई होली गीतों से समा बांध दिया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री धामी ने गोरलचौड़ मैदान में चम्पावत और लोहाघाट विधानसभा क्षेत्रों के बूथ अध्यक्षों से वार्ता कर लोकसभा चुनाव में रिकार्ड वोटों से भाजपा प्रत्याशी को विजय बनाने के लिए काम करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने 12 बूथ अध्यक्षों से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को विश्व की प्रमुख शक्ति बनाने के लिए दमदार विजय जरूरी है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय, ब्लॉक प्रमुख विनीता फर्त्याल, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, राजू बिष्ट, बहादुर सिंह, हेमा जोशी, निर्मल माहरा, कैलाश अधिकारी, मुकेश कलखुड़िया, शंकर पांडे, मोहित पाठक, सुभाष बगौली, सतीश पांडे, मुकेश महराना, श्याम नारायण पांडे आदि मौजूद रहे।

गैराड़ में बैठकी होली में मौजूद होल्यार। ● अमृत विचार

नंदगांव-बरसाने चली, देखो कान्हा ने लूट लई...

बैरती (अल्मोड़ा) : पर्वतीय क्षेत्रों में होली परवान चढ़ने लगी है। गुरुवार को ग्राम गैराड़ में गिरीश चंद्र पांडेय के आवास पर बैठकी होली का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्र के जाने-माने रंगकर्मी ललित त्रिपाठी की अगुवाई में फाल्गुनी रंग की जमकर बयार बही। राग श्याम कल्याण में नंदगांव-बरसाने चली, देखो कान्हा ने लूट लई...की प्रस्तुति से सभी होल्यार झूम उठे। होल्यारों ने ये कैसी होरी खेलाई श्याम मोपे चोरी लगाई...(राग काफी), सारी डार गयो मोपे रंग की गागर, बड़ा धोखा किया...(राग जंगला काफी) आदि प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया। वहीं क्षेत्र में महिलाओं की होली भी पूरे शबाब पर है। इस मौके पर विश्वंभर उपाध्याय, महेश उपाध्याय, मदन उपाध्याय, मनोज उपाध्याय, पूरन बिष्ट, कैलाश पांडेय (दीप), हरीश चन्द्र पांडेय, हरनाथ पांडेय, विनोद पांडेय, कमल सिंह आदि मौजूद रहे।

रानीखेत में चीर बंधन के साथ बैठकी होली शुरू

रानीखेत, अमृत विचार : शिव मंदिर एवं धर्मशाला समिति ने चीर बंधन के साथ बैठकी होली का आयोजन किया। जिसमें बाहर से आए कलाकारों के साथ स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सुंदर होली गीत गाए। कलाकारों ने कैले बांधी चीर हो रघुनंदन राजा...,अब के होली में खेलूंगी कैसे मोरे कान्हा..., मृग नैयनी को लाज नवल रसिया के साथ आदि गीतों से रंग जमाया। कमल जोशी ने तुम सिद्ध करो गणनाथ होली के दिन गाकर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। संदीप गोरखा ने राग श्याम कल्याण में लाल तुम अचरज खेल खिलाएं ऋतु फागुन सरसावे होली गाकर समा बांध दिया। समिति ने सभी कलाकारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में हर्षवर्धन पंत, मोहन साह, प्रमोद कांडपाल, नवीन बिष्ट, राजेंद्र जोशी, भुवन पपनै, पंकज थापा, प्रदीप सिंह, यतीश रौतेला, कैलाश पांडे, अतुल अग्रवाल, अनूप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

कलाकारों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

होली गीतों से किया मतदान के लिए जागरूक

टनकपुर, अमृत विचार : मतदाता जागरूकता अभियान के तहत टनकपुर राजकीय महाविद्यालय के संगीतज्ञ डॉ. पंकज उप्रेती ने टीम के साथ होली गीतों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। उन्होंने राग रचना के साथ स्वर देकर लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाताओं से वोट देने की अपील की। कार्यक्रम में स्वीप के नोडल अधिकारी सीडीओ संजय कुमार सिंह भी शामिल रहे।

रंगों से सराबोर हुई सांस्कृतिक नगरी

अल्मोड़ा, अमृत विचार : एकादशी पर रंग पड़ने के बाद सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में होली की धूम मची है। पुरुष होल्यारों की टीमें जहां अलग-अलग स्थानों पर खड़ी होली का गायन कर रही हैं। वहीं महिला होल्यारों में भी होली को लेकर खासा उत्साह है। गुरुवार को नगर के तल्ला मल्ला जोशीखोला, विवेकानंदपुरी, खत्याड़ी, ढूंगाधारा, पूर्वी पोखरखाली, एनटीडी, जाखनदेवी, पांडेखोला, सरकार की आली, खोल्टा, धारानौला समेत अनेक स्थानों पर खड़ी होली का आयोजन किया गया। इधर, महिला होल्यारों ने भी दुगालखोला, गंगोला मोहल्ला, चौक बाजार, जाखनदेवी आदि इलाकों में घर-घर जाकर परंपरागत कुमाउनी होलियों का गायन किया। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली की धूम मची है। मानिला के सिद्धेश्वर मंदिर से शुरू होली गुरुवार को सकनणा, छिड़गा, बेसरबगड़, मनसुवाबाखली, केश्याबाखली, सिमलीहीत, बंगारी सिमली गांवों में पहुंची और वहां परंपरागत होली गायन किया। इसके अलावा जिले के लमगड़ा, सोमेश्वर, भैंसियाछाना, धौलादेवी, सल्ट, स्याल्दे, भिकियासैंण, चौखुटिया और द्वाराहाट क्षेत्रों में होली की धूम मची हुई है।

सार-संक्षेप

अरुणांचल में तैनात ग्रीफ हवलदार की संदिग्ध मौत

लोहाघाट : नगर से लगे पाटन प्रेमनगर निवासी ग्रीफ के एक हवलदार की ड्यूटी के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिनका शव शुक्रवार की सुबह तक पहुंचेगा। मौत के खबर से परिवार में कोहराम मच गया। मूल रूप से पाटी ब्लॉक के किमवाड़ी और हाल निवासी प्रेमनगर पाटन ग्रीफ के हवलदार देवकीनंदन पचौली (49) पुत्र स्व. तुलाराम पचौली अरुणांचल प्रदेश के लेखावली में तैनात थे। बीते मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई अंबादत्त पचौली ने बताया कि शुक्रवार सुबह शव घर पहुंचने की उम्मीद है। इसके बाद सैन्य सम्मान के साथ रामेश्वर घाट में अंतिम संस्कार किया जाएगा। मृतक देवकीनंदन तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। वह अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप ने तेज किया जनसंपर्क

अल्मोड़ा : कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी प्रदीप टम्टा ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। गुरुवार को टम्टा ने अल्मोड़ा विधानसभा के चितई, बाड़ेछीना, धौलछीना, मंगलता और सेराघाट क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने लोगों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों के बारे में जानकारी देते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में टम्टा के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, विधायक मनोज तिवारी, भुवन पांडे, पूरन, संजू सिंह, बाल विक्रम सिंह, दरबान रावत, महिपाल मलवाल, संजय जीना, कमल पांडे, राजू नेगी, बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

हिंदी भाषा को व्यावहारिक रूप से अपनाना जरूरी

अल्मोड़ा : वीपीकेएएस संस्थान में हिंदी भाषा की वैज्ञानिक उपयोगिता विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने राजभाषा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और वैज्ञानिक अनुसंधान के प्रचार-प्रसार में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने की बात पर जोर दिया। संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्मी कांत ने संस्थान के कार्यों व राजभाषा के महत्व के बारे में बताया। डॉ. प्रीति आर्या ने कहा कि आजकल अंग्रजी को ज्यादा प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिस कारण हिंदी स्थापित नहीं हो पा रही है। इस मौके पर बृज मोहन पांडे, रेनू सनवाल, डॉ. प्रियंका खाती आदि मौजूद रहे।

मोटे अनाज के उत्पादन व पोषक तत्वों की जानकारी दी

अल्मोड़ा : विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के प्रयोगात्मक क्षेत्र हवालबाग में मोटे अनाजों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कृषकों को मोटे अनाजों के उत्पादन की तकनीक व पोषक तत्वों की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत हुए कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के कृषकों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने किसानों को उन्नत उत्पादन तकनीकी, पोषण सुरक्षा में महत्व, कटाई उपरांत प्रबंधन आदि का प्रशिक्षण दिया। साथ ही मशरूम, उन्नत सब्जी और जैविक खेती का उत्पादन कर आय बढ़ाने की भी नसीहत। संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्मी कांत ने खेती में उन्नत तकनीकों को अपनाकर उत्पादकता बढ़ाने की बात कही। इस मौके फसल सुधार विभाग के अध्यक्ष डॉ1 एनके हेड़ाऊ, फसल उत्पादन विभाग के अध्यक्ष डॉ. बीएम पांडे, डॉ. डीसी जोशी, डॉ. महेंद्र सिंह भिंड़ा मौजूद रहे।

स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

बनबसा : पुलिस ने एक व्यक्ति को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से 2.60 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। ग्राम बमनपुरी हुड्डी नदी के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने छतपाल वर्मा निवासी मीना बाजार को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। टीम में एसआई जितेन्द्र बिष्ट, हेड कांस्टेबल संजय शर्मा व ललित कुमार शामिल रहे।

पैदल दूरी वाले बूथों में एक अतिरिक्त ईवीएम रहेगी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में ईवीएम मशीन के खराब होने के कारण मतदान रुकने की समस्या पैदा न हो इसके लिए निर्वाचन विभाग ने अल्मोड़ा जिले के अधिक पैदल दूरी वाले मतदान केंद्रों में एक अतिरिक्त ईवीएम मशीन स्थापित करने का निर्णय लिया है।

चुनाव के दौरान अक्सर कई मतदान केंद्रों में ईवीएम मशीन के खराब होने की शिकायत आती है। जिससे कई घंटों तक मतदान प्रभावित रहता है। सबसे अधिक दिक्कत ऐसे केंद्रों पर आती है जो सड़क मार्ग से काफी पैदल दूरी पर होते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए इस बार निर्वाचन विभाग ने अल्मोड़ा जिले में एक से आठ किमी दूरी वाले कुल 438 केंद्रों में से ऐसे 56 बूथों को चिन्हित किया है। जिनकी पैदल दूरी काफी अधिक है। इन बूथों में एक की जगह दो ईवीएम मशानें मौजूद रहेंगी। अगर किसी बूथ पर मशीन खराब होने की शिकायत आई तो वहां मतदान रुकने नहीं दिया जाएगा। दूसरी मशीन से मतदान की प्रक्रिया तत्काल शुरू करा दी जाएगी। इससे जहां मतदान कार्मिकों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं मतदान रुकने की शिकायतें भी कम होंगी। इन सभी मशीनों की जीपीएस के माध्यम से निगरानी की जाएगी।

जिम्मेदारी से कर्तव्यों के निर्वहन की नसीहत

अल्मोड़ा : लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को एसएसजे के ऑडिटोरियम में 780 और उदयशंकर नाटय अकादमी में 636 पीठासीन व मतदान अधिकारियों को ईवीएम और वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सभी कार्मिकों को निर्वाचन के दौरान कर्तव्यों का जिम्मेदारी से निर्वहन करने की नसीहत दी गई। नोडल अधिकारी सीडीओ आकांक्षा कोंडे ने कहा कि प्रशिक्षण में आए सभी कार्मिक चुनाव को बोझ न समझें। बल्कि एक नए अनुभव के साथ तथा एक उत्सव की तरह इसका संपादन करें। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक प्रशिक्षण के दौरान अपनी सभी शंकाओं का समाधान कर लें और निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कार्य करना सुनिश्चित करें।

अजय टम्टा आज करेंगे नामांकन

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी अजय टम्टा शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। नामांकन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, विधायक सौरभ बहुगुणा, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट समेत चारों जिलों के सैंकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

भाजपा ने अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर तीसरी बार अजय टम्टा को प्रत्याशी बनाये जाने के बाद सभी लोकसभा सीटों पर नामांकन की तिथियां भी तय कर दी थीं। पार्टी की ओर से सबसे पहले शुक्रवार को अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र से अजय टम्टा अपना नामांकन कराएंगे। जिसके लिए पार्टी ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। नामांकन को लेकर गुरुवार को पार्टी कार्यकर्ताओं की कई बैठकें भी हुई। जिसमें कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई।

सूत्रों के अनुसार नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अल्मोड़ा में मौजूद रहेंगे। नामांकन के बाद वह रैमजे इंटर कॉलेज में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समेत कई कैबिनेट मंत्री और संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इस सभा में अल्मोड़ा के अलावा बागेश्वर, पिथौरागढ़ और चंपावत के भी सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्र होंगे। सभा की तैयारियों को पार्टी पदाधिकारियों ने देवलीडाना शक्ति केंद्र में बैठक कर अंतिम रूप दिया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने की बात कही है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रेम लटवाल, राजेंद्र बिष्ट, श्याम बिष्ट, कन्हैया बिष्ट, ललित खोलिया, दीपा पांडे, पुष्पा, विजय लटवाल, पुष्पा देवी आदि मौजूद रहे।

उधर, अल्मोड़ा लोकसभा सीट पर पीपुल्स पार्टी के प्रमोद कुमार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। गुरुवार को पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रटिक के प्रत्याशी डॉ. प्रमोद कुमार ने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया।

अल्मोड़ा में भाजपा पदाधिकारियों का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अल्मोड़ा सीट पर नामांकन पत्र जमा करते पीपुल्स पार्टी के प्रमोद कुमार।

वर्ग पहेली-17



बाएं से दाएं

2.1. मानव मुख से नि:सृत सार्थक शब्द, ध्वनि 2. बोलने या बातचीत करने की शक्ति, वाचा 3. मुंह के अंदर का वह लंबा चपटा मांस पिंड जिससे रसों का आस्वादन और उसकी सहायता से शब्दों का उच्चारण होता है, जिह्वा 4. विद्या और वाणी की अधिष्ठात्री देवी, सरस्वती।

4.1. अकथित, अनुक्त, अनभिव्यक्त 2. अवर्णित, अनुल्लिखित।

6.1. पेड़ की टहनी या बांस आदि का किसी लंबी वस्तु के दबाव आदि से झुकना या मुड़ना, लचना 2. नखरे-नज़ाकत से स्त्रियों की कमर का बल-खाना।

7. पिया जाने वाला पदार्थ, पेय पदार्थ

8.1. ढुलकने वाली वस्तु या चीज़, बेलन, बेलना 2. एक प्रकार का वाहन जिसका उपयोग भूमि समतल करने के लिए किया जाता है 3. बालों को घुंघराले करने का एक उपकरण।

9.1. बादलों का समूह, मेघमाला 2. (संगीत) मेघ राग की एक रागिनी।

ऊपर से नीचे

1. वह स्थान जहां दवाओं का निर्माण अथवा बिक्री होती है

3.1. मोहित करना, रिझाना 2. मन में अपने प्रति चाह उत्पन्न करना, ललचाना 3. बहकाना।

4.1. अकड़ने की क्रिया या भाव, ऐंठ, तनाव 2. घमंड, अहंकार, दर्प, हेकड़ी 3. ठंड आदि के कारण अंगों में होने वाली अकड़ाहट, कड़ापन, तनाव 4. स्वाभिमान, गर्व 5. ज़िद, हठ, ढिठाई 6. हिमाकत। (मु.)-जाना : ज़िद या हठ पर अड़ जाना, सूखकर कड़ा हो जाना। -दिखाना : अभिमान प्रदर्शित करना।

5.1. कार्य पूरा करने का साधन, अभीष्ट सिद्ध करने का साधन, प्रयास 2. उपाय, उद्योग, युक्ति, तरकीब 3. प्रबंध, इंतज़ाम 4. सुझाव।

7. पिटारी, छोटी पिटारी।

वर्ग पहेली -16 का हल

	1 सु				2 दू	ध
3 खु	र	खु	रा	ना		
	धा					
4 आ	मि	ष	भो	5 जी		6 ध
	नी			वां		नु
7 मी				8 त	9 लु	आ
10 त	ली		11 अं	क	क	

सुडोकू-96

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9			6		8	5		
	2		9			4		
				3				
6		7	8				3	
		2				7		9
	5				7			
		8		5	2			
		1					6	
		9	4		6			7

सुडोकू -95 का हल

3	8	4	1	9	2	7	5	6
5	9	7	3	6	8	4	2	1
2	6	1	7	4	5	3	9	8
6	7	2	4	8	1	9	3	5
9	4	5	2	3	6	8	1	7
1	3	8	5	7	9	6	4	2
8	5	9	6	2	3	1	7	4
7	1	3	8	5	4	2	6	9
4	2	6	9	1	7	5	8	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-त्रयोदशी पूर्ण रात्रि।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 23 मार्च 04.28 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

मेष — आज आय के वैकल्पिक स्रोतों पर काम शुरू कर सकते हैं। महिलाओं को यात्रा आदि के दौरान कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नौकरीपेशा लोगों के ऊपर से काम का बोझ कम होगा। भाई-बहनों के मध्य प्रेम भाव बढ़ेगा।

वृष — आज व्यापार को गतिशील रखने के लिए बड़ा निवेश करना पड़ेगा। घर के लोगों से नाराजगी हो सकती है। माइग्रेन के रोगियों को भोजन समय पर कर लेना चाहिए। मित्रों के साथ अनबन होने की संभावना बन रही है।

मिथुन — आज स्वास्थ्य पहले की तुलना में बेहतर रहेगा। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। दूसरे शहरों में रहने वाले लोग अपने शहरों की यात्रा कर सकते हैं। नई संपत्ति की खरीदी करने का विचार बना सकते हैं। लोग आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे।

कर्क — आज कार्यक्षेत्र में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी जिसका परिणाम सार्थक ही होगा। आडंबर और दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। व्यवसाय में आपको प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी टक्कर मिलेगी।

सिंह — आज कारोबार में आपको बड़े अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। युवा अपने करियर को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। आप सबके साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे जिससे आप सबके चहेते बन जाएंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

कन्या — आज जीवनसाथी से कोई बात न छिपाएं। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। कानून विरुद्ध जाकर भी कोई काम करना आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऑफिस कनिष्ठों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

तुला — आज तय समय पर अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर लेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। लोग आपसे सलाह लेने का प्रयास करेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। व्यापार में अचानक धन लाभ मिलेगा।

वृश्चिक — आज पुरानी संपत्ति के विक्रय के अचानक योग बन रहे हैं। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। धन के लेनदेन में चूक हो सकती है। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। व्यक्तिगत समस्याओं का असर आपके काम पर भी पड़ सकता है।

धनु — आज घर में मेहमान आ सकते हैं। मनोरंजन युक्त चर्चाओं का आनंद उठाएंगे। परिजन आपका सम्मान करेंगे। धर्म को लेकर मन में कुछ गलत बातें मन में आ सकती हैं। व्यापार में आप कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं।

मकर — आज दूसरों के कार्यों में अनर्गल हस्तक्षेप न करें। कोई महत्वपूर्ण कार्य स्थगित हो सकता है। अपनी क्षमताओं का दुरुपयोग न करें। वैवाहिक संबंधों को लेकर थोड़े भावुक रहेंगे। आपको लंबी यात्रा करने से बचना चाहिए।

कुंभ — आज राजनीति से जुड़े लोगों को मीडिया में प्रसिद्धि मिल सकती है। समझदारी पूर्वक लिए गए निर्णय भविष्य के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। यात्रा को लेकर अपनी योजना बदल सकते हैं।

मीन — आज कुछ लोग आपकी खुशियों और सफलता से ईर्ष्या करेंगे। रक्तचाप के रोगियों को थोड़ी भी असहजता महसूस हो तो कृपया तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। महिला वर्ग अपने काम को लेकर कुछ तनाव में हो सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- नजर के सामने — सुबह : 11.00
- तकदीर का तमाशा — रात : 07.00

SONY MAX
- पटेल की पंजाबी शादी — सुबह : 10.52
- आशिकी — रात : 07.00

SONY PIX
- टैक्सी ड्राइवर — सुबह : 09.55
- स्पाइडर मैन 2 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- तरला — सुबह : 10.05
- जब हैरी मेट सेजल — रात : 08.30

colors CINEPLEX
- महान — सुबह : 10.30
- दिल — रात : 07.04

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी चिल्ला कर बोली- आज शाम को जल्दी घर आ जाना
पति- क्यों कुछ खास है क्या?
पत्नी- मायके से रिश्तेदार आ रहे हैं
पति- मेरा दिमाग मत खाओ, मैं व्यस्त हूं
कौन-कौन आ रहा है?
पत्नी- मेरी दोनों छोटी बहनें आ रही हैं।
पति खुश होकर बोला- तुम्हारे रिश्तेदार मतलब मेरे रिश्तेदार, पक्का समय से आ जाऊंगा।

लड़का शादी के लिए लड़की देखने गया। उसने सोचा क्यों न लड़की से अंग्रेजी में बात करूं?
उसने लड़की से पूछा- इंग्लिश चलेगी न?
लड़की- जी प्याज और नमकीन साथ हो तो देशी भी चलेगी।

एक नजर

आबकारी इंस्पेक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अल्मोड़ा : लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने के बाद शासकीय दायित्वों व नियमों का पालन न करने पर आबकारी विभाग के एक इंस्पेक्टर के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही आबकारी आयुक्त उत्तराखंड को संबंधित के निलंबन की संस्तुति भी कर दी गई है। अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया ने बताया कि आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 भिकियासैंण बलजीत सिंह को 49-सल्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध शराब के भंडारण व बिक्री पर अंकुश लगाने तथा विधिक कार्रवाई करने सहित शराब की दुकानों की बिक्री का तुलनात्मक अध्ययन कर दैनिक विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे। लेकिन बलजीत सिंह ने सौंपे गए शासकीय दायित्वों में चूक की, जिससे उक्त कार्य प्रभावित हुए हैं। एडीएम ने बताया कि बलजीत सिंह के विरूद्ध जिला आबकारी अधिकारी अल्मोड़ा ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950,1951, 1989 की धारा 134 में मुकदमा दर्ज कराया है। साथ ही उनके निलंबन के लिए आबकारी आयुक्त को संस्तुति की है। बताया कि निर्वाचन की महत्ता एवं समयबद्धता के दृष्टिगत जनपद अल्मोड़ा में निर्वाचन कार्यों से जुड़े सभी अधिकारियों, कार्मिकों को निर्देश दिए गए हैं कि लोकसभा चुनाव के संपादन को दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करते हुए निर्वाचन से संबंधित प्रशिक्षण एवं ड्यूटी में यथासमय उपस्थित हों।

लोगों को मिले शोध-अनुसंधान का लाभ

राज्यपाल ने ली विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक, नवाचारों व उपलब्धियों पर जताया संतोष

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने गुरुवार को राजभवन में राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक ली। बैठक में 'वन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्च' पर सभी कुलपतियों ने शोध विषयों पर अपनी-अपनी प्रस्तुती दी।

राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों को राज्य हित में योगदान हेतु एक वर्ष तक अपने गहन शोध के माध्यम से अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। विश्वविद्यालयों ने अपनी विशेषज्ञता के अनुसार अपने शोध का विषय चयन किया गया। इस संबंध में सभी कुलपतियों ने वर्तमान तक की प्रगति का संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों के शोध एवं अनुसंधान का लाभ लोगों को मिले तभी इसकी सार्थकता होगी। उन्होंने सभी विश्वविद्यालयों से जनवरी 2025 तक शोध कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि सभी कुलपतियों को कार्य करने की स्वायत्तता प्रदान की गई है।



राजभवन में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक लेते राज्यपाल गुरमीत सिंह। ● अमृत विचार

कुलपति आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए विश्वविद्यालयों में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करें। उन्होंने विश्वविद्यालयों के प्रत्येक क्रियाकलापों में टेक्नोलॉजी का अधिकाधिक उपयोग करने के निर्देश दिए।

बैठक में राज्यपाल ने कुलपतियों के विश्वविद्यालय में किए जा रहे नवाचारों और उपलब्धियों पर संतोष जताया। उन्होंने कुलपतियों को विश्वविद्यालयों की प्रत्येक चुनौती के समाधान के लिए आश्वस्त किया। बैठक में विश्वविद्यालयों ने संस्थानों की संबद्धता, विश्वविद्यालयों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, सहित अन्य बिन्दुओं पर भी विस्तृत चर्चा की। बैठक में प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव चंद्रेश कुमार यादव, सचिव विनोद कुमार, सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार, कुलपति यूओयू डॉ. ओपीएस नेगी, कुलपति श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय प्रो. एनके जोशी, कुलपति जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय डॉ. मनमोहन चौहान, कुलपति तकनीकी विश्वविद्यालय प्रो. ओंकार सिंह, कुलपति आयुर्वेद विश्वविद्यालय प्रो. अरुण कुमार त्रिपाठी, कुलपति उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय प्रो. दिनेश चंद्र शास्त्री, कुलपति चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय प्रो. मदन लाल ब्रह्मभट्ट, कुलपति कुमाऊं विश्वविद्यालय प्रो. दीवान सिंह रावत, कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, कुलपति औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय डॉ. परविंदर कौशल और कुलपति सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालयप्रो. सतपाल सिंह बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

पुलिस ने न्यायालय के आदेश के बाद दर्ज किया मुकदमा

अल्मोड़ा, अमृत विचार : ताकुला विकास खंड के पाटिया गांव निवासी एक ग्रामीण ने पुलिस पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए एक मामले में न्याय के लिए न्यायालय की शरण ली है। न्यायालय ने मामले को सुनने के बाद सोमेश्वर पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के आदेश जारी किए हैं।

गिरीश लाल ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि छह जनवरी को कुछ लोगों ने उनके व उनकी पत्नी के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। जिसके बाद उन्होंने ताकुला चौकी को इसकी जानकारी दी। सोमेश्वर थाने में आरोपी प्रकाश चंद्र उसकी पत्नी कमला देवी और पुत्र शिवम उर्फ शिवा निवासी ग्राम पाटिया के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की भी मांग की, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उनसे कोरे कागज में हस्ताक्षर कराकर उन्हें घर भेज दिया। कई दिनों तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस कारण आरोपी उन्हें लगातार धमकाते रहे। परेशान होकर गिरीश लाल ने न्याय के लिए न्यायालय में गुहार लगाई।

राज्य की पांचों सीटों के लिए व्यय पर्यवेक्षक पहुंचे

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने गुरुवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में ब्रीफिंग करते हुए कहा कि पांचों लोकसभा सीटों के लिए व्यय पर्यवेक्षक उत्तराखंड पहुँच चुके हैं। पर्यवेक्षकों द्वारा नामांकन के दौरान प्रत्याशियों व पार्टियों के खर्च की पूरी निगरानी की जाएगी।

बंसल ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन में शराब के दुरुपयोग को रोकने के लिए नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। शराब का दुरुपयोग रोकने के लिए कुल 497 फ्लाइंग स्कवायड गठित की गई हैं। राज्य स्तर पर शराब के कुल 628 वितरण केंद्रों के अलावा 8 बॉटलिंग प्लांट व डिस्टिलरी की सीसीटीवी के जरिये मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही शराब वितरण में लगे सभी वाहनों पर भी जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 के लोकसभा निर्वाचन के दौरान कुल 10 बूथों पर लोगों ने चुनाव बहिष्कार किया था, इनमें ज्यादातर बूथ उत्तरकाशी के थे। सहसपुर, घनसाली व

नमामि बंसल। ● अमृत विचार

हरिद्वार ग्रामीण में एक-एक बूथ पर बहिष्कार किया गया था, लेकिन इस बार अभी तक कहीं से भी बहिष्कार की शिकायत नहीं प्राप्त हुई है। साथ ही सी-विजिल पर अब तक प्राप्त सभी 5625 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 2019 में कुल 30 बूथ पी-थ्री (वह बूथ जहां तीन दिन पहले पोलिंग पार्टियां रवाना होती हैं) ऐसे थे, जहां पोलिंग पार्टियों को पैदल पहुँचना पड़ा। इस बार ऐसे केवल 12 बूथ हैं। इनमें उत्तरकाशी के 11 व एक बूथ कनार धारचूला, पिथौरागढ़ में स्थित है। इस बूथ पर 10 किलोमीटर की दूरी व कुल 586 मतदाता हैं। जबकि उत्तरकाशी के लिवाड़ी की दूरी 20 किलोमीटर होने के साथ इस बूथ पर कुल 577 मतदाताहैं।

भाजपा करेगी 7 हजार नुक्कड़ सभाएं

संवाददाता, देहरादून

- **स्थानीय होने का दावा कर रहे कांग्रेस प्रत्याशी को आ रहे मुंबई से नोटिस: महेंद्र भट्ट**
- **अब तक 1,02,785 लाभार्थी मतदाताओं से किया संपर्क**

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में बड़ी चुनावी सभाओं के साथ सात हजार स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं करेगी। भाजपा कार्यकर्ता अभी तक 1,02,785 लाभार्थी मतदाताओं से संपर्क कर चुके हैं।

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पार्टी के प्रदेश मीडिया सेंटर में रुटीन ब्रीफिंग की। भट्ट ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देशों के अलावा मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायकों, पदाधिकारियों की सहभागिता के साथ बूथ स्तर तक होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार गोदियाल के आरोपों को राजनैतिक सहानुभूति की कोशिश करार देते हुए कटाक्ष किया कि स्थानीय का नारा देने वालों के कांग्रेस के जमाने के नोटिस मुंबई से आ रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने लाभार्थी संपर्क अभियान की सफलता पर खुशी जताते हुए बताया कि 270 मंडलों में 5040 कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से अब तक 1,02,785 लाभार्थी मतदाताओं से संपर्क किया गया है। प्रति कार्यकर्ता 10 लाभार्थी के लक्ष्य के सापेक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष जफर आलम अंसारी द्वारा सबसे अधिक 87 लोगों से संपर्क किया गया। वहीं किसान मोर्चा की अंजू देवी ने 81 एवं युवा मोर्चा के डॉक्टर नीरज पंत ने 80 लाभार्थियों से संपर्क किया। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश में बड़ी जनसभाओं के अलावा नुक्कड़ सभाओं को भी बड़े पैमाने पर किया जाएगा। जिसके तहत प्रति विधानसभा 100 के अनुसार कुल 7000 नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री, विधायक समेत 7000 कार्यकर्ता अनिवार्य रूप से शिरकत करेंगे। चुनावी कार्यक्रम संकल्प पत्र एकत्रीकरण की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को प्रदेश स्तर पर सभी सुझाव प्राप्त हो जाएंगे। संकल्प रथ, संकलन कमेटी, विभिन्न कार्यक्रमों एवं ऑनलाइन से प्राप्त हुए सभी सुझावों को, संकल्प पत्र कमेटी द्वारा प्रदेश एवं राज्य के मुद्दों के हिसाब से अलग-अलग किया जाएगा। इन सुझावों को केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजा जाएगा जिसके आधार पर पार्टी का घोषणा पत्रतैयारहोगा।

बैंक कर्मियों को शपथ दिलाते मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम। ● अमृत विचार

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिलाई मतदाता शपथ

देहरादून : मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने गुरुवार को देहरादून स्थित भारतीय स्टेट बैंक के प्रधान कार्यालय में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने 'वोट करेगा उत्तराखंड' थीम का अनावरण किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वहां मौजूद समस्त बैंक कर्मियों को मतदाता शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जनजागरूकता के लिए प्रयोग की जाने वाली एटीएम वैन को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। इस अवसर पर राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के एजीएम राजीव पंत, एजीएम भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा अमित वीर सिंह, एजीएम स्टेट बैंक राकेश प्रियदर्शी समेत बड़ी संख्या में बैंक कर्मी उपस्थित रहे।

मरीजों को बाहर की दवा लिखने का विरोध

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों ने जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को बाहर की दवा लिखने का कड़ा विरोध किया है। आरोप लगाया कि अस्पताल के चिकित्सक मरीजों के तीमारदारों से बाहर से दवाएं लाने के अलावा सीटी स्कैन कराने का भी दबाव डाल रहे हैं। जिस कारण आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मामले को लेकर सोसायटी के सदस्यों ने जिला अस्पताल के प्रभारी पीएमएस डॉ. अरविंद पांगती से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कुछ समय पूर्व स्वास्थ्य विभाग के सचिव ने अस्पताल का निरीक्षण कर चिकित्सकों को मरीजों को बाहर की दवा न लिखने के निर्देश

अल्मोड़ा में पीएमएस से मिलते रेडक्रास सोसायटी के सदस्य। ● अमृत विचार

दिये थे। बावजूद इसके कई चिकित्सक अभी भी मरीजों व उनके तीमारदारों से बाहर से दवा मंगा रहे हैं। इतना ही नहीं सीटी स्कैन के लिए भी मरीजों को बेस न भेजकर निजी अस्पताल व लैब भेज रहे हैं। सदस्यों ने कहा कि अस्पताल में यह समस्या लंबे समय से बनी है। लेकिन कोई कारगर कार्रवाई नहीं हो रही है। कहा कि वह शीघ्र इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी से भी वार्ता कर कार्रवाई की मांग करेंगे। पीएमएस से मिलने वालों में अध्यक्ष मनोज सनवाल, किशन गुरुरानी, डॉ. जेसी दुर्गापाल, आशीष वर्मा, शंकर भट्ट, गिरीश मेहरोत्रा, हरीश कनवाल आदि मौजूद रहे।

भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी में हुई बेनकाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि, भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी में बेनकाब हो चुकी है। अखिलेश का यह भी आरोप है कि भाजपा ने कोरोना वैक्सीन बनाने वाली दवा कम्पनी तक से चंदा वसूली की है। इसी कड़ी में उन्होंने कहा कि, चंदा वसूली की पोल खुल जाने से बौखलाई भाजपा विपक्ष पर हमलावर है।

सपा प्रमुख के मुताबिक, जनता को पता ही नहीं चला कि वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी चंदा वसूली कर ली गई। भाजपा विपक्षियों के अब कुछ एकाउण्ट भी सीज कर रही है क्योंकि उसकी चोरी उजागर हो गयी है। अखिलेश गुरुवार को सपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद मीडिया के सामने विचार प्रकट कर रहे थे।

सपा में खुले है वरुण गांधी के लिए दरवाजे

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पीलीभीत लोकसभा सीट से अपनी पार्टी का उम्मीदवार भले उतार दिया हो लेकिन वरुण गांधी के लिए रास्ते अब भी खोल रखे हैं। दरअसल, वरुण के सपा से चुनाव लड़ने की खबरों के बीच अखिलेश यादव ने बुधवार को पीलीभीत से भगवत सरन गंगवार को प्रत्याशी घोषित कर दिया। बावजूद इसके पार्टी की ओर से ऐसे संकेत मिले हैं कि वरुण आगे आएं तो सपा टिकट बदल देगी।

दो महीने में 1.12 करोड़ भक्तों ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या, अमृत विचार : श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला के दर्शन-पूजन के लिए प्रतिदिन मंदिर में एक से सवा लाख रामभक्त पहुंच रहे हैं। 22 जनवरी से लेकर 20 मार्च तक एक करीब दो माह में 1.12 करोड़ श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए हैं। अयोध्या में आयोजित होने वाले पर्वों और मंगलवार को यह संख्या और बढ़ जाती है।

हर साल बढ़ रही भक्तों व पर्यटकों की संख्या: श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और पर्यटन विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार 2017 में दीपोत्सव शुरू होने के बाद से अयोध्या में हर साल भक्तों और पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। विदेशी पर्यटकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है।

शराब पीकर हंगामा करने से रोका तो फावड़े से कर दी छोटे भाई की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव नगरिया खनू निवासी युवक ने शराब के नशे में अपने छोटे भाई की फावड़ा मारकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी युवक भाग गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। हत्यारोपी की तलाश की जा रही है।

मामला थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव नगरिया खनू का है। गांव निवासी नर सिंह के चार बेटे रामस्वरूप यादव, पप्पू, हरवंश और सबसे छोटे हरिओम हैं। चारों भाइयों के पास थोड़ी जमीन है। वह खेती करते हैं और मजदूरी भी करते हैं। हरिओम की शादी नहीं हुई थी। जिन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका बड़ा भाई रामस्वरूप शराब पीने का आदी है। वह आए दिन शराब पीकर घर आता है और परिजनों से विवाद करता है। बुधवार रात भी वह शराब पीकर घर आया था। ग्रामीणों को बेवजह गाली दे रहा था। दूसरे भाई पप्पू ने मना किया तो वह गुस्सा गया और पप्पू से हाथापाई करने लगा। दोनों के बीच मारपीट हुई। ग्रामीण और अन्य परिजनों ने बीच बचाव करा दिया था। हरिओम अपने भाई हरवंश के साथ फसल की रखवाली करने के लिए खेत पर चले गए। तकरीबन दो घंटों के बाद रामस्वरूप फिर से शराब पीकर आया। आरोप है कि फावड़ा उठाकर चारपाई पर लेटे पप्पू पर वार किए। पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर वह घर पहुंचे। पुलिस भी आ गई। पप्पू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार ने बताया कि शराब पीने की वजह से विवाद हुआ था। तहरीर प्राप्त होने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

घटना

- **बुधवार रात शराब पीकर घर आया था रामस्वरूप, हंगामा करने पर छोटे भाई ने दे दिया था धक्का**
- **दो अन्य भाई खेत पर फसलों की रखवाली को गए थे, उसके दो घंटे बाद आरोपी ने कर दिया हमला**

सार-संक्षेप

गलत ट्रेन में बैठकर बरेली पहुंची किशोरी

बरेली : बरेली जंक्शन आरपीएफ ने सुहेलदेव एक्सप्रेस से एक किशोरी को बरामद किया। किशोरी गलत ट्रेन में बैठने की वजह से बरेली पहुंच गई। उसे बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया गया, जहां से उसे वन स्टॉप सखी सेंटर में भेजा गया। आरपीएफ को सूचना मिली थी कि ट्रेन संख्या 22419 सुहेलदेव एक्सप्रेस में टीटीई ने एक लड़की बिना टिकट पकड़ा है। ट्रेन के बरेली जंक्शन पहुंचने पर आरपीएफ ने लड़की को ट्रेन से उतारा और उसे रेलवे चाइल्ड लाइन हेल्प डेस्क के सुपुर्द किया। हेल्प डेस्क के प्रोजेक्ट कोओर्डिनेटर सौरभ गंगवार ने बताया कि 14 वर्षीय किशोरी का परिवार फरीदाबाद में रहता है। परिवार मूलरूप से कन्नौज का रहने वाला है। किशोरी परिजनों को बिना बताए फरीदाबाद से गाजियाबाद अपने किसी दोस्त से मिलने गई थी, लेकिन गाजियाबाद से वापस आते समय गलत ट्रेन में बैठ गई।

गृहमंत्री शाह के मामले में सुनवाई 29 को

सुलतानपुर : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गुरुवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण बहस नही हो सकी। कोर्ट में बहस के लिए 29 मार्च की तारीख नियत की है। दायर परिवाद में परिवादी व उसके दो गवाहों की गवाही हो चुकी है । यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह , पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

बसपा पूर्व मंडल प्रभारी राजेश पार्टी से निष्कासित

बरेली : लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच बसपा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप में पूर्व मंडल प्रभारी राजेश सागर को निष्कासित कर दिया है। चुनाव से पहले पार्टी संगठन को मजबूत करने में जुटी बसपा ने नई टीम का गठन करने के साथ दूसरे दलों के संपर्क में रहने वाले अपने पदाधिकारियों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने पार्टी प्रमुख मायावती के निर्देश पर वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंडल प्रभारी राजेश सागर को पार्टी से निष्कासित कर दिया। निष्कासन पत्र में राजेश सागर पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने और चेतावनी के बाद भी कोई सुधार नहीं करने की कही गई है।

अली अहमद की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई सुनवाई

विधि संवाददाता,प्रयागराज : अतीक अहमद के बेटे अली अहमद को गुरुवार को अपर मुख्य न्यायाधीश पलाश गांगुली के समक्ष जेल से लाकर व्यक्तिगत रूप से पेश नहीं किया जा सका। चार मामलों में होने वाली कार्यवाही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की गई। अली के खिलाफ चार मामलों में आरोप पर भी सुनवाई नहीं हो सकी, क्योंकि एक आरोपित जो जमानत पर रिहा है, वह कोर्ट के समक्ष हाजिर नहीं हुआ। इसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 4 अप्रैल की तारीख सुनिश्चित की है।

पूर्व विधायक गरिमा के मामले में सुनवाई 30 को

सुलतानपुर : भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गुरुवार को सुनवाई टल गई। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 30 मार्च की तारीख नियत की है ।केस चार्ज के बाद अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है ।अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था।

शिक्षकों को बूथ अधिकारी नियुक्त करने पर रोक नहीं

प्रयागराज, अमृम विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बूथ स्तर अधिकारी के रूप में सहायक शिक्षकों को नियुक्त करने के मामले में अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि चुनाव से संबंधित कार्य में सहायक शिक्षकों को बूथ स्तर अधिकारी के रूप में नियुक्त करने पर कोई रोक नहीं है।

बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 27 में विशेष रूप से यह प्रावधानित है कि स्थानीय प्राधिकारी या राज्य विधानसभाओं या संसद के चुनाव से संबंधित कर्तव्यों का पालन करने के लिए शिक्षक को नियुक्त किया जा सकता है।

बरेलवी समेत 13 प्रसिद्ध शायर बताएंगे राम की महिमा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी ऐतिहासिक आयोजनों की भी साक्षी बन रही है। इसी तरह का अपने आप में पहला आयोजन आज 22 मार्च को शाम 6 बजे से तुलसी उद्यान में अदब-ए-श्रीराम का होगा। इस मुशायरे में वसीम बरेलवी समेत 13 प्रसिद्ध शायर अपनी रचनाओं से राम की महिमा बताएंगे।

उत्तर प्रदेश संस्कृति एवं पर्यटन विभाग द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लगातार अयोध्या में रामोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अब देश के प्रसिद्ध शायर प्रोफेसर वसीम बरेलवी की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक बड़ा मुशायरा होने जा रहा है। युवा कवि रामायण धर द्विवेदी ने बताया कि इस मुशायरे में प्रसिद्ध शायर अंजुम रहबर, फ़हमी बदायूनी, फ़रहत एहसास, शकील आज़मी, मासूम ग़ाज़ियाबादी, मदन मोहन दानिश, शारिक़ कैफ़ी, दीक्षित दनकौरी, अज़हर इक़बाल, मनीष शुक्ल, श्वेता श्रीवास्तव अज़ल और चराग़ शर्मा प्रभु राम द्वारा स्थापित आदर्शों को अपनी शायरी में प्रस्तुत करेंगे।

कार्यक्रम

- **तुलसी उद्यान मंच पर आज होगा मुशायरा अदब-ए-श्रीराम का आयोजन**

कार से 27.55 लाख रुपये जब्त किये

लखनऊ, अमृत विचार : इटौंजा टोल प्लाजा के पास एक कार से प्रशासन के सचल दस्ते ने बुधवार रात 27 लाख रुपये से अधिक नकदी बरामद की। कार सवार नगदी से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। दस्ते ने नकदी जब्त कर ली।

जिला प्रशासन के अनुसार देर रात सचल दस्ता वाहन चेकिंग अभियान चला रहा था। इसी दौरान नागपुर के सिंध कॉलोनी में रहने वाले कपिल आहूजा की कार की चेकिंग की। तो 27,55, 500 रुपये बरामद हुए। दस्ता इंचार्ज नियाज अहमद ने कपिल से नकदी की जानकारी मांगी तो संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। बता दें कि विधानसभा में शिफ्टवार उड़नदस्ता टीम, स्टेटिक निगरानी टीम और वीडियो निगरानी टीम मय वीडियोग्राफर तैनात हैं।

हथियार तैयार करने का चल रहा था धंधा, तीन गिरफ्तार

संवाददाता, मेरठ

अमृत विचार : मेरठ में पुलिस ने एक हथियार फैक्ट्री का खुलासा करके तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने बताया कि वे आनडिमांड हथियार तैयार करके सप्लाई करते थे। पुलिस को आशंका है कि इस फैक्टरी में चुनाव में खून खराबे के लिए अवैध हथियार तैयार किए जा रहे थे। ये फैक्ट्री लिसाडी थाना क्षेत्र में सुहैल गार्डन इलाके में चल रही थी। मास्टर माइंड फुरकान व उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

समर गार्डन चौकी इंचार्ज अजय शुक्ला के अनुसार हथियार सप्लायर फुरकान (50), समीर, सरताज के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। तीनों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि सुहैल गार्डन के पास एक खंडहर में अवैध तमंचे तैयार किए जा रहे थे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मकान में दबिश दी। गिरफ्तारी के बाद सरगना फुरकान ने बताया कि चुनाव को लेकर तमंचे तैयार किए जा रहे थे। चुनाव के दौरान तमंचों की डिमांड ज्यादा होती है। जिन्हें सोशाल मीडिया के माध्यम से बेचा जा रहा था। पुलिस ने चार तमंचे, दो कारतूस, पांच नाल, 11 अधबने तमंचे बरामद किए हैं।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	72,641.19	22,011.95
बढ़त	539.50	172.85
प्रतिशत में	0.75	0.79

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, शुक्रवार, 22 मार्च 2024

मैथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1910, राज श्री 1420, फॉर्चून कि. 1850, रविन्द्रा 1880, फॉर्चुन ली0 1700, जय जवान 1495, सचिन 1640, सूरज 1520, अवसर 1680, राग गोल्ड 1715, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1785, स्वास्तिक 1880, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, ग्लैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10700, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800-14300, अरहर कोरी छोटी 15000, **चीनी**-डालमियां 4040, पीलीभीत 4000, नवाबगंज (नई) 3980, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए फिक्की-आईबीए बैंकर की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

बैंकों के एनपीए में पिछले 6 माह में आई कमी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएसबी) की गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में पिछले छह माह में कमी आई है। फिक्की-आईबीए बैंकर के बृहस्पतिवार को जारी सर्वेक्षण में कहा गया है कि इस अवधि में निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घटा है। सर्वेक्षण में शामिल 77 प्रतिशत बैंकों के एनपीए में पिछले छह माह में गिरावट आई है। निजी क्षेत्र के बैंकों की तुलना में सरकारी बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में अधिक सुधार हुआ है।

उद्योग मंडल फिक्की-आईबीए बैंकर्स सर्वेक्षण का 18वां दौर जुलाई से दिसंबर, 2023 की अवधि में किया गया था। सर्वेक्षण में सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और विदेशी बैंकों सहित कुल 23 बैंकों ने भाग लिया। संपत्ति के आकार के आधार पर वर्गीकृत ये बैंक कुल मिलाकर लगभग 77 प्रतिशत बैंकिंग उद्योग का प्रतिनिधित्व करते हैं। फिक्की-आईबीए बैंकर्स रिपोर्ट में शामिल आधे से अधिक बैंकों का मानना है कि अगले छह महीनों में सकल एनपीए 3-3.5 प्रतिशत के दायरे में रहेगा।

सर्वेक्षण में कहा गया, प्रतिक्रिया देने वाले सभी पीएसबी ने एनपीए के स्तर में कमी स्वीकार की है, जबकि भाग लेने वाले निजी क्षेत्र के बैंकों में से 67 प्रतिशत बैंकों ने एनपीए में कमी देखी है। किसी भी पीएसबी और विदेशी बैंक ने पिछले छह माह में एनपीए स्तर में वृद्धि नहीं देखी है, जबकि 22 प्रतिशत निजी बैंकों का एनपीए बढ़ा है। जिन क्षेत्रों में एनपीए का उच्चस्तर जारी है, उनमें से अधिकांश बैंकों ने खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को चिह्नित किया है।

निजी क्षेत्र के 67 प्रतिशत बैंकों का खराब ऋण घट गया

बैंकों तक सबकी पहुंच आसान बनाने के लिए सरकार की ओर से दिशा-निर्देशों का मसौदा जारी

सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र तक पहुंच को सुगम करने से संबंधित दिशानिर्देशों के मसौदे पर लोगों से टिप्पणियां एवं सुझाव आमंत्रित किए हैं ताकि बैंकिंग सेवाओं को दिव्यांगों समेत सभी लोगों के लिए सुलभ बनाया जा सके। दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग के नियमों के मसौदे में बैंकिंग क्षेत्र के भीतर भौतिक बुनियादी ढांचे, स्वचालित मशीनों, डिजिटल मंच और प्रशिक्षण पहल के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है। इन दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि इसका उद्देश्य एक ऐसा वातावरण बनाना है जो बैंकों के भीतर विविध क्षमताओं वाले व्यक्तियों का स्वागत और समायोजन कर सके। इसके मुताबिक, बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी जानकारी या सेवा काउंटर सभी उपयोगकर्ताओं के लिए सुलभ हों। इसमें व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं, छोटे कद के व्यक्तियों और देखने-सुनने में अक्षम लोगों के लिए प्रावधान शामिल हैं। निर्देशों में एटीएम और स्वयं-सहायता मशीनों के लिए पहुंच प्रावधानों का विवरण दिया गया है।

देश के नियोक्ताओं को नहीं मिल रहे एआई दक्ष कामगार

नई दिल्ली। देश में हर दस में से नौ से ज्यादा नियोक्ता नियुक्तियों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के कौशल को प्राथमिकता दे रहे हैं लेकिन 79 प्रतिशत नियोक्ताओं को अपनी जरूरत के मुताबिक एआई कौशल वाले लोग नहीं मिल पा रहे हैं जबकि एआई कौशल से काम करने वाले लोगों का वेतन 54 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ सकता है और एआई अपनाने में होती वृद्धि के साथ करियर में तेजी आ सकती है। एमेज़ॉन डॉटकॉम कंपनी एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) ने आज अपनी नई शोध जारी की है, जिसमें सामने आया है कि जब एआई का पूरा उपयोग होने लगेगा, तब एआई कौशल और विशेषज्ञता वाले लोगों के वेतन में 54 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हो सकती है जबकि आईटी (65 प्रतिशत), शोध एवं विकास (62 प्रतिशत) में वेतन में सर्वाधिक वृद्धि होती है।

डिजिटलीकरण के जोखिमों के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- **आरबीआई डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन ने दी सलाह**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा है कि वित्तीय सेवाओं के तेजी से डिजिटल होने और वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार होने से ग्राहकों को दुरुपयोग और धोखाधड़ी से बचाने के लिए मजबूत नियामकीय ढांचे की जरूरत है।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में स्वामीनाथन ने पेरिस में आयोजित 'ग्लोबल मनी वीक 2024' को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी ने वित्तीय सेवाओं में डिजिटलीकरण की प्रक्रिया तेज कर दी है, जिससे सेवाप्रदाताओं और ग्राहकों द्वारा ऑनलाइन लेनदेन में तेजी से बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण में इस उछाल के साथ वित्तीय-प्रौद्योगिकी मंचों का प्रसार भी हुआ है। स्वामीनाथन ने कहा कि अक्सर नियामकीय दायरे के बाहर काम करते हुए और पारंपरिक बैंकों को प्रभावित करने वाली परंपरागत प्रणालियों से न बंधी हुई वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनियां वित्तीय उत्पादों की पेशकश में उल्लेखनीय तीव्रता और अनुकूलनशीलता दर्शाती प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने कहा-विकास वास्तव में स्वागत योग्य हैं।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	77,500
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	68,750
गिन्नी (प्रति नग)	51,200-51,400
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	66,050
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,900
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,850
सोना जेवरात गिन्नी	64,850
चांदी पक्की	740 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	66,300
चांदी आभूषण	75,000।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 103 मसूरी 94 बासमती 140, **दाल दलहन**-काला चना 104 साबुत चना दाल 94 मूंग साबुत 100-120 राजमा 151 दाल उड़द 118 साबुत मसूर दाल 73 मसूर दाल 114 उड़द साबुत 115 काबुली चना 87-140 अरहर दाल 158 लोबिया/करमानी 85 सोयाबीन 46-60 मूंगफली 77 मटर (सूखी) 50-61 मक्का 18 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

भारत का कोयला आयात अप्रैल-जनवरी अवधि में बढ़कर 21.22 करोड़ टन हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में देश में कोयला आयात सालाना आधार पर 1.65 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 21.22 करोड़ टन हो गया है।

अंतरव्यापारिक ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष (2022-23) की इसी अवधि में भारत का कोयला आयात 20.87 करोड़ टन था। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि के दौरान, गैर-कोकिंग कोयले के आयात की मात्रा 13.64 करोड़ टन थी, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के दौरान आयातित 13.69 करोड़ टन से थोड़ा कम है। अप्रैल-जनवरी 2023-24 के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 4.73 करोड़ टन था, जो बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में दर्ज 4.60 करोड़ टन से अधिक है। प्रमुख और गैर-प्रमुख बंदरगाहों के माध्यम से जनवरी में कोयला आयात बढ़कर 1.98 करोड़ टन हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष के समान महीने में 1.69 करोड़ टन से अधिक था। जनवरी, 2024 में कुल कोयला आयात में से गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.21 करोड़ टन रहा है।

सेंसेक्स 539 अंक चढ़कर 72,641 पर बंद

मुंबई, एजेंसी

- **निफ्टी में भी 172 अंक की बढ़त रही, एनटीपीसी टॉप गेनर रहा**

वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजारों के मानक सूचकांकों में बृहस्पतिवार को लगभग एक प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अनुमान जताया है कि इस साल ब्याज दर में तीन बार कटौती की जाएगी। इसके बाद वैश्विक बाजारों में तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 539.50 अंक यानी 0.75 प्रतिशत उछलकर 72,641.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 780.77 अंक तक उछलकर 72,882.46 अंक पर पहुंच गया था। यह लगातार दूसरा कारोबारी सत्र है जब सेंसेक्स लाभ में रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 172.85 अंक यानी 0.79 प्रतिशत चढ़कर 22,011.95 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो सबसे अधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, मारुति सुजूकी, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-घरेलू बाजारों को वैश्विक बाजारों के रुख से मजबूती मिली। फेडरल रिजर्व ने मुद्रास्फीति के दीर्घकालिक लक्ष्य से ऊपर रहने के बावजूद इस साल ब्याज दरों में तीन कटौती की राह पर चलने का संकेत दिया है।

एक नजर

एसएससी कांस्टेबल भर्ती की 30 को होगी दोबारा परीक्षा

नई दिल्ली। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, सचिवालय सुरक्षा बल में कांस्टेबल और असम राइफल्स में राइफलमैन की भर्ती के लिए 16,185 अभ्यर्थियों के वास्ते 30 मार्च को दोबारा परीक्षा आयोजित कराने का निर्णय लिया है। आयोग द्वारा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), सचिवालय सुरक्षा बल (एसएसएफ) में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) और असम राइफल्स में राइफलमैन (सामान्य ड्यूटी) के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा 20 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित की गई थी।

कैंसर, कफ सिरप समेत 23 दवाओं के नमूने फेल

शिमला। हिमाचल प्रदेश में बनीं दर्द निवारक कैंसर, एलर्जी, कफ सिरफ, बैक्टीरिया संक्रमण की 23 समेत देशभर की 58 दवाइयों के नमूने फेल हो गए। केंद्रीय औषधि नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने आज यह जानकारी दी। संगठन ने 676 दवाइयों के नमूने फरवरी में लिए थे। सीडीएससीओ से मिली जानकारी के अनुसार बद्दी की नेक्सकेम बॉयोटेक कंपनी की दर्द की दवा एसेपिक, पांवटा की लेबोरेट फार्मा की संक्रमण की दवा एमोक्सिलिन, परवाणू की हनुचौंम लैबोरेटरी की कैल्शियम और विटामिन डी-3, बेहोशी की दवा व इंजेक्शन आदि मानकों पर खरी नहीं उतरी।

राष्ट्रीय

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सचिव को नोटिस

सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने की टिप्पणी-दो सदस्यों पर हमला गंभीर

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गौतमबुद्ध नगर जिला अदालत में वरिष्ठ वकील गौरव भाटिया के साथ की गई कथित हाथापाई का बृहस्पतिवार को संज्ञान लिया और जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव को नोटिस जारी किया। वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। इसके बाद प्रधान न्यायाधीश ने घटना पर स्वतः संज्ञान याचिका दर्ज करने का निर्देश दिया। घटना बुधवार को जिला अदालत में हुई जहां वकील हड़ताल पर थे।

सिंह ने शीर्ष अदालत को बताया कि वकीलों ने कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया और भाटिया का 'कॉलर बैंड' छीन लिया। एक महिला वकील भी पीठ के समक्ष पेश हुईं और दावा किया कि एक मामले में पेश होने के दौरान एक अलग अदालत में उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया था। पीठ ने कहा-ऐसा कोई कारण नहीं है कि यह न्यायालय रिकॉर्ड पर रखी गई बात को स्वीकार न करे। आमतौर पर, हम याचिका पर जोर देते हैं। लेकिन उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के दो सदस्यों पर हमला गंभीर है। हम रजिस्ट्रार को स्वतः संज्ञान रिट याचिका दर्ज करने का निर्देश देते हैं। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

शीर्ष अदालत ने जिला न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि घटना का सीसीटीवी फुटेज अगले आदेश तक सुरक्षित रहे और घटना पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। पीठ ने कहा कि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों। शीर्ष अदालत ने कहा कि बार के सदस्यों की हड़ताल से उन वादियों पर असर पड़ता है जो न्याय प्रणाली में अहम हितधारक हैं। उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने भी भाटिया के साथ गौतमबुद्ध नगर जिला अदालत में एक वकील द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की निंदा की है।

एससीबीए ने न्यायालय को बताया कि उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन अदालत कक्ष के अंदर मौजूद एक वकील द्वारा किए गए इस गंभीर दुर्व्यवहार का संज्ञान लेता है और संबंधित वकील के ऐसे गैर-पेशेवर और गैर कानूनी कृत्य की कड़ी निंदा करता है जो संपूर्ण कानूनी बिरादरी को बदनाम करता है। एससीबीए ने कहा कि वह जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर की कार्यकारिणी समिति से उक्त वकील की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह करता है।

वरिष्ठ वकील के साथ हाथापाई का मामला

आधार कार्ड निष्क्रिय किए जाने के आरोप पर केंद्र से जवाब-तलब

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केंद्र को उस जनहित याचिका पर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें संबंधित अधिकारियों द्वारा लोगों के आधार कार्ड निष्क्रिय करने का आरोप लगाया गया है।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) अशोक चक्रवर्ती ने जनहित याचिका के सुनवाई योग्य होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि याचिका में इस तरह की कार्रवाई से प्रभावित किसी भी व्यक्ति के व्यक्तिगत मामले का हवाला नहीं दिया गया है। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने केंद्र को जनहित याचिका में लगाए गए आरोपों पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए तीन सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

पतंजलि आयुर्वेद ने अपने भ्रामक और झूठे विज्ञापन पर मांगी माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने बिना शर्त लगाई गुहार**

'भ्रामक' विज्ञापन जारी करने के मामले में अदालत की अवमानना नोटिस का सामना कर रहे पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने उच्चतम न्यायालय के समक्ष बिना शर्त माफी की गुहार लगाई है।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने एलोपैथी दवा को बदनाम करने के लिए बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ याचिका दायर की थी। इस मामले में शीर्ष अदालत ने उन्हें 19 मार्च को फटकार लगाई थी और दो अप्रैल को रामदेव और बालकृष्ण को अदालत के समक्ष पेश होने का आदेश दिया था। उससे पहले शीर्ष अदालत के समक्ष एक हलफनामा दायर कर बालकृष्ण ने कहा है कि वह कानून के शासन का सर्वोच्च सम्मान करते हैं और उसका पालन करने के लिए बाध्य है।

उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस विज्ञापन में केवल सामान्य बयान शामिल थे, उसमें अनजाने में आपत्तिजनक वाक्य भी शामिल हो गए। ऐसा इस वजह से हुआ कि कंपनी के मीडिया विभाग के कर्मियों को अदालत के आदेश के बारे में जानकारी नहीं थी।

यूनियन बैंक में धोखाधड़ी : सीबीआई ने स्वास्तिक कंपनी के परिसरों की ली तलाशी

नई दिल्ली। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में 48.06 करोड़ रुपये से अधिक की कथित धोखाधड़ी के मामले में सीबीआई ने जयपुर में स्वास्तिक कॉपर्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों के परिसरों में पांच स्थानों पर तलाशी ली है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बिजली वितरण ट्रांसफार्मर के निर्माण और मरम्मत के कारोबार में लगी कंपनी और उसके निदेशकों और गारंटरों पर कथित तौर पर बैंक को धोखा देने का मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने कहा कि सीबीआई ने प्राथमिकी में कंपनी के निदेशकों/गारंटर संदीप जैन और इंद्र जैन, पूर्व निदेशक/गारंटर नीलम जैन, गारंटर शरद कुमार बाकलीवाल और अन्य अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों को नामित किया है।

गैस रिसाव से आग लगी, तीन बच्चों सहित पांच की मौत

जयपुर, एजेंसी

- **राजस्थान में हुई घटना में एक परिवार के लोग जल गए**

जयपुर में बृहस्पतिवार को सुबह रसोई गैस सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण लगी आग में एक ही परिवार के पांच लोगों की जलकर मौत हो गई। मरने वालों में युवा दंपत्ति व उसके तीन बच्चे शामिल हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार घटना बृहस्पतिवार सुबह उस समय हुई जब राजेश यादव (25) सिलेंडर बदल रहा था। थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि सिलेंडर से गैस लीक हो रही थी और अचानक आग भभक उठी। उन्होंने बताया कि किराए के कमरे में राजेश यादव, उनकी पत्नी रूबी (24), उनकी बेटियां ईशु (7) व खुशमनी (4) और बेटा दिलखुश (2) मौजूद थे और उनमें से कोई भी बाहर नहीं निकल सका। आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया और सभी लोग जिंदा जल गए। थानाधिकारी ने बताया कि इस मकान में 17-18 कमरे हैं। इनमें से एक कमरे में राजेश का परिवार पिछले चार महीने से रह रहा था। यह परिवार मूल रूप से मोतिहारी, बिहार का रहने वाला था। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि राजेश एक फैक्ट्री में काम करता था। उसने सुबह अपना सिलेंडर भरवाया था और उसे बदल रहा था तभी अचानक यह हादसा हुआ।

उत्तर-पूर्व दिल्ली में इमारत ढह जाने से दो लोगों की गई जान, एक अन्य घायल

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्व दिल्ली के वेलकम इलाके में एक इमारत ढह जाने से एक जींस कारखाने के दो कर्मचारियों की मौत हो गई, और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जींस कारखाने के तीनों कर्मचारी दो मंजिला इमारत के भूतल पर काम कर रहे थे। पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्व) जॉय टिर्की ने बताया-देर रात 2.16 बजे दो मंजिला इमारत के गिर जाने की सूचना मिली। यह एक पुरानी इमारत थी।'' उन्होंने कहा कि इस भवन की पहली मंजिल खाली थी और भूतल पर जींस का कपड़ा काटने का काम हो रहा था। एक अन्य अधिकारी ने कहा-मलबे में दबे तीन कर्मचारियों को बाहर निकाला गया और जीटीबी अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया।

आनंद ने खरगे को लिखा-जाति जनगणना सही नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शर्मा ने पार्टी के रुख किया विरोध**
- **कहा-देश में इससे बेरोजगारी और असमानता खत्म नहीं होगी**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने जाति जनगणना पर पार्टी के आधिकारिक रुख का विरोध करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि समावेशी दृष्टिकोण रखने वाली इस पार्टी का अपने पुराने रुख से विचलित होना इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी की विरासत का अपमान है। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे गए पत्र में यह भी कहा कि जाति जनगणना देश में व्याप्त असमानताओं और बेरोजगारी की समस्या के समाधान के लिए रामबाण नहीं हो सकती।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य शर्मा ने जाति जनगणना के मुद्दे पर पार्टी से अलग रुख ऐसे समय अपनाया है जब लोकसभा चुनाव की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है और पार्टी ने इस चुनाव में जो पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' की बात की है उनमें से एक जाति जनगणना भी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पिछले कई महीनों से जाति जनगणना और सामाजिक न्याय को विषय को जोर-शोर से उठा रहे हैं। शर्मा ने खरगे को लिखे लिखे पत्र में कहा-राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना चुनावी विमर्श में एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनकर उभरा है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन ने इसका समर्थन किया है। गठबंधन में वे दल भी शामिल हैं जिन्होंने लंबे समय से जाति आधारित राजनीति की है। हालांकि, सामाजिक न्याय पर कांग्रेस की नीति भारतीय समाज की जटिलताओं की परिपक्व समझ पर आधारित है।

तमिलनाडु में ईडी ने विजयभास्कर के आवास पर मारा छापा

पुडुकोट्टई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने गुरुवार को अलग-अलग धन शोधन मामलों में तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले के इलुप्पुर में वरिष्ठ अन्नाद्रमुक नेता एवं पूर्व मंत्री सी. विजयभास्कर के आवास तथा चेन्नई स्थित एक रियल एस्टेट समूह के परिसर की तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी अधिकारियों ने दो अलग-अलग मामलों के सिलसिले में लगभग 25 स्थानों की तलाशी ली। अन्नाद्रमुक शासन के दौरान 2011 से 2021 तक स्वास्थ्य विभाग संभालने वाले विजयभास्कर अधिक संपत्ति के मामले का सामना कर रहे थे।

कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने ली थी 50 लाख की रिश्वत

नई दिल्ली, एजेंसी

- **चीनी नागरिकों के वीजा मामले में ईडी ने दाखिल किए आरोप पत्र**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने एक कंपनी के चीनी कर्मचारियों को पुनः वीजा दिलाने के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी के लिए करीबी सहयोगी के माध्यम से 50 लाख रुपये की रिश्वत ली। यह कंपनी पंजाब में बिजली संयंत्र स्थापित कर रही थी।

ईडी ने दावा किया कि रिश्वत की यह रकम लेनदेन के जरिये एक कंपनी में निवेश की गयी, जहां कार्ति चिदंबरम निदेशक थे और उनका नियंत्रण था। कार्ति चिदंबरम (52) तमिलनाडु की शिवगंगा सीट से लोकसभा सदस्य हैं। एजेंसी इस मामले में कई बार उनका बयान दर्ज कर चुकी है। कार्ति ने कहा कि उनके वकील सुनवाई के दौरान अदालत में इन आरोपों का जवाब देंगे। संघीय एजेंसी ने कार्ति चिदंबरम, उनके द्वारा प्रवर्तित कंपनी एडवांटेज स्ट्रैटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, उनके कथित करीबी सहयोगी और अकाउंटेंट एस भास्कररमन, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड और अन्य के खिलाफ दाखिल एक आरोपपत्र में ये आरोप लगाए है।

चीनी कर्मचारी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड में तैनात थे। दिल्ली में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विशेष अदालत ने 19 मार्च को अभियोजन की शिकायत का संज्ञान लिया। अदालत ने कार्ति चिदंबरम सहित आरोपपत्र में नामजद सभी आरोपियों को 15 अप्रैल को पेश होने का निर्देश दिया है। अन्य आरोपियों में पद्म दुगर, विकास मखरिया, मंसूर सिद्दीकी और दुगर हाउसिंग लिमिटेड शामिल हैं। ईडी ने कहा कि जांच में पता चला कि कार्ति चिदंबरम ने पंजाब के मनसा में बिजली परियोजना स्थापित कर रही तलवंडी साबो पावर लिमिटेड नामक कंपनी द्वारा चीनी वीजा के पुनः उपयोग की मंजूरी प्राप्त करने के लिए अपने करीबी सहयोगी एस भास्कररमन के माध्यम से 50 लाख रुपये की अवैध रिश्वत ली थी। ईडी ने एक बयान में आरोप लगाया है कि कंपनी के अधिकारियों ने गृह मंत्रालय से वीजा के पुनः उपयोग की मंजूरी लेने के लिए कार्ति चिदंबरम से संपर्क किया, जहां उनके पिता गृह मंत्री (कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम) थे।

क्रिकेट के जलसे में दिखेगा भारत के सितारों का जलवा

चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी

पांच खिताब जीतने वाली मुंबई इंडियंस पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत सकी है

महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा पांच बार आईपीएल खिताब जीतने वाले कप्तान

दो बार की विजेता केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर

नयी दिल्ली, एजेंसी। महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास को लेकर कभी खत्म नहीं होने वाली अटकलें, 16 साल से खिताब नहीं जीत पाने की विराट कोहली की कसक, जिंदगी से दूसरा मौका पाकर मैदान पर उतर रहे ऋषभ पंत और कप्तानी छिनने का रोहित शर्मा का दर्द। ये सारी कहानियां शुक्रवार से शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर को और रोचक बनाने के लिये काफी होंगी। दर्शकों के चहेते रोहित अपने बल्ले से सारे मलाल निकालने को आतुर होंगे। 'किंग कोहली' की नजरें खिताब पर होंगी, जिसके लिये वह 16 साल से इंतजार कर रहे हैं। एक ही टीम के लिये शुरू से खेल रहे आईपीएल के इकलौते खिलाड़ी कोहली का जुनून उनकी टीम के लिये टॉनिक का काम करेगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला टीम ने हाल ही में महिला प्रीमियर लीग खिताब जीता है। कम से कम 10 से 12 खिलाड़ी चयनकर्ताओं के सामने अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे ताकि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप का टिकट कटा सकें। पूरी दुनिया को क्रिकेट के रंग में रंगने वाले इस सालाना जलसे में कुछ खिलाड़ी वापसी करेंगे तो कुछ नये सितारे उभरेंगे, कुछ फर्श से अर्श तक की कहानियां निकलेंगे तो कई सितारे जमींदोज भी हो सकते हैं। एक ओवर में इस खेल में तकदीरें बदल जाया करती हैं। हर मैच के बाद खिलाड़ियों को सोशल मीडिया की बेरहमी भी झेलनी होगी। पैट कमिंस (सनराइजर्स हैदराबाद) और मिचेल स्टार्क (कोलकाता नाइट राइडर्स) जैसे महंगे बिके खिलाड़ियों पर अपेक्षाओं पर खरे उतरने का भारी दबाव होगा। एक बार फिर चेन्नई सुपर किंग्स छठे खिताब के प्रबल दावेदारों में होगी। उनके चहेते 'थाला' को विषम परिस्थितियों से निकलकर जीत हासिल करने का शऊर बखूबी आता है। रचिन रविंद्र को अपने हुनर को निखारने का मौका मिलेगा। तेज गेंदबाजी का दारोमदार दीपक चाहर पर होगा। टीम में रूतुराज, मोईन अली और रविंद्र जडेजा जैसे धुरंधर भी हैं। वहीं 2020 तक पांच खिताब और पिछले तीन साल से ट्रॉफी नहीं जीत पाने ने मुंबई इंडियंस को कप्तान बदलने के लिये मजबूर किया। हार्दिक पंड्या के सामने सिर्फ खिताब जीतने ही नहीं बल्कि ड्रेसिंग रूम में सभी के दिल जीतने की भी जिम्मेदारी होगी। अगर वह ऐसा कर पाते हैं तो आधी जंग जीत जायेंगे क्योंकि मुंबई के पास इतनी बेहतरीन बल्लेबाजी है कि गेंदबाजी की कमियां भारी नहीं पड़ेगी। आरसीबी के लिये सबसे बड़ी प्रेरणा महिला टीम की खिताबी जीत है। कोहली रन भले ही कम बनायें लेकिन खिताब हर हालत में जीतना चाहते हैं। धोनी और रोहित पांच बार खिताब जीत चुके हैं। केकेआर भी दो बार चैम्पियन रह चुकी है। कोहली अकेले खिताब नहीं जीत सकते। इसके लिये दिनेश कार्तिक, फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल को भी अच्छा खेलना होगा। केकेआर खेमे में गौतम गंभीर की वापसी हुई है जिनका जीत का जुनून जगजाहिर है। उनके और कोहली के बीच हुई लड़ाई कौन भूल सकता है। केकेआर के जाने पहचाने डगआउट में उनकी मौजूदगी कमाल कर सकती है। केकेआर के पास श्रेयस अय्यर, नीतिश राणा, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे धुरंधर है। लखनऊ सुपर जाइंट्स के पास गंभीर के जाने के बाद जस्टिन लैंगर के रूप में नया कोच है और टीम प्लेआफ से आगे जाना चाहेगी। दिल्ली कैपिटल्स के लिये पंत की वापसी ट्रंपकार्ड साबित हो सकती है। गुजरात टाइटंस के पास इस बार हार्दिक पंड्या और मोहम्मद शमी नहीं है। राजस्थान रॉयल्स के पास यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज है। वहीं पैट कमिंस की सनराइजर्स हैदराबाद और शिखर धवन की पंजाब किंग्स भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी।



खेल डायरी

अशोक, परमजीत पेरिस पैरालम्पिक के लिए क्वालीफाई

नयी दिल्ली। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अशोक और परमजीत कुमार ने मिस्र में चल रहे पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में रजत पदक जीतकर पेरिस पैरालम्पिक के लिये क्वालीफाई कर लिया। मनप्रीत कौर ने 41 किलो वर्ग में 86 किलो वजन ठाकर कांस्य पदक जीता। अशोक ने 192 और 196 किलो वजन उठाकर रजत पदक जीता। वहीं 49 किलो वर्ग में परमजीत ने 160 और 166 किलो वजन उठाया और मामूली अंतर से स्वर्ण से चूक गए।

एडम जम्पा ने आईपीएल 2024 से नाम लिया वापस

नयी दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स टीम के ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा ने निजी कारणों का हवाला देते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के इस सत्र से अपना नाम वापस ले लिया है। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर जम्पा के मैनेजर ने गुरुवार को इस बात की पुष्टि करते कहा कि वह आईपीएल 2024 में हिस्सा नहीं लेंगे। जम्पा को नीलामी से पहले राजस्थान रॉयल्स ने अपनी टीम में रिटेन किया था। पिछले वर्ष खेले एकदिवसीय विश्वकप के बाद से जम्पा का कार्यक्रम व्यस्त रहा।

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सईद अहमद का निधन

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान और अपने समय के धुरंधर बल्लेबाज सईद अहमद का यहां 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। अहमद ने 41 टेस्ट खेलकर पांच शतक और 16 अर्धशतक समेत 2991 रन बनाये थे। उन्होंने आफ स्पिन गेंदबाजी से 22 विकेट भी लिये थे। उन्होंने 1958 में ब्रिजटाउन में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट के जरिये पदार्पण किया था।

गायकवाड़ को सौंपी सीएसके की कमान

चेन्नई, एजेंसी

चेन्नई सुपर किंग्स के प्रशंसकों के 'थाला' महेंद्र सिंह ने इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच की पूर्व संध्या पर टीम की कप्तानी रूतुराज गायकवाड़ को सौंप दी जिससे बतौर खिलाड़ी भी इस सत्र में उनके खेलने को लेकर अटकलें लगनी शुरू हो गई है। आईपीएल ने एक्स पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। चेन्नई सुपर किंग्स को शुक्रवार को पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से खेलना है। आईपीएल ने ट्रॉफी के साथ सभी कप्तानों की तस्वीर जारी करते हुए लिखा, ''पेश है चेन्नई सुपर किंग्स के नये कप्तान रूतुराज गायकवाड़।'' सीएसके ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में कहा, ''एम एस धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी टाटा आईपीएल 2024 की शुरूआत से पहले रूतुराज गायकवाड़ को दी। रूतुराज 2019 से चेन्नई टीम का अहम हिस्सा है और आईपीएल में 52 मैच खेल चुका है।'' ऐसी अटकलें हैं कि धोनी इस सत्र के बाद संभवतः खेल से विदा लेंगे लिहाजा उनकी मौजूदगी में टीम इस बदलाव की जरूरत महसूस कर रही होगी।

मिथुन, निखिल और कृष्ण मोहन चयनकर्ता बनने की दौड़ में

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व स्पिनर निखिल चोपड़ा, दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज मिथुन मन्हास और मौजूदा जूनियर चयनकर्ता कृष्ण मोहन सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल हैं। बीसीसीआई ने जनवरी में पांच सदस्यीय चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन मंगवाए थे। वर्तमान समय में पश्चिम क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सलिल अंकोला और चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर कर रहे हैं। उत्तर क्षेत्र के प्रतिनिधि के लिए संभवतः अंकोला को अपना पद छोड़ना होगा। चेतन शर्मा के त्यागपत्र के बाद चयन समिति में उत्तर क्षेत्र का कोई प्रतिनिधि नहीं है।

ओलंपिक में शरत होंगे भारत के ध्वजवाहक

नयी दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन शरत कमल इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के ध्वजवाहक होंगे, जबकि दिग्गज मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम को गुरुवार को देश के दल का प्रमुख (शेफ डी मिशन) नियुक्त किया गया। भारतीय ओलंपिक संघ ने यह घोषणा करते हुए बयान में कहा कि यह 41 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी 'ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करते समय हमारे दल की एकता और भावना का प्रतीक है।' छह बार की विश्व चैंपियन और 2012 लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम के साथ शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले शिवा केशवन को भारतीय दल का उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। आईओए ने कहा, ''मैरीकॉम का खेलों के प्रति समर्पण और प्रेरणादायी यात्रा ओलंपिक में हमारे खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने के लिए स्वाभाविक पसंद बनाती है। केशवन के पास अपार अनुभव तथा टीम प्रबंधन के साथ काम करने का ज्ञान है।'' ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग भारतीय टीम का संचालन करेंगे।

अंश 'फ्यूचर कैटिगरी' का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय

मुंबई। ग्यारह वर्षीय अंश नेरुरकर प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के 'फ्यूचर कैटिगरी' का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। इस युवा खिलाड़ी ने इसके साथ ही ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा के साथ मिलकर सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार भी हासिल किया। नेरुरकर ने नौ दौर की प्रतियोगिता में आठ अंक बनाए। उन्होंने इस दौरान सात बाजियां जीती जबकि दो बाजियां ड्रॉ खेली। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें 132 रेटिंग अंक मिले जिससे उनके कुल अंक की संख्या 1786 हो गई है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार नेरुरकर ने इसके साथ ही कैंडिडेट मास्टर प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई किया।

बॉलीवुड हलचल

हॉरर कॉमेडी होगी श्रेयस और तुषार की फिल्म 'कपकपी'

मुंबई, एजेंसी। रोहित शेट्टी की 'गोलमाल' सीरीज की धमाकेदार जोड़ी श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर एक बार फिर साथ नजर आने वाले हैं। उनकी अपकमिंग हॉरर कॉमेडी फिल्म 'कपकपी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है। 'क्या कूल हैं हम' और 'अपना सपना मनी मनी' जैसी कॉमेडी फिल्मों के फेमस डायरेक्टर संगीत सिवन इस फिल्म में हंसी के साथ-साथ कुछ डर और रोमांच भी दिखाने वाले हैं। 'कपकपी' जयेश पटेल द्वारा ब्रावो एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस होगी। फिल्म की कहानी सौरभ आनंद और कुमार प्रियदर्शी ने लिखी है। फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें, फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट अब तक नहीं हुई है। श्रेयस तलपड़े ने 'कपकपी' को लेकर कहा- 'कपकपी' मेरी बाकी फिल्मों से काफी अलग है। उन्होंने बताया कि आजकल, कई थ्रिलर, डार्क या देशभक्ति वाली फिल्मों का चलन बढ़ गया है तो हम दर्शकों के लिए एक वास्तविक हॉरर कॉमेडी फिल्म लाए हैं। जो दर्शकों को हंसाकर लोट-पोट कर देगी। तुषार कपूर और श्रेयस तलपड़े के अलावा फिल्म में सोनिया राठी, सिद्धी इदनानी, जय ठक्कर, वरुण पांडे, धीरेंद्र तिवारी, दिनेश शर्मा और अभिषेक कुमार सहित कई मंझे हुए एक्टर्स नजर आएंगे।

एक्ट्रेस सपना चौहान परेशान होकर बोलीं- 'आहि रे दिदिया'

मुंबई, एजेंसी। देशभर में होली का खुमार सर चढ़कर बोलता है। लोग इस त्योहार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस कड़ी में भोजपुरी स्टार्स भी पीछे नहीं हैं। वो एक महीने पहले से ही रंगों से सराबोर माहौल बनाए हुए हैं। एक के बाद एक गाने धमाकेदार गाने रिलीज कर रहे हैं। इसी बीच अब भोजपुरी के यंग स्टार अंकुश राजा का नया गाना रिलीज होते ही छा गया है। ये एक होली स्पेशल गीत है। इसका टाइटल 'आहि रे दिदिया' है। अंकुश के इस वीडियो को डेढ़ मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। गाना इंटरनेट पर धमाल मचा रहा है। इसमें अंकुश के साथ एक्ट्रेस सपना चौहान हैं। उन्होंने साली का रोल प्ले किया है। ऐसे में होली के मौके पर अंकुश साली को पाकर खुशी झूम उठे हैं और वो होली मनाने के लिए उतावले हुए जा रहे हैं। इसमें दोनों एक्टर्स के बीच कमाल की केमिस्ट्री और डांस मूव्स देखने के लिए मिल रहे हैं। लहंगे में एक्ट्रेस की खूबसूरती देखते ही बन रही है।

चोली के पीछे... गाने में बेबो का डांस देख भड़के लोग

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का गाना 'चोली के पीछे क्या है' रिलीज हो गया है। सुपरहिट फिल्म खलनायक में माधुरी दीक्षित पर गाना 'चोली के पीछे क्या है...' फिल्माया गया था अब इसे फिर से रीक्रिएट किया गया है जो कुछ लोगों को बिल्कुल पसंद नहीं आया है। माधुरी के फैन इस गाने को लेकर काफी नाराज नजर आ रहे हैं। फिल्म 'क्रू' में यह गाना करीना कपूर पर फिल्माया गया है। इस गाने के म्यूजिक को अक्षय और आईपी ने रीक्रिएट किया है। गायक दिलजीत दोसांझ, आईपी सिंह, अल्का याग्निक और ईला अरुण हैं। लिरिक्स भी आईपी सिंह ने लिखे हैं। इस गाने में करीना ने धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित को टक्कर देने की कोशिश तो की पर वह कामयाब नहीं हो पाई। इस गाने में करीना कपूर खान पिंक रेशमी साड़ी में अपना बोल्ड लुक दिखाती नजर आ रही हैं। वहीं रियल गाने की बात करें तो इसमें डांस क्वीन माधुरी दीक्षित का जबरदस्त डांस देखने को मिला था। यह गाना आज भी लोगों की यादों में सिर्फ इसलिए बसा है, क्योंकि इसे शानदार तरीके से कंपोज किया गया। 'चोली के पीछे' गाने को प्रसिद्ध गीतकार आनंद बख्शी ने लिखा था जबकि अनुभवी संगीत निर्देशकों की जोड़ी लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने इसका संगीत दिया था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

भारत-अमेरिका संबंध पहले से कहीं अधिक मजबूत

वाशिंगटन, एजेंसी

- पेंटागन के शीर्ष अधिकारी ने कहा हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए मजबूत संबंध होना बहुत जरूरी

अमेरिका के शीर्ष रक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका और भारत के बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं। आज के समय में यह संबंध पहले से अधिक मजबूत हैं। साथ ही अधिकारियों ने सांसदों से कहा कि रूस के साथ संबंध होने के कारण भारत के पास कई विकल्प हैं।

सहायक रक्षा मंत्री एली एस रैटनर ने हिंद-प्रशांत पर सदन की उपसमिति के सदस्यों से बुधवार को कहा कि अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा, 'मैं कहना चाहूंगा कि अमेरिका और भारत के बीच संबंध दिन-ब-दिन बढ़ रहे हैं और यह पहले से कहीं अधिक मजबूत होते जा रहे हैं। एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हमारे दृष्टिकोण के लिए यह बहुत जरूरी है।' बता दें, रैटनर रैंकिंग सदस्य एडम स्मिथ के एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा, हम कई क्षेत्रों में संबंध को मजबूत कर रहे हैं। हमने जेट इंजन को लेकर कुछ प्रगति की है। इसके अलावा हमारे रक्षा औद्योगिक आधार को एकीकृत करने के लिए बख्तरबंद वाहनों पर कुछ नई परियोजनाएं हैं, जो उन संबंधों को मजबूत बनाने का एक महत्वपूर्ण तरीका है।

स्मिथ ने कहा, 'मैं उन्हें महत्वपूर्ण समझता हूं, लेकिन मैं निश्चित रूप से भागीदार नहीं बनूंगा क्योंकि उनका संबंध रूस के साथ है और इससे उनके पास विकल्प ज्यादा हैं। उनके दुनिया भर में हमारे कई विरोधियों के साथ संबंध हैं।

भारत के साथ 20 अरब डॉलर का है रक्षा सहयोग

एली एस रैटनर ने कहा, हमारा रक्षा व्यापार अब 20 अरब डॉलर का है और भारत ने हाल ही में 30 एमक्यू9बी और बीएस खरीदने का एलान किया है। यह दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा संबंधों को दिखाता है।

पन्नू मामला: भारत के साथ मिलकर काम कर रहा अमेरिका

वाशिंगटन। खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश के मामले पर अमेरिका ने एक बार फिर प्रतिक्रिया दी है। बाइडन प्रशासन ने कहा कि गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश के पीछे के लोगों को जिम्मेदार ठहराने के लिए अमेरिका, भारत के साथ काम कर रहा है। पिछले साल नवंबर महीने में भारतीय नागरिक, निखिल गुप्ता पर संघीय अभियोजकों द्वारा पन्नून की हत्या की नाकाम साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया गया था, जिसके पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि गुप्ता एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ काम कर रहा था और न्यूयॉर्क शहर में रहने वाले पन्नू को मारने के लिए एक हत्यारे को 1,00,000 अमेरिकी डॉलर देने पर सहमत हुआ था। आरोपों की जांच के लिए भारत पहले ही एक जांच समिति गठित कर चुका है। बुधवार को कांग्रेस की सुनवाई के दौरान दक्षिण और मध्य एशिया के सहायक सचिव डोनाल्ड लू ने हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के सदस्यों से कहा, "दोनों देशों के बीच यह एक गंभीर मुद्दा है। न्याय विभाग ने आरोप लगाया है कि भारत सरकार में काम करने वाले किसी व्यक्ति के आदेश पर एक भारतीय नागरिक ने अमेरिकी धरती पर एक अमेरिकी नागरिक को मारने का प्रयास किया है।

लाइफ इंश्योरेंस सरेंडर अमूमन घाटे का सौदा

जीवन बीमा पॉलिसी पसंद नहीं आने पर आप इसे सरेंडर कर सकते हैं। इसके बाद प्रीमियम के रूप में चुकाई गई राशि वापस मिल सकती है। लेकिन ये आखिरी विकल्प होना चाहिए। इसका असर परिवार के बाकी सदस्यों पर पड़ सकता है। जानें कैसे...

क्या लगते हैं कागजात

एक पॉलिसी सरेंडर रिक्वेस्ट भरना होगा और बीमा कंपनी को जमा करना होगा। आवेदन के साथ मूल पॉलिसी दस्तावेज, एक रद चेक और केवाईसी दस्तावेजों की एक सेल्फ अटेस्टेड कॉपी जोड़ना होगा। फॉर्म में सरेंडर का कारण भी बताना पड़ सकता है। एक बार सरेंडर आवेदन जमा करने के बाद इसे 7-10 कार्य दिवसों के भीतर प्रोसेस में लाया जाता है।

देखें कि कितना प्रीमियम वापस मिलेगा

किसी पॉलिसी को सरेंडर करने पर आम तौर पर पेनल्टी लगती है और संचित मूल्य (एक्यूमुलेटेड वैल्यू) का नुकसान हो सकता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई पारंपरिक पॉलिसी पहले साल सरेंडर की जाती है तो पॉलिसीधारक को कुछ नहीं मिलेगा। यदि पॉलिसी दूसरे साल सरेंडर की जाती है, तो सिर्फ 30% प्रीमियम वापस मिलेगा। चौथे से सातवें साल पॉलिसी सरेंडर करने पर 50% प्रीमियम वापस मिल सकता है। यदि पॉलिसी 9 साल बाद सरेंडर की जाती है तो सालाना प्रीमियम का 90% वापस मिल जाएगा। पॉलिसी सरेंडर करने का मतलब डेथ बेनिफिट को खत्म करना है।

इन चार पहलुओं पर जरूर करें विचार

1. अपनी माली हालत आंके। वैकल्पिक समाधान तलाशें। पैसे की जरूरत हो तो आप पॉलिसी लोन या आंशिक निकासी जैसे विकल्प भी अपना सकते हैं। 22. पॉलिसी सरेंडर करने से आपके वित्तीय लक्ष्यों-पर लंबी अवधि में होने वाले असर का आकलन करें। देखें कि सरेंडर वैल्यू बीमा कवरेज के नुकसान और भविष्य की जरूरतों की पर्याप्त पूर्ति करती है या नहीं। 3. पॉलिसी सरेंडर करने से जुड़े टैक्स संबंधी प्रभाव जांच लें। बीमा के प्रकार और अवधि के आधार पर पॉलिसी सरेंडर करने से टैक्सेबल इनकम हो सकती है। 4. जीवन बीमाधारक की मृत्यु पर बीमा पॉलिसी द्वारा प्रदान किया गया डेथ बेनिफिट खोई आमदनी के नुकसान की भरपाई कर सकता है। मॉर्गेज पेमेंट को कवर कर सकता है, बच्चों की शिक्षा, अन्य जरूरी खर्चों की पूर्ति कर सकता है।

एक नजर

भारतीय दूतावास ने लापता भारतीय छात्र की शुरू की तलाश

न्यूयॉर्क। अमेरिका में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने इस महीने की शुरुआत में लापता हुए 25 भारतीय छात्र की तलाश करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ तलाश शुरू की है। बता दें, मामले का खुलासा तब हुआ जब हैदराबाद में बैठे छात्र के परिजनों से फिरौती की मांग की गई, और बताया कि मोहम्मद अब्दुल अराफात का अपहरण हो गया है। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह परिवार और अमेरिका में अधिकारियों के संपर्क में हैं। हम उसे जल्द से जल्द ढूंढने के लिए स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ काम कर रहे हैं।

अग्निकुल का ऑर्बिटल रॉकेट 'अग्निबाण' आज होगा लॉन्च

श्रीहरिकोटा। देश का निजी स्पेस स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस का 580 किलो का रॉकेट अग्निबाण आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से शुक्रवार को लॉन्च किया जाएगा। अपनी पहली उड़ान में यह बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले पृथ्वी से 20 किमी ऊपर जाएगा। ये 7 किग्रा पेलोड ले जा सकता है।

खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमला, दो की मौत, 22 घायल

पेशावर। पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर क्षेत्र में गुरुवार को सुरक्षा बलों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ। विस्फोटक लदे वाहन ने सुरक्षा बलों के काफिले में शामिल गाड़ियों को टक्कर मार दी। हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य 22 घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले की है। पुलिस ने कहा- जान गंवाने वाले दो व्यक्तियों को सुरक्षा बल का जवान माना जा रहा है। हालांकि, अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बल और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

सेना में भर्ती से छूट खत्म किए जाने के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग

यरूशलम। इजराइल में रूढ़िवादी यहूदी बच्चों ने

सरकार के उस प्रस्ताव के विरोध में सूली लेकर प्रदर्शन किया, जिसमें कट्टर यहूदियों को सेना में अनिवार्य सेवा से छूट है। सरकार इस छूट को खत्म करने जा रही है। इसके विरोध में देशभर में प्रदर्शन चल रहे हैं।

अमेरिका ने चीन को लगाई लताड़ अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा

कहा- सीमा पर किसी भी तरह के बदलाव का सख्ती से विरोध करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

हाल के दिनों में चीन की तरफ से जिस तरह से अरूणाचल प्रदेश को लेकर बयानबाजी बढ़ी है, उसको देखते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय का

तेवर भी तल्ख हुआ है। अरूणाचल प्रदेश को लेकर चीन के पहले विदेश मंत्रालय ने और उसके बाद वहां के रक्षा मंत्रालय की तरफ से नागवार गुजरने वाली टिप्पणियां की हैं।

इस बीच अमेरिका ने अरुणाचल प्रदेश सीमा मामले में भारत का साथ देते हुए चीन को कड़ी चेतावनी दी है। दरअसल, अमेरिका ने कहा कि हम अरुणाचल को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देते हैं और वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार के हिस्सा पर चीन के दावे को गलत ठहराते हैं। बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चीन के किसी भी एकतरफा प्रयास का वो दृढ़ता से विरोध करते हैं। चीन ने हाल ही में अरुणाचल को अपना हिस्सा बताया था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के बाद राज्य पर दावा किया था। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और हम सैन्य या नागरिक द्वारा घुसपैठ या अतिक्रमण का पूरा विरोध करते हैं। बता दें कि 9 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13 हजार फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था। ये सुरंग रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करेगी।

अरुणाचल क्षेत्र को दक्षिण तिब्बत का हिस्सा बताता है चीन

इस सप्ताह की शुरुआत में, चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग जियाओगांग ने कहा था कि अरुणाचल चीन का हिस्सा है और बीजिंग अरुणाचल प्रदेश को कभी स्वीकार नहीं करता। इसी बयान पर अब अमेरिका ने चीन को लताड़ लगाई है। चीन, अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत के रूप में दावा करता है और इसी दावों के तहत नियमित रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है। बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम जंगनान भी रखा है।

भारत ने हमेशा चीन के दावे को किया है खारिज

चीन के बयान पर भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा था- पीएम मोदी समय-समय पर राज्यों का दौरा करते रहते हैं। ऐसे दौरों या विकास योजनाओं का विरोध नहीं किया जा सकता। अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का हिस्सा था, है और रहेगा। हम चीन के सामने यह बात पहले भी कई बार रख चुके हैं।

चीन ने कहा था- रिश्तों पर सीमा विवाद का असर नहीं

14 मार्च को वांग वेनबिन ने कहा था- भारत-चीन सीम विवाद दोनों देशों के बायलैटरल रिलेशन्स का प्रतिनिधित्व नहीं करता। हमें एक-दूसरे पर भरोसा करने की जरूरत है। इससे हमारे बीच गलतफहमी दूर होगी और हमारे रिश्ते मजबूत होंगे।

ताइवान में चीनी लड़ाकू विमानों ने की घुसपैठ

ताइपे। चीन और ताइवान के बीच लगातार तनातनी चल रही है। बुधवार और गुरुवार को चीन की सेना ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की कोशिश की। हालांकि ताइवान की सेना ने भी इसका जवाब दिया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 32 चीनी लड़ाकू विमान 20 से 21 मार्च को ताइवान की सीमा के करीब देखे गए। साथ ही चीन की नौसेना के पांच युद्धक जहाज भी ताइवान की सीमा के नजदीक देखे गए। रक्षा मंत्रालय का दावा है कि चीनी 32 विमानों में से 20 युद्धक विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य को लांघा और दक्षिण-पश्चिमी, दक्षिणपूर्वी और पूर्वी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) में घुस गए।

पाकिस्तान ने 1.1 अरब डालर की मदद को लेकर आईएमएफ से किया समझौता

इस्लामाबाद। आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए राहत भरी खबर है। तीन अरब डालर के बेलआउट पैकेज को लेकर अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की टीम और पाकिस्तानी अधिकारियों के बीच एक कर्मचारी स्तर समझौता हुआ है, इससे 1.1 अरब डालर की अंतिम किस्त जारी करने का रास्ता साफ हो गया है। अब इस पर आइएमएफ के कार्यकारी बोर्ड की मंजूरी मिलनी है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की टीम नाथन पार्टर के नेतृत्व में 14 से 19 मार्च तक इस्लामाबाद में रही। टीम ने इस दौरान आईएमएफ समर्थित पाकिस्तान के आर्थिक कार्यक्रम की दूसरी और अंतिम समीक्षा की। आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड ने पिछले साल पाकिस्तान के लिए तीन अरब डालर की स्टैंड-बाय व्यवस्था को मंजूरी दी थी। आइएमएफ ने कहा कि समझौता हाल के महीनों में पाकिस्तान के स्टेट बैंक और कार्यवाहक सरकार द्वारा मजबूत कार्यक्रम कार्यान्वयन को मान्यता देता है।

रूस ने कीव पर दागीं 31 मिसाइलें, 13 घायल

कीव, एजेंसी

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध लगातार जारी है। दोनों देश इस जंग की आग में सालों से जल रहे हैं। महीनों से दोनों देश एक दूसरे से नरमी से पेश आ रहे थे और युद्धविराम चल रहा था लेकिन एक बार फिर रूस ने हमला कर यह बता दिया है कि यह युद्ध अभी थमा नहीं है।

रूस ने एक बार फिर यूक्रेन की राजधानी पर गुरुवार को क्रूज और 31 बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। यह हमला पिछले 44 दिनों में पहली बार रूस द्वारा शुरू किया गया। रूस के इस हमले के कारण कीव निवासियों की सुबह की शुरुआत जोरदार विस्फोटों की आवाज से हुई।

यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने कहा कि एक बच्चे सहित 13 लोग घायल हो गए और दर्जनों लोगों को उनके घरों से निकाला गया। कीव सिटी प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा, शहर के ऊपर लगभग 31 क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया गया।

चिता की राख से होली....

वाराणसी : काशी में गले में नरमुंड की माला पहनकर तांडव करता दिखा तो कोई दांतों तले हड्डी दबाकर नाचता रहा। गुरुवार को मर्णिकर्णिका घाट पर भस्म की होली में खूब नाचे भूत-पिशाच। मसाने की होली खेलने के लिए महाश्मशान पर जन सैलाब उमड़ पड़ा। बता दें, पूरे देश में रंगों और गुलालों से होली खेली जाती है, लेकिन शिव की नगरी काशी में चिता की राख के साथ भी होली खेली जाती है। काशीवासियों के साथ-साथ विदेशी पर्यटक भी जमकर झूमे।

ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग पर हमले के आरोपी खालिस्तान समर्थक को जेल

लंदन, एजेंसी। पश्चिमी लंदन में पिछले साल भारत के स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय उच्चायोग में आयोजित समारोह में हमले में लिप्त खालिस्तानी समर्थक को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

बता दें, भारतीय मूल के दो पुरुषों और एक महिला पुलिस अधिकारी पर हमला करने के मामले में दोषी ठहराये खालिस्तानी को 28 महीने कैद की सजा सुनाई गई है। गुरप्रीत सिंह (26) को आशीष शर्मा और नानक सिंह और पुलिस कांस्टेबल जस्टिन निकोल फैरेल पर हमले के आरोप में जनवरी में दोषी ठहराया गया था। गुरप्रीत सिंह को बुधवार को आइलवर्थ क्राउन अदालत में पेश किया गया। बता दें, यह घटना पिछले साल 15 अगस्त की रात को साउथहॉल में भारत के स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान हुई थी। अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि गुरप्रीत सिंह को 12 जनवरी को मामले में दोषी ठहराया गया था और अब उसे 28 महीने की कैद की सजा सुनाई गई है।

बॉडी मसाज उपकरण को एडल्ट नहीं मान सकते: बम्बई हाईकोर्ट

मुंबई, एजेंसी

- कोर्ट ने खेप को जब्त करने के आदेश को किया निरस्त, कहा- आयात पर बैन नहीं

बम्बई हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति किशोर संत की खंडपीठ ने कहा कि बॉडी मसाजकर को एडल्ट / वयस्क लोगों के इस्तेमाल वाली वस्तु- सेक्स टॉय के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि बॉडी मसाजर को आयात के लिए प्रतिबंधित वस्तुओं की सूची में भी शामिल नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने बुधवार को पारित आदेश में सीमा शुल्क विभाग की तरफ से जब्त बॉडी मसाजर की खेप को छोड़ने का निर्देश देते हुए, खेप को जब्त करने के आदेश को निरस्त कर दिया। अदालत ने साफ किया कि एक बॉडी मसाजर को वयस्क सेक्स टॉय के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, इसे केवल सीमा शुल्क आयुक्त की कल्पना माना जाएगा। बता दें, सीमा शुल्क आयुक्त ने मुंबई में बॉडी मसाजर की खेप जब्त की थी। उन्होंने दावा करते हुए सामान जब्त किया था कि बॉडी मसाजर्स का इस्तेमाल वयस्क सेक्स खिलौनों के रूप में किया जा सकता है। आयुक्त ने कहा था सरकार ने ऐसी वस्तुओं को आयात के लिए प्रतिबंधित किया है। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने सीमा शुल्क आयुक्त की तरफ से दायर याचिका खारिज कर दी। अर्जी में मई, 2023 में केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण के आदेश को चुनौती दी गई थी। अपीलीय न्यायाधिकरण ने अपने आदेश से सीमा शुल्क विभाग के बॉडी मसाजर्स वाली खेप को जब्त करने के आदेश को रद कर दिया था। आयुक्त ने अप्रैल, 2022 में बॉडी मसाजर्स वाली खेप को यह कहते हुए मंजूरी देने से इनकार कर दिया था कि ये उपकरण वयस्क सेक्स खिलौने थे।

विज्ञान छिपे राज उजागर कर सकता है यह पिंड, क्षुद्रग्रहों पर वैज्ञानिकों की निरंतर जारी है खोज

अंतरिक्ष में मिला हिममानव जैसा धूमकेतु

नैनीताल, कार्यालय

अमृत विचार : अंतरिक्ष में एक ऐसे धूमकेतु की खोज हुई है, जो मानव की आकृति लिए प्राचीन बर्फ खुद में समेटे हुए है। वैज्ञानिक इसे हिममानव कह रहे हैं, जो अंतरिक्ष में गड़े राज उजागर कर सकता है। धूमकेतुओं का जल से गहरा रिश्ता है।

दरअसल पृथ्वी पर जल कहां से आया, इस पहेली का समाधान धूमकेतुओं और क्षुद्रग्रहों पर ठहरता है। मगर पुख्ता सबूत अभी तक सामने नही आ सकें हैं। जिस कारण धूमकेतु और क्षुद्रग्रहों पर वैज्ञानिकों की रिसर्च निरंतर जारी हैं। अब हालही में एक ऐसे धूमकेतु की खोज हुई है, जिसमें प्राचीन बर्फ का बड़ा भंडार है। यह ठोस बर्फ उस समय की है, जब हमारा सौर मंडल जन्म ले रहा था। इस खोज से हमारी पृथ्वी पर जल का स्रोत उजागर हो सकता है। इस धूमकेतु को अरोकोथ (स्पेस स्नोमैन) नाम दिया गया है। इसका आकार इंसान की तरह होने के कारण इसे हिममानव कहा जा रहा है। इस खोज से धूमकेतुओं के व्यवहार को भी गहराई से समझा जा सकता है।

अंतरिक्ष में ऐसी घटनाएं भी देखी गई है, जब धूमकेतु बड़े विस्फोट के साथ विध्वंश हो जाते हैं। सूर्य के करीब से गुजरने पर यह घटना होती है। धूमकेतु में ठोस बर्फ जमा होने के कारण विस्फोट होने की संभावना अधिक बढ़ जाती है। यह खोज न्यू होराइजन्स अंतरिक्ष यान ने की है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार अंतरिक्ष हिममानव कुइपर बेल्ट का सदस्य है। यह बेल्ट हमारे सौर मंडल के बाहरी क्षेत्रों में नेपच्यून की कक्षा से बाहर है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि अंतरिक्ष में ऐसी घटनाएं भी देखी जा चुकी है, असामान्य हों।

हिममानव के समान धूमकेतु की तस्वीर।

धूमकेतुओं में छिपे हैं अनेक रहस्य

धूमकेतु सौर मंडल के वह छोटे सदस्य हैं, जिनकी उत्पत्ति 4.5 अरब साल पहले ग्रहों के निर्माण के दौरान हुई। यह सौर मंडल के निर्माण के अवशेष हैं। बड़ी बात यह है कि यह सौर मंडल की उत्पत्ति समेत उन रहस्यों को उजागर कर सकते हैं, जो आज भी हमारी समझ से परे हैं। जिस कारण यह शोध का केंद्र रहे हैं। इन धूमकेतुओं पर शोध भी आसान हो है।

अफगानिस्तान में बम विस्फोट, 3 की मौत 12 लोग घायल

कंधार। अफगानिस्तान के शहर कंधार में गुरुवार को एक आत्मघाती बम विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। एक प्रांतीय अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। कंधार शहर देश पर शासन करने वाले तालिबान अधिकारियों का गढ़ माना जाता है।

विस्फोट की जिम्मेदारी का तत्काल कोई दावा नहीं किया गया है। वहीं, 11 मार्च को मुस्लिमों के पवित्र महीने रमजान की शुरुआत के बाद से देश भर में कई विस्फोटों की सूचना मिली है, तालिबान अधिकारियों ने कुछ की पुष्टि की है। कंधार प्रांत के सूचना एवं संस्कृति निदेशक इनामुल्लाह समांगानी ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शहर में एक आत्मघाती हमला हुआ जिसमें तीन हमवतन मारे गए और 12 अन्य घायल हो गए।

मंदिरों पर टैक्स संबंधी बिल राज्यपाल ने लौटाया

बेंगलुरु, एजेंसी

- कर्नाटक सरकार से मांगा स्पष्टीकरण, सुप्रीम कोर्ट में लंबित है मामला

राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कर्नाटक सरकार के मंदिरों पर टैक्स लगाने वाले बिल को सरकार को वापस लौटा दिया है। राज्यपाल ने विधेयक में और ज्यादा स्पष्टीकरण के साथ फिर से देने का निर्देश दिया है। इस विधेयक में मंदिरों की कमाई पर टैक्स लगाने का प्रावधान है। भाजपा द्वारा इस विधेयक का विरोध किया जा रहा है।

राजभवन की तरफ से कहा गया है कि साल 2011 और 2012 में जो कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती विधेयक पेश किया गया था, उस पर हाईकोर्ट की धारवाड़ पीठ ने रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। राजभवन की तरफ से कहा गया है कि उसके बाद से मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। ऐसे में इस पर स्पष्टता जरूरी है कि

क्या मामले के लंबित रहने के दौरान उसमें संशोधन किया जा सकता है या नहीं, खासकर जब पूरे विधेयक पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी।

कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने राज्य के मंदिरों पर टैक्स लगाने के लिए कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक 2024 पेश किया था। इस विधेयक के तहत राज्य के जिन मंदिरों की सालाना कमाई 10 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये के बीच में है, उनसे सरकार पांच प्रतिशत टैक्स वसूलेगी। वहीं जिन मंदिरों की सालाना कमाई एक करोड़ रुपये से अधिक है, उन पर सरकार 10 प्रतिशत टैक्स लगाने की तैयारी कर रही है। यह विधेयक विधानसभा के दोनों सदनों से पारित हो चुका है, लेकिन अब राज्यपाल ने इस पर और स्पष्टीकरण देने की मांग करते हुए विधेयक को लौटा दिया है।

कर्नाटक में 34 हजार से ज्यादा मंदिर सरकार के अधीन हैं। सरकार ज्यादा आमदनी वाले मंदिरों से पैसा लेकर आर्थिक रूप से कमजोर मंदिरों और उनके पुजारियों की भलाई में खर्च करती है। सरकार का तर्क है कि वह मंदिरों से होने वाली कमाई को बढ़ाना चाहती है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर मंदिरों और उनके पुजारियों की पर्याप्त मदद हो सके। वहीं भाजपा का विरोध है कि सरकार सिर्फ हिंदू मंदिरों पर ही टैक्स क्यों लगा रही है, साथ ही भाजपा और संतों की मांग है कि सरकार पुजारियों को बजट से पैसा क्यों नहीं दे सकती।